
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 320 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 19 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

नयी दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों साथ बैठक करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी


महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाला विधेयक लोकसभा में पारित न हो पाने के बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को किया संबोधित

# नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग : मोदी

## विपक्ष को जरूर मिलेगी उसके पाप की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि आज मैं अपनी बहनों और बेटियों से बात करने के लिए आया हूं। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि नारी के दुख में मैं भी दुखी हूं। वो ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वो उनकी मंशा भाप रही हैं और सच्चाई भी भलीभांति जान चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में कहा कि महिलाओं को अधिकार देने वाला यह संशोधन, जो 40 वर्षों से लंबित था, उन्हें 2029 के लोकसभा चुनावों से ही यह अधिकार प्रदान करने के बारे में था। पीएम ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन 21वीं सदी के भारत की महिलाओं को नए अवसर प्रदान करने, उन्हें नई उड़ान देने और उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए किया गया एक भव्य यज्ञ था। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। वे इस तरह विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। क्योंकि बांटो और राज करो, कांग्रेस यह राजनीति अंग्रेजों से विरासत में सीख कर आई है और उसी के सहारे आज भी चल रही है। कांग्रेस ने हमेशा देश में दरार पैदा करने वाली भावनाओं को हवा दी है। इसलिए यह झूठ फैलाया गया कि परिसीमन से कुछ राज्यों को नुकसान होगा जबकि सरकार ने पहले दिन से स्पष्ट किया है कि न किसी राज्य की भागीदारी का अनुपात बदलेगा न किसी का प्रतिनिधित्व कम होगा बल्कि सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ेंगी। फिर भी कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा जैसे दल इसे मानने के लिए तैयार नहीं हुए। यह संशोधन विधेयक सभी दलों के लिए एक मौका था। अगर यह पारित होता तो तमिलनाडु, बंगाल, यूपी सभी राज्यों की सीटें बढ़तीं लेकिन अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए इन राज्यों ने अपने लोगों को भी धोखा दे दिया। डीएमके के पास मौका था



कि वह और ज्यादा तमिल लोगों को सांसद बना सकती थी और तमिल लोगों की आवाज मजबूत कर सकती थी। टीएमसी के पास भी बंगाल के लोगों को आगे बढ़ाने का मौका था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। सपा के पास भी मौका था कि वह महिला विरोधी होने के दाग को धो सके लेकिन उसने भी मौका गंवा दिया। सपा पहले ही लोहिया जी को भूल चुकी है लेकिन अब नारी शक्ति विधेयक का विरोध कर के उसने लोहिया जी के सपनों को पैरों तले रौंद दिया है। यह यूपी और देश की महिलाएं कभी नहीं भूलेंगी। आज महिलाएं जिस तरह आगे बढ़कर लोकसभा-विधानसभाओं में आना चाहती हैं। परिवारवादियों के अंदर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद कहीं महिलाओं के पास ज्यादा सीटें होंगी, उनका कद बढ़ेगा, इसलिए इन दलों ने नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध किया है। नारी शक्ति कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को इसके लिए कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है। और इसके पीछे की वजह भी जान चुका है। नारी शक्ति वंदन विधेयक के विरोध की एक बड़ी वजह है इन परिवारवादी पार्टियों का डर। इन्हें डर है है कि अगर महिलाएं सशक्त हो गईं तो इनका नेतृत्व खतरे में पड़ जाएगा। यह कभी नहीं चाहेंगे कि इनके परिवार के बाहर की महिलाएं आगे बढ़ें। मुझे व्यक्तिगत तौर पर आशा थी कि कांग्रेस अपनी दशकों पुरानी गलती सुधारेगी। कांग्रेस अपने पापों का प्रायश्चित करेगी लेकिन कांग्रेस ने इतिहास रचने का, महिलाओं के पक्ष में खड़े होने का अवसर खो दिया। कांग्रेस खुद देश के अधिकांश विषयों में अपना वजूद खो चुकी है। कांग्रेस परजीवी की तरह क्षेत्रीय दलों की पीठ पर सवार होकर खुद को जिंदा रखे हुए है लेकिन कांग्रेस यह भी नहीं चाहती कि क्षेत्रीय दलों की ताकत बढ़े। इसलिए कांग्रेस ने इस (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में नई पार्टी बनाएंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री राज कुमार सिंह उर्फ आरके सिंह बिहार में नई पार्टी बनाएंगे। ब्यूरो क्रेट से राजनेता और अब वकील बने आरके सिंह ने हाल ही में कहा कि वह नया राजनीतिक दल शुरू करने की योजना बना रहे हैं। अपनी नई पार्टी में वह ईमानदार, पढ़े-लिखे और गैर-जातिवादी लोगों को जोड़ेंगे। आरके सिंह ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ने के पांच महीने बाद यह घोषणा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है।

### इओयू करेगी एईडीओ परीक्षा प्रश्न लीक कांड की जांच

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बीपीएससी की ओर से आयोजित एईडीओ (सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी) प्रतियोगिता परीक्षा में कदाचार व प्रश्न पत्र लीक से जुड़े मुंगेर व नालंदा के दो कांडों की जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) करेगी। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। दोनों कांडों के अनुसंधान को लेकर ईओयू के एसपी (प्रशासन) राजेश कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय एसआईटी गठित की गयी है। एसआईटी में एक डीएसपी और पांच इंस्पेक्टर शामिल किए गये हैं।

### स्कूलों में 4063 प्रधान शिक्षकों की होगी तैनाती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बीपीएससी से अनुशंसित 4063 प्रधान शिक्षकों की 23 से 30 अप्रैल तक प्राथमिक विद्यालयों में तैनाती होगी। 21 और 22 अप्रैल को औपबंधिक नियुक्ति पत्र, विद्यालय पदस्थापन पत्र और प्रारूप योगदान पत्र इन्हें संबंधित जिला शिक्षा कार्यालय में मिलेगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने आदेश में कहा है कि संबंधित डीइओ कार्यालय द्वारा इन अभ्यर्थियों का औपबंधिक नियुक्ति पत्र आदि सॉफ्टवेयर से 20 अप्रैल तक प्रिंटिंग करना सुनिश्चित करें।

## 24 अप्रैल को विधानसभा में विश्वास मत पेश करेंगे सीएम सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार ने शपथ लिया है। अब विधानसभा में भी नए नेता का चयन होगा। इसके लिए 18 वीं बिहार विधानसभा का द्वितीय सत्र 24 अप्रैल को बुलाया गया है। सम्राट चौधरी अपनी सरकार का विश्वासमत का प्रस्ताव भी सदन पटल पर रखेंगे। बिहार विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष को छोड़ दें तब भी 200 विधायकों का समर्थन सम्राट चौधरी को प्राप्त है। नीतीश कुमार के नेता नहीं रहने पर अब जदयू भी अपना नया नेता चुनेगा। विशेष सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय की तरफ से अधिसूचना जारी हो गई है। विधानसभा सचिवालय ने अपनी अधिसूचना में समय और तारीख को लेकर जानकारी देते हुए बताया है कि 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू

### विशेष सत्र की अधिसूचना जारी



होगी। विशेष सत्र के दौरान सदन के नेता का चयन होता है। इसके साथ ही अन्य जरूरी कामकाज को भी निपटाएगी। नीतीश कुमार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बने थे और सदन के नेता भी थे, लेकिन मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया और उसके बाद सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने हैं। अब सम्राट चौधरी को सदन में भी नेता चुना जाएगा और इसलिए विशेष सत्र बुलाया गया है। सम्राट चौधरी नेता चुने जाने के बाद सदन के अंदर अपना संबोधन भी देंगे और सरकार आगे क्या करेगी उसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। 17 अप्रैल को पत्रकारों से बातचीत के दौरान भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा था कि अगले सप्ताह विधानसभा सत्र बुला रहे हैं और सरकार के रोड मैप के बारे में हम पूरी जानकारी देंगे। आज विधानसभा सचिवालय की ओर से विशेष सत्र की अधिसूचना भी जारी हो गई है। 24 अप्रैल को 11 बजे से सदन की कार्यवाही शुरु होगी। विशेष सत्र में सदन के नेता के चुयन के साथ अन्य महत्वपूर्ण कार्य सरकार निपटायेगी। विशेष सत्र को लेकर विधानसभा में पूरी तैयारी हो गई है।

## बिजली तार की चपेट में आने से दंपति की मौत

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर पंचायत के चिकनी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। खेत में पानी पटाने गए एक दंपति की बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे में रंजन ठाकुर और उनकी पत्नी रंजना देवी की जान चली गई। पत्नी को बचाने गया पति भी बना शिकारः मिली जानकारी के अनुसार, रंजन ठाकुर अपनी पत्नी रंजना देवी के साथ खेत में सिंचाई का काम कर रहे थे। अचानक खेत के पास से गुजर रहे बिजली के तार में रंजना देवी फंस गईं और उन्हें करंट लग गया। पत्नी को बचाने के लिए रंजन ठाकुर तुरंत उनके पास पहुंचे लेकिन इस प्रयास में वे खुद भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें मनिहारी अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## केंद्र सरकार ने दो फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। निर्णय के अनुसार यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। इस फैसले का सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिलेगा। सरकार की इस घोषणा से लगभग 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ 69 लाख पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को फायदा होगा। इससे उनकी मासिक आय में बढ़ोतरी होगी और महंगाई के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। डीए बढ़ने से कर्मचारियों की मासिक सैलरी और



पेंशन में सीधा इजाफा होगा। यह बढ़ोतरी 7वें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी कर्मचारियों और पेंशनरों पर लागू होगी। पिछली बार केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उस समय (अक्टूबर में) डीए को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी हुआ था।

## निशांत कुमार को बिहार के डिप्टी सीएम जैसी सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को विशिष्ट लोगों को मिलने वाली सुरक्षा दी गई है। उन्हें बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्रियों विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव के स्तर की जेड श्रेणी सुरक्षा दी गई है। नीतीश के करीबी और उनके गृह जिला निवासी विधायक व पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को वाई प्लस (वाई+) श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा एक स्तर नीचे की गई है। उन्हें पहले जेड+ श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, अब उन्हें भी जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। दोनों उप मुख्यमंत्रियों को शुक्रवार को ही जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का पत्र गृह विभाग से जारी किया गया था। 18 अप्रैल को गृह विभाग की ओर से जारी पत्र में विजय सिन्हा, निशांत कुमार और श्रवण कुमार के सुरक्षा घेरे में बदलाव किया गया। बताया जा रहा है कि विजय सिन्हा 2025 में बनी नई एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। इब चीजों को देखते हुए उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। अब नई सरकार में वह उपमुख्यमंत्री नहीं है। और, आगे उनके उपमुख्यमंत्री बनने की संभावना भी नहीं है। इसलिए उनके सुरक्षा घेरा को घटा दिया गया। वहीं निशांत कुमार आने वाले दिनों में बिहार भ्रमण पर निकलने वाले हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता को देखते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

मुख्यमंत्री ने की सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सिविल विमानन विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा

## राज्य के बाहर मजबूत ढंग से हो बिहार की ब्रांडिंग : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सिविल विमानन विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने विभाग की प्राथमिकताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं सकारात्मक बदलाव के संबंध में प्रचार के विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को बेहतर ढंग से जागरुक किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, वेब मीडिया, वेब पोर्टल, इन्फ्लूयेंशर, डिजिटल



मीडिया आदि का प्रचार के लिए उपयोग किया जा रहा है। ब्रांड बिहार एवं अन्य योजनाओं के साथ-साथ कला-संस्कृति, पुरातात्विक स्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण धरोहरों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी विभागों के जन-संपर्क कार्य को सुदृढ़ किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग विभिन्न प्रचार माध्यमों में किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर सांस्कृतिक धरोहरों की पहचान करें और इसके संबंध में पर्यटकों तक सहज और सरल ढंग से जानकारी पहुंचाने की व्यवस्था सुदृढ़ करें। बिहार में बहुत कार्य किए गए हैं और राष्ट्रीय स्तर पर उसकी ब्रांडिंग अच्छे ढंग से होनी चाहिए। बिहार में किए गए बेहतर कार्यो को लोग जानें और समझें। राज्य के बाहर बिहार का मजबूत ढंग से ब्रांडिंग हो। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग रियल टाइम मॉनीटरिंग के लिए अच्छे ढंग से करें। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का हम अपने विभागों एवं सरकार के कार्यों में उसका कैसे बेहतर उपयोग कर सकते हैं इसको लेकर कार्य करें। नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायती राज विभाग विशेष रूप से इस पर कार्य शुरू करें। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को चिह्नित कर विज्ञापन आदि के लिए उपयोग करें ताकि रेवेन्यू जेनरेट हो सके। सरकार के संसाधनों का सही उपयोग हो, यह हम सभी के लिए जरूरी है। समीक्षा के दौरान सिविल विमानन विभाग के सचिव निलेश रामचंद्र देवरे ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार सरकार के सिविल विमानन विभाग द्वारा राज्य में हवाई अवसंरचना के समग्र विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता को सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। राज्य में हवाई अड्डों के विकास, उड्डयन प्रशिक्षण (शेष पृष्ठ 11 पर)

## बीआरबीसीएल के नवीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का किया जायेगा विस्तार : दीपक रंजन देहुरी

800 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता की एक और इकाई की स्थापना संभावित | पिछले वर्ष बीआरबीसीएल को 400 करोड़ से अधिक का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी लिमिटेड और भारतीय रेल के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) की औरंगाबाद जिले के नबीनगर में स्थापित सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जायेगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने आज परियोजना परिसर स्थित आनंदा सभागार में प्रेस वार्ता में बताया कि नबीनगर परियोजना के तहत 800 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता वाले एक और इकाई की स्थापना को लेकर प्रारंभिक रिपोर्ट सकारात्मक है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में 800 मेगावाट की एक और इकाई की स्थापना के लिए फिलहाल व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस रिपोर्ट के आने के साथ ही इस परियोजना के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। श्री देहुरी ने बताया कि परियोजना के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी और इसके लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के विस्तार के साथ ही वर्तमान उत्पादन क्षमता 1000 मेगावाट से बढ़कर 1800 मेगावाट



हो जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान बीआरबीसीएल को 400 करोड़ रुपए से अधिक का मुनाफा हुआ है और एनटीपीसी एवं भारतीय रेल को 250 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बीआरबीसीएल की ओर से बिहार के विकास में योगदान दिया जा रहा है और इस परियोजना से फिलहाल 100 मेगावाट बिजली बिहार को मिल रही है जबकि 900 मेगावाट बिजली रेलवे को मिलती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि कंपनी के सामाजिक निगमित दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित गांवों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, बालिका सशक्तिकरण आदि बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराने के लिए कई कार्य कराए गए हैं जिससे क्षेत्र में विकास की नई तस्वीर बनी है। प्रेस वार्ता में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बीआरबीसीएल की स्थापना, कार्यप्रणाली एवं देश की ऊर्ज़ा आवश्यकताओं में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी लिमिटेड एवं भारतीय रेल के संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित बीआरबीसीएल आज ऊर्ज़ा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में कार्य कर रही है, जहां 250 मेगावाट क्षमता की चारों इकाइयां सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों को साझा करते हुए श्री देहुरी ने बताया कि बीआरबीसीएल ने कुल 6089.99 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया। इस अवधि में स्टेशन डीसी 87.95 प्रतिशत एवं प्लांट लोड फैक्टर 69.52 प्रतिशत रहा। साथ ही कुल राख उपयोग 132.38 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री देहुरी ने यह भी जानकारी दी कि बीआरबीसीएल को विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिनमें सब-क्रिटिकल श्रेणी में चैंपियंस ट्रॉफी, पावर जेन मीट अवार्ड्स में वाटर मैनेजमेंट अवार्ड तथा ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट लीडरशिप अवार्ड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनसंपर्क एवं कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व के क्षेत्र

## कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर निगरानी की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। राज्य की विशेष निगरानी इकाई ने नगर विकास विभाग में तैनात कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी कार्यपालक अभियंता पर लगभग 1.10 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने का गंभीर आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि विशेष न्यायाधीश, निगरानी के आदेश पर शनिवार को पटना में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। टीम ने सुमित चंद्रम गृह अपार्टमेंट के फ्लैट बी-202, दानापुर स्थित लैंडमार्क गोल्ड अपार्टमेंट और पंत भवन के छठे मंजिल स्थित कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया गया। एसवीयू निगरानी टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में



हड़कंप मच गया है। अधिकारियों के अनुसार संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है, ताकि आय और संपत्ति के बीच के अंतर का स्पष्ट आकलन किया जा सके। एसवीयू के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी कार्यपालक अभियंता के खिलाफ भ्रष्टाचार कर संपत्ति कमाने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच की गई तो मामला सही पाया गया। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार के आवास तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

# हमारी धरोहरें इतिहास, परंपरा, संस्कृति और पहचान की जीवंत प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार ने राज्यवासियों को अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों के महत्व को समझने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारी धरोहरें केवल पत्थरों से बने स्मारक या प्राचीन इमारतें भर नहीं हैं, बल्कि ये हमारे इतिहास, परंपरा, संस्कृति और पहचान का जीवंत प्रतीक हैं। डॉ0 प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि जब हम महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय और अजंता गुफाएं जैसे स्थलों को देखते हैं तो हमें अपने गौरवशाली अतीत की झलक मिलती है। ये स्थल न केवल भारत की समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं, बल्कि विश्व स्तर पर भी हमारी पहचान को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विकास की तेज दौड़ के बीच हम कई बार अपनी धरोहरों की अनदेखी कर देते हैं जो चिंता का विषय है। बढ़ता प्रदूषण, अवैध निर्माण और लापरवाही इन अमूल्य धरोहरों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। यदि समय रहते इनका संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां इस विरासत से वंचित रह जाएंगी। इस संदर्भ में डॉ0 प्रेम कुमार ने यूनेस्को की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्था विश्वभर की धरोहरों को संरक्षित करने का कार्य करती है और उन्हें 'विश्व धरोहर स्थल' का दर्जा प्रदान करती है जिससे उनके संरक्षण को वैश्विक पहचान और समर्थन मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी धरोहरों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनें। ऐतिहासिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही धरोहरों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों से बचें और स्थानीय स्तर पर संरक्षण अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। डॉ. प्रेम कुमार ने जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जागरूकता रैली निकाली जाए, पोस्टर, नारे और भाषणों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जाए तथा सोशल मीडिया के जरिए धरोहर संरक्षण का संदेश व्यापक रूप से फैलाया जाए। इसके अलावा 'एक दिन-एक धरोहर' जैसे अभियान चलाकर हर व्यक्ति को इस मुहिम से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने अंत में आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर संकल्प लें कि वे अपनी धरोहरों की रक्षा करेंगे और उन्हें सुरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों को सौंपेंगे, ताकि हमारी सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत सदैव जीवित बनी रहे।

## बीपीएससी ने फेक पोस्ट को बताया निराधार, पेपर लीक की खबर का किया खंडन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक पोस्ट को पूरी तरह निराधार, भ्रामक और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया बताया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि इस तरह की गलत सूचनाओं का उद्देश्य अभ्यर्थियों को दिग्भ्रमित करना और आयोग की प्रतिष्ठा को धूमिल करना है। आयोग के अनुसार बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से संबंधित एजेंसी का चयन विधिवत निविदा प्रक्रिया के तहत न्यूनतम दर पर अगस्त 2025 में ही कर लिया गया था। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी का पत्र 25 अक्टूबर 2025 का है जिसका निविदा प्रक्रिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मुंगेर में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा को लेकर फैल रही पेपर लीक की खबरों को भी आयोग ने सिरे से खारिज किया है। बीपीएससी ने बताया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पुलिस ने 20 अभ्यर्थियों समेत कुल 22 लोगों को गड़बड़ी की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। इसके चलते 14 अप्रैल 2026 को आयोजित परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई तथा किसी प्रकार की अनियमितता या प्रश्न-पत्र लीक की घटना नहीं हुई।

# कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मगध विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों के सम्मान में कुलपति निवास पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मगध विश्वविद्यालय ने समग्र चैंपियन का खिताब अपने नाम कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वी.के. मंगलम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभागी चांदनी कुमारी ने बिहार दिवस 2026 में विश्वविद्यालय को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि चांदनी की गायकी में सरस्वती का वास है, जो उसकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान चांदनी कुमारी के माता-पिता को भी विशेष रूप से कुलपति कक्ष में सम्मानित किया गया जहां उन्हें प्रशस्ति चिन्ह और 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस पहल को प्रतिभा के सम्मान और परिवार के योगदान की सराहना के रूप में देखा गया। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य संजीव श्याम सिंह, मिर्जा गालिब कॉलेज के सचिव मोहम्मद सबी समसी, कुलानुशासक प्रो. केडीपी वर्मा, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी के निदेशक प्रो. संजय कुमार तिवारी, मानविकी संकाय अध्यक्ष प्रो. निभा सिंह, समाज विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार, विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास सहित विश्वविद्यालय के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का समापन कुलपति और कुलसचिव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वविद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में पास नहीं होने से महिलाओं में आक्रोश

## विपक्षी दलों को 'नारी शक्ति' का विरोध झेलना पड़ेगा : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के पास नहीं होने के बाद आज बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि विपक्ष महिला विरोधी है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित न होने पर खुशी मना रही है। बैठक में आक्रोशित महिलाओं ने जल्द ही इसके लिए विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन करने की घोषणा की। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को इंडी गठबंधन द्वारा लोकसभा में पारित न होने देने के विरोध में आगामी 20 अप्रैल को पटना सहित पूरे प्रदेश में आक्रोश मार्च निकाले जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 'आक्रोश मार्च' की रूपरेखा तैयार की गई और आधी आबादी के अधिकारों की रक्षा के लिए इस आंदोलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में लोकसभा में विपक्ष द्वारा षड्यंत्रपूर्वक गिराए गए महत्वपूर्ण विधेयक पर गंभीर चर्चा हुई, जो न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है बल्कि हमारी नारी शक्ति के सम्मान को भी ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाली ताकतों को जनता के बीच बेनकाब करने के लिए भाजपा पूरी मजबूती के साथ सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि हम सड़क पर उतरकर इस षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद, सपा पार्टी के लोग नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में गिर जाने पर मिठाइयां बांट रहे हैं और जश्न मना रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इन लोगों की मंशा शुरू से सही नहीं थी। 30 वर्षों तक कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने दिया। पीएम मोदी ने तीन दिनों में पास किया। उन्होंने कहा कि यह भारत की नारी है जिस तरह से इनका अपमान किया गया है, उसे वे भूल नहीं सकतीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा विधेयक के गिर जाने के बाद पूरे देश की महिलाएं खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं जब यह विधेयक पारित नहीं हो सका तो महिलाएं हतप्रभ और निशब्द रह गईं। 'इंडी' गठबंधन सहित अन्य दलों के आचरण और कार्यशैली में महिला-विरोधी रवैया स्पष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का तहे दिल से स्वागत और सराहना करती है जिन्होंने इस महत्वपूर्ण विधेयक को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया। यदि यह विधेयक पारित हो जाता तो यह देश भर की लाखों महिलाओं के लिए गौरव और प्रगति का एक निर्णायक क्षण होता। बैठक में संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, पूर्व मंत्री रमा निषाद, सजल झा, प्रीति शेखर और अनामिका पासवान, सिद्धार्थ शम्भू सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने की मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जिसमें राज्य में उच्च शिक्षा के विकास, विश्वविद्यालय की प्रगति तथा शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को उनके पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व में बिहार शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय की वर्तमान उपलब्धियों, शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान गतिविधियों तथा छात्रों के समग्र विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कुलपति ने विशेष रूप से विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, नए पाठ्यक्रमों के संचालन, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उद्योग-शिक्षा समन्वय को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार से आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यदि सरकार का सक्रिय सहयोग प्राप्त होता है तो विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकता है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के समग्र विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करना तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्रतिबद्धताओं में शामिल है।

# सदाकत आश्रम में कांग्रेस का तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' शुरू

## बापू की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिविर में प्रशिक्षण ले रहे कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज ऐसे समय में यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है जब देश में महात्मा गांधी की विचारधारा को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बापू के सत्य, अहिंसा और सर्वोदय के सिद्धांतों को समाज के बीच फिर से मजबूत करने के उद्देश्य से इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह शिविर कार्यकर्ताओं को गांधीवादी विचारधारा के अनुरूप जीवन शैली और कार्यशैली सीखाने के लिए आयोजित किया गया है। इस शिविर के माध्यम से कार्यकर्ता गांधीगिरी की भावना को समझेंगे और समाज में उसे लागू करने की दिशा में कार्य करेंगे। राजेश राम ने कहा कि वर्तमान सरकार जिस प्रकार से महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, वह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। कांग्रेस पार्टी गांधी जी की विचारधारा की रक्षा और उसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के लिए लगभग 100 कार्यकर्ताओं को चिन्हित किया गया था जिनमें से चयन प्रक्रिया के बाद 40 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के लिए चुना गया है।

## पुल सं. 40 पर लगा परमानेंट स्पीड रिस्ट्रिक्शन हटाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड के सिरारी और शेखपुरा स्टेशनों के मध्य किमी 19/41-43 पर स्थित रेल पुल सं. 40 पर रेल संरक्षा के मद्देनजर 40किमी/घंटा की गति से ट्रेनों के परिचालन हेतु परमानेंट स्पीड रिस्ट्रिक्शन लगाया गया था। रेल संरक्षा से जुड़े कार्य के सफलतापूर्वक पूरा कर लिए जाने के बाद अब इस पुल पर ट्रेनों की गति नियंत्रण को हटाते हुए सेक्शनल स्पीड से ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इससे एक ओर जहां संरक्षा में वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर ट्रेनों की गति बढ़ने से समयपालन में सुधार आएगा।

# पूर्व रेलवे की अब तक की सबसे अधिक यात्री आय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे ने बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्रियों की आय और यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों की संख्या में उच्चतम स्तर दर्ज करते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

यह यात्री यातायात में मजबूत वृद्धि और कुशल राजस्व प्रबंधन को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री यातायात राजस्व में 8.56% की वृद्धि दर्ज की गई है जो पूर्व रेलवे की ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की बढ़ती रुचि का संकेत है जो परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में पूर्व रेलवे की ट्रेनों को प्राथमिकता देते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 4186.07 करोड़ रुपये दर्ज की गई जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.56% की वृद्धि दर्शाती है। वहीं 1323.31 मिलियन यात्रियों ने यात्रा की जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.56% अधिक है। पूर्व रेलवे कतारों को कम करने और पारदर्शिता में सुधार के लिए डिजिटल लेनदेन को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में आरक्षित श्रेणी में 83.27% टिकट डिजिटल माध्यम से बुक किए गए जबकि अनारक्षित श्रेणी में यह 27.45% रहा है। यह उपलब्धि पूर्व रेलवे के अधिकारियों और सभी फ्रंट-लाइन कर्मचारियों के समन्वित और ठोस प्रयासों का परिणाम है। बेहतर ऑनबोर्ड सेवाओं, त्योहारों के दौरान विशेष ट्रेनों के संचालन, कोचों की संख्या में वृद्धि और बिना टिकट यात्रा पर कड़ी निगरानी जैसी पहलों ने यात्री सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आय बढ़ाने में मदद की है। महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर के कुशल मार्गदर्शन में पूर्व रेलवे यात्रियों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और मूल्य-आधारित यात्रा सुविधा पर ध्यान केंद्रित करते हुए यात्री सेवाओं में ग्राहक-हितैषी बने रहने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

# लेखनी कायस्थ परिवार मिलन समारोह में दिखा उत्साह, महिला उद्यमियों के रैंप वॉक ने बटोरी सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बांकीपुर क्लब में लेखनी कायस्थ परिवार द्वारा भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के पूर्व डी.जी.पी. आलोक राज उपस्थित रहे। आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिला उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत किया गया रैंप वॉक रहा। इस अनूठी पहल का उद्देश्य महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों एवं व्यवसायों को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना था। रैंप वॉक के माध्यम से महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों और कार्यों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। संस्था की संस्थापक नूपुर प्रसाद, संध्या सिन्हा, चंदना सहाय एवं सुनीता प्रकाश ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए 'लेखनी गुल्लक' के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सरिता प्रसाद और अंजू सहाय ने आपसी स्नेह और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रचना सहाय द्वारा आयोजित प्रश्न-उत्तर सत्र ने सभी को बांधे रखा और सहभागियों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की सफलता में नूपुर सहाय, बिभा सिन्हा, रश्मि प्रियदर्शी, पुनिता सिन्हा, अंजू सिन्हा, जयश्री, सविता शरण, करुणा लाल सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ आयोजन को सफल बनाया।

# फिजिक्सवाला के छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड में रिकॉर्ड सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फिजिक्सवाला के कई छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। इनमें ऐसे छात्र भी शामिल रहे जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंड्या और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान मोहापात्रा शामिल रहे जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा पीडब्ल्यू विद्यापीठ जो फिजिक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं ने पटना में सम्मान समारोह आयोजित किया। शहर के उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मितुल मृगांक (97.20 प्रतिशत), कुशाग्र किरण (98.40 प्रतिशत) और निमय लोहानी (97.40 प्रतिशत) शामिल रहे। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा नियमित तैयारी, निरंतर अभ्यास और स्कूल व फिजिक्सवाला के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की। अमोलिक पंड्या ने बताया नियमित पुनरावृत्ति और नमूना प्रश्न पत्र हल करना 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रहा।

# अब हक के लिए नहीं भटकेंगी दीदियां, 'दीदी अधिकार केंद्र' बना न्याय का नया दरवाजा

## राज्य में अभी तक 256 केंद्रों का हो रहा संचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समूहों के रूप में काम कर रहीं जीविका दीदियों को अब अपनी समस्या समाधान और हक की रक्षा के लिए इधर-उधर भटकने की समस्या से छुटकारा मिल चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दीदियों की सहूलियत में दीदी अधिकार केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

**अब डर नहीं, अधिकार की बात**

यहां जीविका दीदियां खुद के साथ होने वाली हिंसक घटनाओं में न्याय पाने की दिशा में जहां आसानी से कानूनी सलाह प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर उनके दैनिक कामकाज में आने वाली समस्याओं के समाधान का रास्ता तय हो रहा है। जीविका के अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदी अधिकार केंद्रों की स्थापना की जा रही है। फिलहाल पूरे राज्य भर में 256 जीविका दीदी अधिकार केंद्र बनाए जा चुके हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक इन केंद्रों की संख्या 421 करने की योजना है। इसके लिए सरकार से मंजूरी भी मिल चुकी है।

**गांवों में दीदियों को मिला न्याय का साथ**

इन जीविका दीदी अधिकार केंद्रों पर समूह की अनुशंसा के अनुसार सात सदस्यों की तैनाती की जा रही है जहां दीदियां अपनी किसी भी समस्या का आसानी के साथ समाधान प्राप्त कर रही हैं। इन केंद्रों का नियंत्रण चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (सीएनएलयू), पटना की ओर से किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष से दीदियों की जरूरत के अनुसार कानूनी सलाहकार उपलब्ध कराने की भी सुविधा सुनिश्चित की गई है।

# पहली बार बिहार में मसूर, चना और सरसों की एमएसपी पर खरीद, किसानों को बड़ा फायदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार ने बिहार में मसूर के साथ-साथ चना और सरसों की एमएसपी पर खरीद के लिए मंजूरी दे दी है। राज्य में पहली बार एमएसपी पर मसूर की खरीद बीते 10 अप्रैल से ही शुरू हो चुकी है। माना जा रहा है कि सरकार की इस पहल से न सिर्फ दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे किसानों की आय में भी तेजी से वृद्धि होगी। बिहार सरकार अपने सात निश्चय-3 के जरिए दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दे रही है। कृषि विभाग ने आगामी पांच वर्षों में दलहन उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए दलहन आच्छादन को 4.48 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 9.19 लाख हेक्टेयर और उत्पादन 3.93 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 11.27 लाख मीट्रिक टन तक ले जाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में दलहन बीज प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए बीज उत्पादन की कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके अंतर्गत 45,922 क्विंटल प्रमाणित बीज एवं 2,043 क्विंटल आधार बीज का उत्पादन किया जाएगा।

# भूजल आंकड़ों का प्रसार विषय पर कार्यशाला का आयोजन

## वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रयासों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा 18 अप्रैल 2026 को बिहार के गया जी जिले में जिला परिषद सभा भवन, गया में राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम अध्ययन के उपरांत निष्कर्षों पर एवं भूजल आंकड़ों का प्रसार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शैलेश कुमार दास, उप विकास आयुक्त, गया ने भूजल प्रबंधन तथा राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रयासों की सराहना की एवं विशेष रूप से जल-संकटग्रस्त गया जिले में भूजल संसाधन प्रबंधन हेतु केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा किए गए कार्यों के महत्व पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, सीजीडब्ल्यूबी, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा गया जिले की राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम 1.0 एवं राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम 2.0 रिपोर्ट तथा जिला पुनर्भरण योजना (डीआरपी) उप विकास आयुक्त को साझा की गई एवं राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम रिपोर्ट में दिए गए भूजल प्रबंधन योजना का अधिकाधिक प्रयोग करने को कहा। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत परिचय आलोक कुमार सिन्हा, वैज्ञानिक-घ, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, पटना द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# भूदान आंदोलन की वर्षगांठ पर सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, लोक समिति, गांधी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में सदाकत आश्रम पटना में भूदान दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन चंद्र भूषण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सेमिनार को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि आज भूदान दिवस के अवसर पर संत विनोबा जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने बताया कि भूदान की शुरुआत बाबा विनोबा के द्वारा 1951 में तेलंगाना के पाचन पल्ली से शुरुआत हुई थी। बाबा विनोबा को सबसे पहले रामचंद्र रेड्डी के द्वारा भड़की जमीन दान में मिली। बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि भूदान अहिंसक क्रांति का प्रतीक है, दुनिया को बाबा विनोबा ने दुनिया को दिखाया जमीन का बंटवारा बंदूक या सरकार के बिना भी हो सकता है। करुणा और अपील के माध्यम से देश में बड़ा कार्य किया जा सकता है। लोक समिति के रामनाथ ठाकुर ने कहा कि ग्राम स्वराज्य का नींव भूदान है। भूदान के माध्यम से बिहार में करीब 4 लाख भूदान किसानों को जमीन मिली वे आज भूमिहीन नहीं भूदान किसान हैं।

# आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में शनिवार को दैनिक साक्षात्कार किया गया जिसमें कुल 6 व्यक्तियों द्वारा आवेदन पत्र एवं शिकायत पत्र समर्पित किए गए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान आवेदक राम प्रमोद सिंह, ग्राम-चोर पोखर इंगलिश, पोस्ट- गंज भड़सरा, प्रखंड- दिनारा द्वारा शिकायत की गई कि दिनारा प्रखंड अंतर्गत मेदनीपुर पंचायत के ग्राम चोर पोखर इंगलिश में सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले कारहा को भरकर अवैध रूप से सड़क निर्माण किया जा रहा है जिससे स्थानीय किसानों को सिंचाई में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त, रोहतास को अविलंब जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं सुरेन्द्र राम, पिता-कुलदीप राम, ग्राम-बसकटिया, थाना/प्रखंड-रोहतास द्वारा बिना पूर्व सूचना के बिजली कनेक्शन काटे जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर जिलाधिकारी ने मामले का निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित करते हुए शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, मो. नसीम आजाद, जो प्रखंड कार्यालय नौहट्टा में लिपिक के पद पर प्रतिनियुक्त हैं, द्वारा अपनी प्रतिनियुक्ति समाप्त करने के संबंध में अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने इस आवेदन को जिला स्थापना शाखा, रोहतास को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अन्य प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों को भी जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-साक्षात्कार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई करते हुए आवेदकों को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए।

# आरपीएफ की बड़ी सफलता, बैंक डकैती का आरोपित लाखों की नकदी व सोना सहित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बैंक डकैती कर भाग रहे एक आरोपी को भारी मात्रा में नकदी और सोने के साथ गिरफ्तार किया। रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने गाड़ी संख्या 13349 अप में कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान कमलेश कुमार (उम्र लगभग 21 वर्ष), पिता इंगलेश प्रसाद, ग्राम गोवाल बीघा, थाना हिलसा, जिला नालंदा (बिहार) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 15 लाख 22 हजार रुपए नकद तथा लगभग 61.77 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने चार अन्य साथियों– नन्हकी, पंकज, छोटू एवं राजेश कुमार के साथ मिलकर मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के बैढ़न स्थित एक बैंक (बैंक ऑफ महाराष्ट्र) में डकैती कर यह रकम और जेवर लेकर भाग रहा था।
आरोपी ने यह भी बताया कि बरामद नकदी और ज्वेलरी उसका और नन्हकी का हिस्सा है जबकि शेष रकम अन्य साथियों के पास है। इस मामले में सिंगरौली (मध्य प्रदेश) पुलिस अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया। इसके बाद गिरफ्तार आरोपी, बरामद नकदी एवं ज्वेलरी को सभी आवश्यक कागजातों के साथ आगे की कार्रवाई हेतु थाना बैढ़न, जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में आरपीएफ, जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस के कई अधिकारी एवं जवान शामिल रहे जिनके संयुक्त प्रयास से यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई। मौके पर एएसपी सिंगरौली सर्वप्रिय सिन्हा, रेलवे सुरक्षा बल सहायक सुरक्षा आयुक्त हरमंगत सिंह जीआरपी थाना वरीय पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार जीआरपी थाना अध्यक्ष सैयदा खातुन, महिला सिपाही ज्योति कुमारी, रमाशंकर दास एस आई मनोज कुमार, एएसआई मनोज कुमार चौधरी राजेंद्र कुमार दास आरक्षी संतोष कुमार मौजूद थे।

# तमिलनाडु के डीएम को सासाराम कोर्ट का अल्टीमेटम, जवाब नहीं दिया तो होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** सासाराम के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अनिल कुमार की अदालत ने तमिलनाडु के नमक्कल जिले के डीएम के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने डीएम नमक्कल को 'उदासीनता, जानबूझकर अवज्ञा और घोर लापरवाही' के लिए 15 दिनों के भीतर कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। यह पूरा मामला निष्पादन वाद संख्या 48/2023, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम अम्मन अरुल एजेंसीज से जुड़ा है। कोर्ट ने 10 सितंबर 2025 को डीएम रोहतास को आदेश दिया था कि वे नमक्कल की फर्म अम्मन अरुल एजेंसीज से 12,22,794 रुपये की वसूली करें। यह रकम ट्रक संख्या टीएन-28-एवाइ-0456 से जुड़े मोटर वाहन अधिनियम की धारा 174 के एक मामले में तय हुई थी। वसूली के लिए डीएम रोहतास ने 7 जुलाई 2025 को डीएम नमक्कल को पत्र लिखा और 26 नवंबर 2025 को रिमाइंडर भी भेजा, लेकिन नमक्कल डीएम कार्यालय से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद कोर्ट ने 25 फरवरी 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जो 3 मार्च 2026 को नमक्कल कार्यालय में पहुंच भी गया। एक महीना बीतने के बाद भी कोई उत्तर नहीं मिला। न्यायाधीश अनिल कुमार ने अपने आदेश में कहा कि डीएम नमक्कल का रवैया अदालत के आदेश की अवहेलना है। इसलिए अब उन्हें 15 दिन में बताना होगा कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15 और धारा 10 के तहत हाई कोर्ट में अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की जाए। कोर्ट ने आदेश की प्रति नजारत, सिविल कोर्ट सासाराम और स्पीड पोस्ट दोनों से डीएम नमक्कल को भेजने को कहा है। अगली सुनवाई 24 अप्रैल 2026 को होगी।

# डीएम ने किया लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में 32 मामलों का निस्तारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 57 अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अन्तर्गत 01 अपील आवेदन पर शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार के रूप में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सासाराम-2, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय डिहरी, निदेशक डीआरडीए, प्रभारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम, अनुमण्डल पदाधिकारी बिक्रमगंज, अनुमण्डल पदाधिकारी डिहरी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल सासाराम के प्रभारी अभियंता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल सासाराम-2 उपस्थित रहे। लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान हिमांशु पाण्डेय, लालजी पासवान, हरिओम मिश्रा, नारायण गिरी, विकास कुमार, हरेन्द्र प्रसाद, पंकज बर्नवाल, नारायण गिरी, दीपक कुमार, ओमप्रकाश कुमार, उमाशंकर सिंह, विजय कुमार सिंह एवं अन्य धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विक्रमा सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा, मनोज कुमार सिंह, राजवंश सिंह, रोहित कुमार, लक्ष्य श्रीवास्तव, शिवशंकर सिंह, रजिया खातुन, लक्ष्य श्रीवास्तव, ललन सिंह, अर्जुन कुमार, ललन प्रसाद सिंह, लक्ष्य श्रीवास्तव, अच्छेलाल सिंह, नरसिंह चौधरी, मनौरउर हुसैन, चन्द्रमुखी देवी, श्रीपति दुबे, बेचन चौधरी के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामलों में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें।

# वर्ल्ड हेरिटेज डे पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 18 अप्रैल 2026 को वर्ल्ड हेरिटेज डे के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा-निर्देश पर यांत्रिक विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं सहित अन्य को भारतीय रेल की ऐतिहासिक धरोहरों, विकास यात्रा तथा उनके संरक्षण के महत्व से परिचित कराना था। इस अवसर पर स्थानीय रामकृष्ण इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अन्य को मंडल क्षेत्र स्थित रेलवे की विरासत संरचनाओं एवं प्रदर्शित सामग्रियों का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर अब प्रत्यक्त सदी से अधिक पुराने फुट ओवरब्रिज के संरक्षित हिस्से का अवलोकन किया। उन्हें इस प्रकार की संरचनाओं की उपयोगिता तथा रेलवे व्यवस्था में उनकी भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। छात्रों ने स्टेशन के परिसंचरण क्षेत्र में स्थापित विरासत रेल इंजन को भी देखा। इस दौरान उन्हें भारतीय रेल के भाप इंजन से लेकर वंदे भारत ट्रेन तक के विकास क्रम, पूर्व समय में उपयोग की जाने वाली तकनीकों तथा रेल परिवहन में समय-समय पर हुए बदलावों के बारे में अवगत कराया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने मंडल कार्यालय परिसर स्थित प्रदर्शनी केंद्र का भ्रमण किया जहां पूर्व में उपयोग किए जाने वाले रेलवे उपकरण, औजार, मशीनरी के पुर्जे तथा अन्य तकनीकी सामग्रियों का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने रुचि के साथ इन सामग्रियों को देखा तथा जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान मंडल के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अन्य को धरोहर संरक्षण, स्वच्छता तथा सार्वजनिक संपत्तियों के प्रति जिम्मेदारी के महत्व से भी अवगत कराया। डीडीयू मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को भारतीय रेल की समृद्ध विरासत से जोड़ने तथा संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक कदम है।

# कैमूर में एडीओ परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले में आयोजित एडीओ की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा जिले के कुल 20 केंद्रों पर आयोजित की गई जिसमें भभुआ अनुमंडल अंतर्गत 14 एवं मोहनियां अनुमंडल अंतर्गत 6 परीक्षा केंद्र शामिल थे। भभुआ अनुमंडल में कुल 5820 परीक्षार्थियों की परीक्षा निर्धारित थी जिसमें कुल 2420 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और कुल 3400 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मोहनियां अनुमंडल में कुल 1884 परीक्षार्थियों की परीक्षा निर्धारित थी जिसमें कुल 768 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और कुल 1116 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा सतत निगरानी रखी जा रही थी। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा अव्यवस्था की सूचना प्राप्त नहीं हुई। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न हुई।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का आक्रोश मार्च, राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** रोहतास जिले में आज विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती कथित विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों और सुनियोजित षड्यंत्रों के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया और कठोर कार्रवाई की मांग की गई। कार्यक्रम का संचालन नगर संयोजक शानू तिवारी ने किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार प्रांत संत प्रमुख स्वामी रंजीतानंद जी महाराज के आशीर्वचन से हुआ। आक्रोश मार्च शिवघाट मंदिर से प्रारंभ होकर रौजा रोड, काली स्थान होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहा पहुंचा जहां जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि देश में लगातार लव जिहाद जैसे षड्यंत्र, हिंदू कन्याओं के शोषण, अवैध लैंड कब्जों और अन्य आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में शामिल तत्वों की पहचान कर त्वरित और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। जिला संयोजक चंदन गुप्ता ने सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को तत्काल हटाने की मांग की। वहीं जिला सुरक्षा प्रमुख गोलू दुबे ने कहा कि जबरन धर्मांतरण और जिहाद जैसे मामलों को रोकने के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने के लिए विशेष तंत्र विकसित करने की भी मांग उठाई। इस मौके पर प्रांत सह प्रमुख भोला चौहान, युवा गौरक्षा प्रमुख अरुण जी, प्रांत परियोजना प्रमुख अर्जुन केशरी, विभाग मंत्री विकास कुमार, जिला मंत्री यश उपाध्याय, नगर संयोजक अमर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैमूर में बढ़ेगा तापमान, धूप में निकलने से बचें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार कैमूर जिले में आगामी 25 अप्रैल तक लगातार तापमान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है। जिला प्रशासन ने जनहित में जारी सूचना में कहा है कि इस दौरान अधिकतम तापमान लगभग 41 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना व्यक्त की गई है। तेज धूप एवं गर्म हवाओं के कारण लू जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस भीषण गर्मी के दौरान विशेष सतर्कता बरतें एवं अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें। सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील में कहा गया है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के, सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। धूप में निकलते समय सिर को ढकें एवं छाता/गमछा का उपयोग करें। जिला प्रशासन स्थिति पर सतत नजर बनाए हुए है और आवश्यकतानुसार सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# गांव की मिट्टी से निकला होनहार, अंकित कुमार बने डॉक्टर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के छोटे से गांव केशो बिगहा से निकलकर एक बेटे ने माता-पिता का सपना साकार कर दिया है। योगेंद्र सिंह के पुत्र अंकित कुमार ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर की उपाधि हासिल की है। गांव लौटने पर माता-पिता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और रिश्तेदारों ने मिठाई खिलाकर अंकित कुमार को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंकित कुमार का परिवार मध्यम वर्ग से आता है। उनके पिता योगेंद्र सिंह औरंगाबाद सदर अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर हैं जबकि माता सुनीता देवी बी.एससी. नर्सिंग उत्तीर्ण हैं। माता-पिता ने बताया हमारा सपना था कि बेटा डॉक्टर बन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सेवा करे। आज अंकित ने हमारा सपना पूरा कर दिया। डॉ. अंकित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही पूरी की। माता-पिता के सपनों को पूरा करने और ग्रामीणों की सेवा के जज्बे के साथ उन्होंने डॉक्टरी की राह चुनी। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उनका बैच 2020 का था और 2021 से 2026 तक के सत्र में उन्होंने पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप भी पूरी की। डॉ. अंकित ने आगे बताया कि उनका लक्ष्य एमएस (ऑर्थोपेडिक्स) करना है, ताकि वे हड्डी रोग के विशेषज्ञ बनकर गांव-देहात के मरीजों को बेहतर इलाज दे सकें। मौके पर मिठाई खिलाकर गोलू कुमार, विकास कुमार, रीता कुमारी, बबिता कुमारी ने शुभकामना दी।

# अनुसंधानकर्ता के वेतन से पांच हजार कटौती का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** गवाही हेतु न्यायालय में लंबे समय से उपस्थित नहीं होने से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला जज चतुर्थ अनिल कुमार की अदालत ने अनुसंधानकर्ता दीपक कुमार झा के वेतन से 5 हजार रुपये कटौती करने एवं उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश एसपी रोहतास को जारी किया गया है। उक्त मामला नोखा थाना कांड संख्या 31/2014 से जुड़ा है जिसका ट्रायल सत्रवाद संख्या 514/ 2014 में उक्त कोर्ट में चल रहा है। बताते चलें कि उक्त मामला 30 अगस्त 2024 से ही अनुसंधानकर्ता दीपक कुमार झा के गवाही हेतु न्यायालय में लंबित है जिसमें पिछले साल 29 सितंबर 2025 को अनुसंधानकर्ता के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट भी निर्गत किया गया था। इन सब के बावजूद अनुसंधानकर्ता के न्यायालय में गवाही हेतु प्रस्तुत नहीं होने पर उक्त आदेश जारी किया गया है।

# विधायक ने की ऑनलाइन स्व जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत

## स्व जनगणना को सफल बनाने की विधायक ने जनता से की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** कैमूर जिले में 17 अप्रैल से प्रारंभ हुई स्व-जनगणना प्रक्रिया को लेकर भभुआ विधायक द्वारा स्वयं का ऑनलाइन स्व-जनगणना करते हुए जिलेवासियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है। यह महत्वपूर्ण अभियान 1 मई 2026 तक संचालित है। सदर विधायक ने अपने संदेश में कहा कि स्व-जनगणना एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रतीक है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने एवं अपने परिवार की सटीक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी सही पात्रों तक सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय रहते स्व-जनगणना प्रक्रिया को पूर्ण करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। आइए, जिम्मेदार नागरिक बनें और स्व-जनगणना अभियान को सफल बनाएं।

# विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विद्युत विभाग ने विशेष शिविरों की शुरुआत की है। इन शिविरों में दर्ज शिकायतों का निवारण 72 घंटे में करने का लक्ष्य रखा गया है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के सभी अवर प्रमंडल व प्रशाखा कार्यालयों में शिविर लगाए गए जहां बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने बिजली बिल की गड़बड़ी, झुके पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मर जैसी शिकायतें दर्ज कराईं। विभाग ने मौके पर ही निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. सुजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अप्रैल माह में अगला शिविर 20, 24 एवं 27 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी विद्युत कार्यालयों, खासकर कनीय विद्युत अभियंता स्तर तक आयोजित होगा। इन शिविरों में बिजली बिल की त्रुटियों में तुरंत सुधार, तकनीकी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई, नए कनेक्शन, नाम परिवर्तन व स्मार्ट प्रीपेड मीटर की शिकायतों का समाधान एक ही जगह किया जाएगा।

# कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका : जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सासाराम।** कांग्रेस पार्टी को अखिल भारतीय स्तर पर सबसे अधिक मजबूत बनाने में पंचायत, प्रखंड और जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं की भूमिका हमेशा से रही है। उनके योगदान की सराहना भी राष्ट्रीय-स्तर पर बराबर होती रही है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से सासाराम के परिसदन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाण्डेय ने कही। उन्होंने प्रेस को बताया कि 'सृजन साथी जनसंपर्क' के तहत जिले के पंचायतों और प्रखंडों में युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए आज से इसकी शुरूआत कर दी गयी है। जिले में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में इस अभियान को सफल बनाने में सभी जिलास्तरीय कार्यकर्ता सक्रिय हो गये हैं। आने वाले निकट भविष्य में एक लाख से भी अधिक युवाओं को पार्टी से जुड़ने की उम्मीद जतायी जा रही है। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिमन्यु सिंह, राधा प्रसाद सिंह, दीपक शुक्ला, राजेश्वर कुशवाहा, मनीष चौबे, हीरा कुमार, नवलकिशोर, पीयूष भारद्वाज, मानस रंजन, लोकेश तिवारी, जावेद जी, शैलेश गुप्ता, तेजपति तथा सत्यानंद सिंह कुशवाहा सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 20 को सोलर मेला सह लोन मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर संयंत्र स्थापना को बढ़ावा देने एवं उपभोक्ताओं को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 अप्रैल यानि सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए भवन सासाराम में सोलर मेला सह लोन मेला का आयोजन 12 बजे से किया जाएगा। इसकी जानकारी विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम इंद्रदेव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत प्रदान करना तथा उन्हें स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र लगाने पर सरकार द्वारा एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को सोलर पैनल स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मेले में उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र की स्थापना, लागत, अनुदान, ऋण प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न बैंकों एवं अधिकृत एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे जिनसे उपभोक्ता ऋण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा मौके पर ही आवेदन की प्रक्रिया भी पूरी कर सकेंगे। जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस सोलर मेला सह लोन मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठाएं और स्वच्छ, सस्ती एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# प्रधानाध्यापिका के खाते से संदिग्ध निकासी, जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास प्रखंड के कल्याणपुर (बंजारी) निवासी और जागोडीह स्थित सरकारी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संध्या सिन्हा के बैंक खाते से संदिग्ध तरीके से पैसे निकलने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद उन्होंने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक की तिलौथू शाखा में है। खाते में करीब 9 से 10 हजार रुपये जमा थे, लेकिन अचानक बैलेंस घटकर मात्र 5 रुपये से थोड़ा अधिक रह गया। जांच करने पर पता चला कि 27 मार्च 2026 को 4 हजार रुपये और 31 मार्च को लगभग 5 हजार रुपये की निकासी हुई है।

# सत्ता परिवर्तन के बीच शांत और स्थिर दिखे नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। लोक भवन में 24वें मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के साथ ही सत्ता परिवर्तन का औपचारिक ऐलान हो गया। इस राजनीतिक बदलाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संयमित और शांत व्यवहार चर्चा का केंद्र बन गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता सह जदयू जिला प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह ने बदलती राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह परिवर्तन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशकों तक बिहार की सत्ता संभालने वाले नीतीश कुमार अब भूतपूर्व मुख्यमंत्री की भूमिका में आ चुके हैं, लेकिन उनका राजनीतिक प्रभाव अभी भी बरकरार है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक भावुक क्षण तब देखने को मिला। यह दृश्य सत्ता के उतार-चढ़ाव का प्रतीक बनकर सामने आया। हालांकि इस दौरान उनके चेहरे पर न कोई असंतोष था और न ही कोई प्रतिक्रिया वे पूरी तरह शांत और स्थिर नजर आए।

# राजगीर मलमास मेला की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा बैठक

## कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से प्रगति पर नजर रखी जाएगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर ब्रह्मकुंड परिसर स्थित मंदिर एवं पवित्र कुंड के रंग-रोगन, मरम्मत एवं समग्र सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने मलमास मेले के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्रह्मकुंड परिसर को श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक, स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि जिले में पर्यटन को



बढ़ावा देने का भी सुनहरा अवसर है। समीक्षा के दौरान मंदिर परिसर की दीवारों के रंग-रोगन, कुंड की सफाई एवं मरम्मत, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय व्यवस्था तथा अन्य यात्री सुविधाओं को मजबूत करने के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मिस्ट कूलर, पंखे, पानी के फव्वारे, आपातकालीन प्रवेश एवं निकास द्वार, भीड़ नियंत्रण के लिए जिग-जैग बैरिकेडिंग, आकर्षक लाइटिंग, दीदी की रसोई, मेडिकल टीम, नियंत्रण कक्ष और क्लॉक रूम जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई। डीएम ने बताया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से प्रगति पर नजर रखी जाएगी, ताकि सभी तैयारियां समय पर पूरी हो सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि मलमास मेला 2026 को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे जिले की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती मिलेगी। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, पर्यटन निगम के महाप्रबंधक चंदन चौहान, कार्यपालक अभियंता रामानुज प्रसाद, होटल एवं लीज प्रबंधक गौरव कुमार, रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार, सहायक अभियंता शेष राम वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के वनगंगा जेठियन सड़क मार्ग में फलडू गांव के समीप सड़क हादसे में जख्मी बाइक सवार की मौत शुक्रवार को देर रात में इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान पेश बेलदारी निवासी राज बल्लभ राजवंशी का 19 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार बताया गया है। घटना शुक्रवार को देर शाम में पेश बेलदारी निवासी रमेश कुमार नारदीगंज बाजार से अपने घर बाइक से जा रहा था,तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गया था। आनन फानन में लोग इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज लेकर पहुंचे, जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित कर दिया। इलाज के दौरान पावापुरी विम्स में देर रात में रमेश की मौत हो गई। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौप दिया।

### ईंट भट्ठों, ट्रैक्टरों और होटलों में बच्चों से काम, प्रशासन बेखबर



**वारिसलीगंज (नवादा)।** बाल श्रम रोकने के तमाम सरकारी दावे प्रखंड में खोखले साबित हो रहे हैं। क्षेत्र के ईंट भट्ठों चिमनियों तथा छोटे बड़े होटलों में बाल श्रमिकों का उम्र सिमट कर रह रहा है। खेलने पढ़ने की उम्र वाले बच्चे ईंट भट्ठा व होटलों में मजदूरी कर अपने जीवन का अमूल्य समय को गवां रहे हैं। शुक्रवार को वारिसलीगंज प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में जो हकीकत देखने को मिला,वह सरकार के बाल श्रम रोकने के दावे को झुठलाने को काफी है।चाहे हाड़ कपा देने वाली ठंड हो या चिलचिलाती धूप, बेपरवाह बच्चे चिमनियों से ट्रैक्टर पर ईंट लोडकर नगर परिषद एवं ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर ईंट उतारने का कार्य करते हैं।बच्चों ने कहा कि माता-पिता की अर्थिक स्थिति खराब रहने पर घर चलाने के लिए ईंट भट्ठा पर कार्य कर आर्थिक सहयोग करते हैं। इस कम उम्र के बच्चों को अक्षर ज्ञान है, परंतु गरीबी के कारण माता-पिता के साथ काम करने की मजबूरी है। उसने कहा कि जब किसी हम उम्र को कंधे में बैग लटकाऐ विद्यालय जाते देखता हूं, तो मेरे मन में भी पढ़ने लिखने की चाहत होती है, लेकिन परिवार की गरीबी के कारण स्कूल नहीं जाकर मजदूरी करता हूं।

### चोरी का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार का ही रिश्तेदार—देवर का बेटा निकला। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर संदेह के घेरे में आए युवक को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए सामान को भी बरामद कर लिया है। बरामद सामान में घर के कीमती वस्त्र और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कई बार अपराधी घर के अंदर या करीबी दायरे से ही निकलते हैं, जिससे सतर्कता और भी जरूरी हो जाती है।

### मालगाड़ी के नीचे से गुजरते समय महिला घायल

हिलसा (नालंदा)। शनिवार को हिलसा रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला मालगाड़ी के नीचे से गुजरकर ट्रैक पार करने का प्रयास कर रही थी, तभी उसका सिर ट्रेन के किसी हिस्से से टकरा गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गई। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल महिला को तुरंत हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान देवनगर मोहल्ला निवासी उमेश प्रसाद की 35 वर्षीय पत्नी सरिता देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सरिता देवी बाजार से घर लौट रही थीं। इसी दौरान स्टेशन पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण उन्होंने प्लेटफॉर्म बदलने के लिए ट्रेन के नीचे से गुजरने का जोखिम भरा कदम उठाया, जो हादसे का कारण बन गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए रेलवे प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज के अभाव में यात्रियों को मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रैक पार करना पड़ता है। कई बार एक साथ ट्रेनों के खड़े रहने की स्थिति में लोग ट्रेन के नीचे से गुजरने को विवश हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# द्वितीय व तृतीय चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज,नवादा।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में भारत की जनगणना कार्य में लगे जनगणना कर्मियों का आयोजित द्वितीय व तृतीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार के अलावा सहयोगी प्रशिक्षक राकेश कुमार, रवि रंजन कुमार, पंकज कुमार के माध्यम से जनगणना कार्य करने के लिए विस्तार से जानकारी देकर सभी जनगणना कर्मियों को दक्ष किया गया। कहा गया आगामी दो मई से प्रगणक के माध्यम से मकान सूचीकरण आनलाइन जनगणना करना है। जो 31 मई 2026 को आधी रात तक किया जायेगा। जब आप गांव में जाएंगे तो जनगणना के दौरान 34 प्रश्न गृहस्वामी से पूछताछ करना है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षक ने सभी प्रगणक और पर्यवेक्षकों को जनगणना मकान सूचीकरण के लिए पूर्वाभ्यास कराया। प्रत्येक प्रगणक को पांच से दस मकान का सूचीकरण मार्कडिल कराए,ताकि क्षेत्र में जाने के बाद कार्य करने में परेशानी नहीं हो। इसके अलावा नजरि नक्शा का नमूना (खाका) भी प्रगणक के माध्यम बनाकर देखा गया। सभी प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रश्न पूछने के तौर तरीकों से सम्बंधित प्रश्न को बारीकी से जानकारी दी गई। फील्ड प्रशिक्षण भी दिया गया। यह भारत सरकार का अति महत्वपूर्ण कार्य है। मौके पर जनगणना कर्मियों में विनीता कुमारी, अर्चना शर्मा, रश्मि वर्मा, बबिता कुमारी, अशोक कुमार समेत अन्य प्रशिक्षण प्राप्त की।

# वारिसलीगंज के प्राचीन मंदिर से मिलीं 18 दुर्लभ पांडुलिपियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत नवादा जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों के संकलन एवं उनके डिजिटलीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को उप विकास आयुक्त नीलिमा साहु द्वारा वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत चंडीपुर गांव स्थित प्राचीन मंदिर श्री ठाकुर राधा रमण लाल जी मंदिर का दौरा किया गया। सर्वेक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त मंदिर का निर्माण वर्ष 1883 ई० में श्री विक्रमादित्य प्रसाद सिंह द्वारा कराया गया था। मंदिर परिसर से 18 हस्तलिखित एवं ब्लॉक प्रिंटेड ग्रंथ पांडुलिपियां प्राप्त हुईं, जिन्हें ज्ञान भारतम ऐप पर सफलतापूर्वक



निबंधित किया गया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन का मुख्य उद्देश्य देश की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। ताड़पत्र, भोजपत्र, कपड़े अथवा पुराने कागजों पर लिखित पांडुलिपियों में प्राचीन ज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान एवं स्थानीय इतिहास का अमूल्य भंडार सुरक्षित है, जो समय के साथ नष्ट होने के कगार पर हैं। इस मिशन के माध्यम से इन धरोहरों को आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के पास ही सुरक्षित रहेगा तथा जिला प्रशासन द्वारा केवल वैज्ञानिक विधि से उनका डिजिटलीकरण कराया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी का हिस्सा बनाया जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अपने पास उपलब्ध अथवा जानकारी में आने वाली प्राचीन पांडुलिपियों की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं।

# नवादा के विकास को लेकर डॉ. पूनम शर्मा की मुख्यमंत्री से बातचीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. पूनम शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर नवादा जिले की ज्वलंत समस्याओं को मजबूती से उठाया और समग्र विकास की मांग रखी। यह मुलाकात महज औपचारिक नहीं, बल्कि जिले के भविष्य को लेकर गंभीर पहल मानी जा रही है। डॉ. पूनम शर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष नवादा में आधारभूत संरचना की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत और रोजगार के अवसरों की कमी जैसे अहम मुद्दों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नवादा लंबे समय से विकास की दौड़ में पीछे रह गया है और अब इसे विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और शहरी विकास योजनाओं को तेज गति से लागू करने की मांग की। साथ ही, युवाओं के लिए स्थानीय



स्तर पर रोजगार सृजन और उद्योगों की स्थापना पर भी जोर दिया, ताकि पलायन की समस्या पर रोक लगाई जा सके। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डॉ. शर्मा की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि नवादा के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी जिलों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह मुलाकात नवादा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिससे जिलेवासियों को आने वाले समय में ठोस परिणाम की उम्मीद है।

# भाजपा कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा जिला कार्यालय, नवादा में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की। कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी एवं एनएमडीसी के निदेशक अचल सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा साहेब के विचारों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया एवं कार्यक्रम के प्रभारी उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित महादलित समाज के बहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। निर्वतमान भाजयुमो अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा ने आये सभी कार्यकर्ताओ को संविधान की शपथ दिलवाया एवं अम्बेडकर के



पद चिन्हो पर चलने का आग्रह किया

इस अवसर पर अचल सिन्हा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार दिया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और भाईचारे की दिशा में प्रेरित करते हैं।

जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भाजपा बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जिस समानता, सामाजिक न्याय और सशक्त भारत की कल्पना की थी, उसे धरातल पर उतारने का कार्य आज सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना ही सच्चे अर्थों में अंबेडकर जी के विचारों का सम्मान है।

# हरनौत के मुढ़ारी गांव में निकाली गई कलश शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के मुढ़ारी गांव स्थित फोरलेन सड़क किनारे नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में श्री श्री 108 श्री बजरंगबली जी की प्राण-प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान 201 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने जलबोझी कर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से सुरक्षित वाहन के माध्यम से बख्तियारपुर के ग्यासपुर स्थित गंगा नदी तट पहुंची, जहां आचार्य अरविंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक कलश में जल भरवाया। इसके बाद शोभा यात्रा पुनः वाहन से हरनौत पहुंची। हरनौत बाजार में नेशनल हाईवे-20 पर फ्लाईओवर के नीचे स्थित पेट्रोल पंप से कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर डीजे की धुन



पर मुख्य बाजार, रूपसपुर चौराहा स्थित सरदार पटेल चौक, बीआरसी, जीडीएम कॉलेज होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पदयात्रा की। पूरे मार्ग में "जय श्री राम" और "जय हनुमान" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम स्थल पर विद्वानों द्वारा विधिवत यज्ञशाला में कलश की स्थापना कराई गई। आसपास के बड़ी मुढ़ारी, छोटी मुढ़ारी, मानपुर, साहवाजपुर, रूपसपुर समेत कई गांवों में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। विद्वानों ने बताया कि मंदिर परिसर में यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। बताया गया कि रविवार को वेदी पूजन एवं मंडप पूजन होगा, 20 अप्रैल को भगवान बजरंगबली की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। वहीं 21 अप्रैल से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा, जिसका समापन 22 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं हवन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर सुगंबर यादव, नंदू यादव, जितेंद्र यादव, सिंघे यादव, सोनू, नितिश, लनीन, कमलेश, बब्लू, पप्पू, गुड्डू, सुनील, मनीष समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 10 वोट, प्रमुख गुट रहा अनुपस्थित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के मेसकौर प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। शनिवार को आयोजित विशेष बैठक में प्रस्ताव के पक्ष में 10 वोट पड़े, जबकि प्रमुख सहित उनके समर्थक सदस्य बैठक में शामिल ही नहीं हुए। प्रखंड के 14 पंचायत समिति सदस्यों में से 10 सदस्य बैठक में उपस्थित हुए। हैरानी की बात यह रही कि खुद प्रमुख संतोष कुमार समेत उनके पक्ष के चार सदस्य पूरी प्रक्रिया से दूर रहे। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख गोरेलाल चौधरी ने की, जबकि निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उप समाहर्ता शंभू शरण पांडेय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने प्रमुख पर लगे आरोपों को सदन में पढ़कर सुनाया। इसके बाद सदस्यों के बीच चर्चा हुई और गुप्त मतदान कराया गया। मतदान में उपस्थित सभी 10 सदस्यों ने एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। इस तरह 14 सदस्यीय सदन में 10-4 के अंतर से प्रस्ताव पारित हो गया और संतोष कुमार को पद छोड़ना पड़ा। बीडीओ अश्वनी कुमार ने बताया कि नियमानुसार पूरी प्रक्रिया पूरी की गई है और निर्णय की सूचना जिला प्रशासन को भेज दी गई है। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अब प्रखंड में नए प्रमुख के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जल्द ही चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी।

# मदरापुर में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** प्रखंड के मदरापुर गांव में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर लोहंडा, खील बिगहा, सुल्तानपुर, विष्णुपुर एवं खेवन बिगहा होते हुए लोहंडा स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पहुंची। छठ घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगाजल से कलशों में जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ जल उठाव किया और विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, जहां चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया एवं समाजसेवी पवन कुमार ने बताया कि रविवार को मंडप प्रवेश, शिव पूजन एवं अधिवास कार्यक्रम आयोजित होंगे। सोमवार की सुबह



प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी, जबकि दोपहर से अखंड कीर्तन प्रारंभ किया जाएगा। मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और समरसता को बढ़ावा मिलता है तथा लोगों को मानसिक शांति की अनुभूति होती है। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर अंजनी कुमार, शिशुपाल भारती, अनिल कुमार, मनीष कुमार, समरकांत कुमार, बाल्मीकि जमादार, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार, नागेश्वर जमादार, नरेश प्रसाद, रामाशीष महतो, द्वारिका महतो, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जिले में चला विशेष जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के दिशा-निर्देश पर 18 अप्रैल, 2026 को जिले के चिह्नित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में अक्षय तृतीया के पूर्व बाल विवाह रोकथाम हेतु जन-जागरूकता एवं हितधारकों के साथ संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत हॉट स्पॉट क्षेत्रों यथा – शोभिया मंदिर, कन्नौज बागी मंदिर आदि को सम्मिलित किया गया। सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई नवादा रीतेश कुमार के नेतृत्व में इन स्थलों पर मंदिर के पुजारियों एवं विवाह से जुड़े हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की गई तथा बाल




विवाह की कुरीति पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी उपस्थित पुजारियों एवं हितधारकों से बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाई गई। साथ ही विवाह में सम्मिलित सभी हितधारकों, विशेषकर मंदिर के पुजारियों से अनुरोध किया गया कि बाल विवाह की किसी भी स्थिति में तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा वहां प्रतिनियुक्त कर्मियों को सूचित करें। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन का संयुक्त दल गठित कर जिले के सभी हॉट स्पॉट क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किया गया है, ताकि बाल विवाह की घटनाओं पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

# सदर अस्पताल परिसर में लगी आग

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सदर अस्पताल परिसर में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब पुराने पेइंग वार्ड के पीछे जमा कचरे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे परिसर में धुआं फैल गया, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुराने पेइंग वार्ड के पीछे लंबे समय से कचरा जमा था। इसी कचरे में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में लपटें तेज हो गईं। आग से उठता धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। जिससे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। आशंका है कि कचरे के ढेर में किसी चिंगारी के कारण आग भड़क गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और न ही किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने परिसर की सफाई व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने की बात कही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सूखे नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** समाजसेवी एवं 'गुटखा छोड़ो आंदोलन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार मानव के नेतृत्व में हिलसा में सूखा नशा के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। हिलसा बस स्टैंड के समीप स्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मानव ने उपस्थित युवाओं को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सूखा नशा तेजी से समाज में फैल रहा है, जिसकी चपेट में आकर कई युवा असमय अपनी जान गंवा रहे हैं। यदि समय रहते समाज सचेत नहीं हुआ, तो इसका गंभीर प्रभाव युवा शक्ति पर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि अधिकांश बच्चे जिज्ञासा या गलत संगति के कारण नशे की शुरुआत करते हैं, जो धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है। बीएस, ड्रग्स और इंजेक्शन जैसे घातक नशों के कारण हजारों लोग असमय मृत्यु का शिकार हो चुके हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों पर सतर्क निगरानी रखें और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दें। डॉ. मानव ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशा, नाश की जड़ है, जो न केवल व्यक्ति बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सभी से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् राजीव कुमार गुप्ता ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए नशा से दूर रहने की सलाह दी तथा गांव-गांव में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# महाबोधि मंदिर में देश-विदेश से आए श्रद्धालु, दुनिया को शांति का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** विश्व धरोहर दिवस पर आज बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर एक बार फिर दुनिया के सामने आस्था, विरासत और आध्यात्म का मजबूत प्रतीक बनकर उभरा है। 18 अप्रैल को मनाए जा रहे इस खास दिन पर मंदिर परिसर में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इसकी वैश्विक पहचान को और भी पुख्ता कर दिया। साल 2002 में यूनेस्को की ओर से विश्व धरोहर का दर्जा मिलने के बाद महाबोधि मंदिर की अहमियत और बढ़ गई। यही वह पवित्र स्थान है जहां करीब 2500 साल पहले गौतम बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान हासिल किया था। आज भी यह स्थल न सिर्फ बौद्ध धर्मावलंबियों, बल्कि हर वर्ग और



देश के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर की वास्तुकला भी कम आकर्षक नहीं है। ऊंचा पिरामिडनुमा शिखर और दीवारों पर उकेरी गई बारीक नक्काशी पुराने भारतीय ईंट निर्माण कला की बेहतरीन झलक पेश करती है। यही वजह है कि इतिहास और स्थापत्य में रुचि रखने वाले लोग भी यहां खींचे चले आते हैं। धार्मिक नजरिए से देखें तो महाबोधि मंदिर आज भी एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र है। यहां रोजाना ध्यान, साधना और पूजा का सिलसिला चलता है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले श्रद्धालु शांति और आत्मिक संतुलन की तलाश में यहां पहुंचते हैं। बीटीएमसी की सचिव डॉ महाश्वेता महारथी ने कहा कि विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यह स्थल एक बार फिर यह याद दिलाता है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को बचाना और सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। महाबोधि मंदिर सिर्फ अतीत की निशानी नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि विरासत किसी एक नहीं होती है बल्कि सांझी होती है। लिहाजा इसकी पवित्रता, भव्यता और आध्यत्मिकता को बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने भी इस दिन को खास बनाने के लिए साफ-सफाई और सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव के समीप मुख्य सड़क पर एक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार होकर राजू कुमार सिंह अपने पिता रामेश्वर सिंह के साथ मकराइन से बहुआरा जा रहे थे। इसी दौरान बलभद्रपुर के पास मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# पशु तस्करी के नेटवर्क का खुलासा, कंटेनर से 26 बैल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बांकेबाजार थाना इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर पशु तस्करी का पर्दाफाश किया है। थाना गेट के पास कंटेनर से 26 बैल बरामद किए हैं। सभी को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। घटना शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध कंटेनर इलाके से गुजर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आनंद कुमार के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। कंटेनर को रोककर तलाशी शुरू की गई। जैसे ही दरवाजा खुला, अंदर का नजारा देखकर पुलिस भी चौंक गई। अंदर 26 बैल बुरी तरह रखे थे। कई की हालत खराब थी। कुछ बेहद कमजोर दिखे। घुटन और थकान साफ नजर आ रही थी। पुलिस ने बिना देर किए सभी बैलों को बाहर निकलवाया। मौके पर ही प्राथमिक जांच की गई। इसके बाद ट्रस्ट में भेजा गया। वहां खाने-पीने और देखभाल की व्यवस्था कराई गई है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि मामला अवैध पशु परिवहन का है। चालक और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि बैलों को कहां से लाया जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों पर लगातार सख्ती जरूरी है। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में अभियान और तेज होगा। पशु तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल इस कार्रवाई ने तस्करों के बीच हड़कंप मचा गया है।

# गया एसएसपी ने बेलागंज थाना का किया निरीक्षण

**बालू माफियाओं और भू माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने का दिए आदेश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** एसएसपी सुशील कुमार ने शनिवार को बेलागंज थाने का औचक निरीक्षण किए। एसएसपी ने क्षेत्र में भू माफिया, बालू माफिया हत्या, लूट, छिनतई, डकैती समेत अन्य लंबित कांडो की क्रमवार समीक्षा की और पर्यवेक्षण में सत्य पाये गये कांडों के आरोपितों व वांछित फरार अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसएसपी ने कोर्ट से जारी वारंट व कुर्की जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसएसपी ने सभी लंबित कांडों समेत अन्य सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। इस



निरीक्षण के क्रम में एसएसपी ने थाने के सभी अनुसंधान पदाधिकारियों में लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक समुचित विभागीय कार्रवाई करने और बेहतर प्रदर्शन करने वाले अनुसंधानकर्ताओं को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया जब बेलागंज के पत्रकारों ने एसएसपी के समक्ष सवाल रखा कि बेलागंज में भू माफियाओं और बालू माफियाओं को कैसे रोका जा सकता है तो एसएसपी का जवाब मिला कि सभी भू माफिया और बालू माफियाओं का इतिहास खंगाला जा रहा है बहुत जल्द सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोंच प्रखंड के बाजारों में सुलभ शौचालय का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के कोंच, आंती, काबर एवं देवरा बाजारों में अब तक सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं को अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजारों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें इधर-उधर जाना पड़ता है जिससे असुविधा के साथ-साथ अस्वच्छता भी फैलती है। जिला पार्षद पति सत्येंद्र प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता महताब अंसारी, मनोज मंजिल, मो. अरशद, मुकेश कुमार गांधी एवं अविनाश कुमार ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अविलंब सुलभ शौचालय निर्माण की मांग की है।

## 259 लीटर शराब जब्त, दो महिलाओं सहित चार आरोपित गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** पुलिस ने मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बारा पावर ग्रिड के पास 259 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान एक टाटा सफारी गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर जब्त की गई। पुलिस ने दो महिलाओं सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनी कुमार (31), पिता स्वर्गीय देवन पासवान, निवासी समस्तीपुर, थाना उजियारपुर, सुजीत कुमार (32), पिता स्वर्गीय कुलदीप राय, निवासी समस्तीपुर, थाना उजियारपुर, आरती देवी (31), पति संजय चौधरी, निवासी अनजानीपुर, थाना हाजीपुर, जिला-वैशाली और मीना देवी (46), पति स्वर्गीय महेश राम, निवासी देदपुर, थाना-महनार, जिला-वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बिहार में पूरी शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। ऐसे में पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में भी पुलिस को पहले से सूचना मिली थी जिसके आधार पर यह सफलता हासिल हुई।

**गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ कर रही पुलिस**

छापेमारी दल में अवर निरीक्षक पूजा कुमारी, सब-इंस्पेक्टर आलोक कुमार, मद्यनिषेध सिपाही विजय कुमार राय और विकास रंजन सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए भी जांच जारी है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय इलाके में पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है। अधिकारियों ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## एक ही रात में तीन घरों में चोरी, लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ थाना क्षेत्र के नवाबचक गांव में बुधवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए तीन घरों से लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़कर घरों में घुसे और जेवर व नकद चुरा लिए। प्रेम कुमार के घर से डेढ़ लाख रुपये के जेवर और 50 हजार रुपये नकद, कृष्ण यादव के घर से 50 हजार रुपये के जेवर व 5 हजार रुपये नगद तथा विनय यादव के घर से लगभग तीन लाख रुपये के जेवर और 5 हजार रुपये नकद चोरी हुए। कृष्ण यादव के घर से चोरी किया गया बक्सा बाद में गांव के बधार में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने गुरुवार की दोपहर बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

**विष्णुपद मंदिर से निकली कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया में 'श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ' का भव्य शुभारंभ हुआ। शनिवार सुबह विष्णुपद मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में युवतियां और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। सभी सिर पर कलश धारण किए थे। यात्रा में घोड़े, बैंड-बाजा और धार्मिक ध्वज भी थे जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से शहर गूंज उठा। नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। यह यात्रा विष्णुपद मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों अहिल्याबाई चौक, रामसागर रोड, नवागढ़ी, नादरागंज, कोईरीबाड़ी, जीबी रोड, बड़ा पोस्ट ऑफिस, कोतवाली मोड़, टावर चौक, रमना रोड, मल्लाह टोली,



ब्राह्मणी घाट, सेन जी की ठाकुरवाड़ी, नई सड़क और पंचमहला बाजार से होते हुए सूर्यकुंड सरोवर पहुंची। यहां विधिवत पूजन के बाद कलश में पवित्र जल भरा गया जिसके बाद श्रद्धालु फिर विष्णुपद मंदिर लौट गए। महायज्ञ के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क रहा। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। इससे पहले जिलाधिकारी ने तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। महायज्ञ की विधिवत शुरुआत 19 अप्रैल को बेदी पूजन, मंडप पूजन और अग्नि स्थापना के साथ होगी। 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से नियमित यज्ञ अनुष्ठान संपन्न होगा। यह महायज्ञ कर्नाटक के माधवाचार्य संप्रदाय के प्रतिष्ठित गुरु यादवाचार्य के आचार्यत्व में आयोजित किया जा रहा है। काशी और गयाजी के विद्वान आचार्य भी इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं। नई यज्ञशाला में पांच कुंडों का निर्माण किया गया है जहां वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दी जाएंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव का संदेश फैलाना भी है। महायज्ञ के अंतिम चरण में 28 अप्रैल को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

## गुरुआ में बिजली का विशाल टॉवर ढहा, दो मजदूरों की हालत नाजुक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गुरुआ थाना क्षेत्र के मंडा पंचायत अंतर्गत भारतीपुर बधार में भारतमाला परियोजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार 33 हजार वोल्ट बिजली लाइन के टॉवर को हटाने के दौरान अचानक टॉवर गिर गया जिससे वहां कार्य कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि टॉवर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई है। हालांकि संबंधित विभाग के अधिकारी इस बात से इनकार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों को केवल मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई मजदूर बिना सुरक्षा उपकरण और जूते के काम करते देखे गए जिससे साफ तौर पर लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल घटना की सच्चाई और घायलों की स्थिति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। स्थानीय प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## बिजली की आंख मिचौली से भीषण गर्मी में गयाजी शहरवासी परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार ही नहीं बल्कि देश में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने वाले शहरों में शुमार गयाजी में इस भीषण गर्मी में प्रत्येक घंटा में 10 से 15 मिनट बिजली कट यानी 24 घंटा में 4 से 6 घंटा बिजली नहीं रहने से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, महासचिव टिंकू गिरी, विपिन बिहारी सिन्हा, प्रद्युम्न दुबे, राकेश यादव, रूपेश चौधरी, अशोक राम आदि ने कहा कि 40 से 42 डिग्री गर्मी अप्रैल माह से ही रहने के कारण लोग गर्मी से बेहाल है तो दूसरी ओर घंटे-घंटे बिजली कट होने से परेशानी और दुगुनी हो जा रही है। नेताओं ने कहा कि दक्षिण बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड के आला अधिकारी इसे स्थानीय फॉल्ट और मेंटेनेंस बता कर अपना पल्लू झाड़ लेते हैं। परंतु स्थानीय फॉल्ट और मेंटेनेंस की समस्या आखिर कब दूर होगी ऐसी बातें विगत कई वर्षों से कहीं जा रही है। नेताओं ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन, साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के आला अधिकारियों से इस भीषण गर्मी में गयाजी शहर सहित देहात में 24 घंटे निर्वाध बिजली देने तथा घंटे-घन्टे बिजली कट की समस्या को अविलंब दूर करने की मांग की है।

# नगर आयुक्त ने विष्णुपद मंदिर में गंदगी पर जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक पलासिया ने आज गया के प्रमुख धार्मिक स्थल विष्णुपद मंदिर, फल्गु देवघाट और करसिल्ली क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सफाई विभाग की पूरी टीम भी मौजूद रही। आयुक्त ने मंदिर परिसर और उसके आसपास की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां गंदगी पाई गई, वहां तुरंत सफाई करवाई गई। देवघाट स्थित कई टॉयलेट की स्थिति बेहद खराब मिली। गंदगी और दुर्गंध को देखते हुए नगर आयुक्त ने मौके पर सफाई के निर्देश दिए और संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई। साथ ही पानी की परेशानी पर वेतन काटने का



आदेश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि टॉयलेट की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को असुविधा न हो। साथ ही टॉयलेट और अन्य स्थानों पर टूट-फूट पाए जाने पर उसे तुरंत दुरुस्त कराने का आदेश दिया गया। आयुक्त ने स्वच्छता पदाधिकारी को विष्णुपद और देवघाट के सभी टॉयलेट की साफ-सफाई, मेंटेनेंस और रखरखाव का संचालन किसी एजेंसी के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। लक्ष्मी नारायण उद्यान के निकासी स्थल पर नाले का पानी गिरते देख उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को पाइप लगाकर जल निकासी व्यवस्था को तुरंत ठीक करने का आदेश दिया। निरीक्षण के क्रम में श्मशान घाट के प्रवेश द्वार के पास एक प्याऊ बंद पाया गया जिस पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे जिम्मेदार कर्मियों की लापरवाही मानते हुए एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि धार्मिक स्थलों और उनके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री आते हैं। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी स्थान पर गंदगी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से बेहतर बनाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि गया की छवि एक स्वच्छ और सुव्यवस्थित तीर्थ स्थल के रूप में बनी रहे। वहीं इसके अलावा नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने ब्रह्सत्य त तालाब का निरीक्षण कर स्थल व शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां भी नियमित सफाई को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार, सिटी मैनेजर नाज मुजफ्फर, सफाई मुख्य निरीक्षक चन्द्रमोहन उर्फ चिंटू, सफाई निरीक्षण सिंधु कुमार सहित अन्य निगम कर्मी मौजूद थे।

# काराकाट में बीडीओ पर थप्पड़ चलाने वाला युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड कार्यालय, गोडारी में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने बीडीओ राहुल कुमार को थप्पड़ चला दिया। यह घटना वृद्धा पेंशन को लेकर चल रही बहस के दौरान हुई। आरोपी युवक की पहचान सुगीबाल निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार विकास कुमार अपने एक दोस्त के साथ प्रखंड कार्यालय में वृद्धा पेंशन से जुड़ी समस्या को लेकर बीडीओ राहुल कुमार से मिलने पहुंचा था। बातचीत के दौरान दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। आरोप है कि गहमा-गहमी बढ़ने पर विकास कुमार ने आपा खो दिया और बीडीओ से झड़प करते हुए उन्हें थप्पड़ मार दिया। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने तुरंत बीच-बचाव किया। घटना की सूचना मिलते ही काराकाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बीडीओ राहुल कुमार की लिखित शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विकास के साथ आए उसके दोस्त को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और लोक सेवक पर हमला करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद प्रखंड कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इधर, जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। वरीय अधिकारी पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रखंड कार्यालय में तनाव का माहौल है।

## गुड्डू कुमार का राष्ट्रीय स्तर पर चयन, पीएम से किया वर्चुअल संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत अनजबित सिंह कालेज बिक्रमगंज महाविद्यालय के छात्र गुड्डू ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा और राष्ट्र सेवा के समर्पण का लोहा मनवाया है। अंग्रेजी विभाग के छात्र एवं एनएसएस स्वयंसेवक गुड्डू का चयन 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' के अंतिम चरण के लिए हुआ था। इस उपलब्धि के साथ ही गुड्डू कुमार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वर्चुअल संवाद में शामिल होने का अवसर मिला। यह संवाद 12 एवं 13 अप्रैल को आयोजित किया गया जिसमें देशभर से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। गुड्डू कुमार की इस सफलता को महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी उपलब्धि से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देवेश पांडेय, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ अखलाख अहमद और हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार जी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रशासन के प्रधानाचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश राम ने कहा कि गुड्डू कुमार जैसा प्रतिभाशाली छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## बिक्रमगंज में रीपर मशीन पर लगा प्रतिबंध हटा, किसानों को राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा गेहूं कटनी के दौरान रीपर मशीन पर लगाया गया 10 दिवसीय प्रतिबंध शनिवार को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया। एसडीएम ने वाद संख्या-04/2026 में नया आदेश जारी कर प्रतिबंध निरस्त किया है। दरअसल, 12 अप्रैल 2026 को ज्ञापांक-1710 के माध्यम से अनुमंडल क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाओं की रोकथाम और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के तहत रीपर मशीन के उपयोग पर 10 दिनों की रोक लगाई गई थी। प्रशासन का मानना था कि गेहूं कटनी के समय रीपर से निकलने वाली चिंगारी खेतों में आग लगने का कारण बन सकती है। हालांकि आदेश के अनुपालन के क्रम में वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अब क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाओं में काफी कमी आई है तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य एवं नियंत्रित है। इसके मद्देनजर प्रतिबंध को जारी रखना आवश्यक नहीं समझा गया। अनुमंडल दण्डाधिकारी ने 18 अप्रैल 2026 को ज्ञापांक-1770 जारी कर पूर्व के आदेश ज्ञापांक-1710, दिनांक 12.04.2026 को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। यह नया आदेश आज से ही लागू हो गया है। प्रशासन ने बताया कि प्रतिबंध हटने से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। गेहूं कटनी का सीजन अपने चरम पर है और मजदूरों की कमी के बीच रीपर मशीन ही फसल काटने का मुख्य विकल्प है। 10 दिन की रोक से कटनी का काम प्रभावित हो रहा था और किसान परेशान थे। एसडीएम कार्यालय से जारी आदेश की प्रतिलिपि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी रोहतास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अपर समाहर्ता रोहतास, पुलिस अधीक्षक रोहतास एवं जिला पदाधिकारी रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे किसानों को आदेश की जानकारी दें ताकि वे बिना किसी बाधा के कटनी का काम पूरा कर सकें। साथ ही एहतियातन आग से बचाव के उपाय जारी रखने की अपील भी की गई है।

संपादकीय

# परिसीमन विधेयक विपक्ष उलझन में

मोदी सरकार द्वारा देश में पांच राज्यों में चली रही चुनाव प्रक्रिया के बीच अचानक परिसीमन विधेयक लाने और देश में राज्यों की लोकसभा सीटों को बढ़ाकर डेढ़ गुना करने ताकि महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके, का भाजपा और एनडीए को कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा, कहना मुश्किल है, लेकिन इसने समूचे विपक्ष को भारी उलझन में डाल दिया है कि वह बिल का खुलकर समर्थन करे अथवा विरोध? संसद में इस पर तीखी बहस होना तय है और सड़कों पर तो विपक्षी पार्टियों का अभी से शुरू हो गया है। कांग्रेस इसे 'हिस्सा चोरी' तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस बिल को जलाकर और काले झंडे दिखाकर अपना विरोध जता दिया है। गौरतलब है कि इस बिल में लोकसभा में सीटों की संख्या मौजूदा 543 से बढ़ाकर 850 करने तथा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का भी प्रस्ताव है। महिला आरक्षण का ये प्रस्ताव 2023 में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर आधारित हैं, जिसमें महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान था, लेकिन इसके लागू होने को भविष्य में होने वाली जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ा गया था। नए प्रस्ताव के मुताबिक़ लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाने के बाद महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। इसी को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। विपक्ष के मुताबिक सरकार डीलिमिटेशन प्रक्रिया के तहत उत्तर भारत और जिन राज्यों में वो मज़बूत है, वहां सीटों की संख्या बढ़ाना चाहती है। इससे उत्तर और दक्षिण भारतीय राज्यों में सीटों का फ़ासला बहुत बढ़ जाएगा, जो भाजपा को ही फ़ायदा पहुंचाएगा। इससे दक्षिण भारतीय राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कमज़ोर होगा। हालांकि सत्तारूढ़ भाजपा इन आरोपों का खंडन करते हुए कह रही है कि सभी परिसीमन के बाद राज्यों को बराबर प्रतिनिधित्व मिलेगा और महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित करके वो उनकी भागीदारी को बढ़ाना चाहती है। लेकिन विपक्ष को इस पर भरोसा नहीं हो रहा। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे बीजेपी का 'खतरनाक खेल' बताते हुए कि वह 2029 के चुनावों में अपने फ़ायदे के लिए सभी लोकसभा सीटों की सीमांकन प्रक्रिया अपने हिसाब से करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक सारी शक्ति डीलिमिटेशन कमीशन को सौंप देंगे जिसे सरकार खुद नियुक्त और निर्देशित करेगी। असम और जम्मू कश्मीर में ऐसा ही किया गया। उन्होंने कहा कि हम मोदी सरकार को ओबीसी, दलित और आदिवासियों से हिस्सा चोरी नहीं करने देंगे। सरकार जाति जनगणना के आंकड़ों की अनदेखी करना चाहती है। हम दक्षिणी, पूर्वोत्तर और छोटे राज्यों के साथ नाइंसाफ़ी को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि सरकार जो प्रस्ताव ला रही है, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप से हटकर देखें तो बीच चुनाव में यह बिल लाने की क्या इमरजेंसी थी, यह किसी की समझ नहीं आ रहा। हालांकि पांच में से तीन राज्यों में वोट पड़ चुके हैं। तमिलनाडु में भाजपा के लिए कोई संभावना नहीं है, लेकिन पश्चिम बंगाल में वो इस विधेयक का राजनीतिक लाभ लेना चाहेगी। कितना मिलेगा, यह अलग बात है। लेकिन तमाम दूसरे मुद्दों को लेकर लगातार भाजपा पर हमला करने वाली ममता बैनर्जी की तोप अब परिसीमन की तरफ मुड़ गई है। चूंकि यह संविधान संशोधन विधेयक है, इसलिए इसे पास कराने के लिए सदन की उपस्थित सदस्य संख्या के दो तिहाई बहुमत यानी 360 सदस्यों के समर्थन की जरूरत होगी। जबकि विपक्ष विरोध में वोट करने का मन बना चुका है। ऐसे में यह विधेयक पारित होगा या सिलेक्ट कमेटी को जाएगा, यह देखने की बात है।

# नया सम्राट, पुरानी समस्याएँ, क्या बदलेगा बिहार का भाग्य?

**बिहार की राजनीतिक धरती ने एक बार फिर इतिहास रचा है। लगभग दो दशक तक बिहार की कमान संभालने वाले नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और भाजपा विधायक दल ने सम्राट चौधरी को अपना नेता चुना। सम्राट चौधरी बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री होंगे, नवंबर 2025 के अभूतपूर्व चुनावी परिणाम में भाजपा बिहार विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। मुंगेर की माटी से आने वाले 57 वर्षीय सम्राट चौधरी का राजनैतिक कद रातों-रात नहीं बढ़ा – उनके पिता शकुनी चौधरी समता पार्टी के संस्थापकों में से एक और लालू प्रसाद यादव के निकट सहयोगी रहे थे। सम्राट की राजनीतिक यात्रा राजद से प्रारंभ होकर जेडीयू और फिर 2018 में भाजपा तक पहुँची। तारापुर की माटी से उठे इस नेता के कंधों पर अब बिहार की 13 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का बोझ है। राज्याभिषेक तो हो गया – किंतु असली प्रश्न यह है कि क्या सम्राट, बिहार की उन पुरानी और गहरी समस्याओं से पार पा सकेंगे जो दशकों से राज्य को पिछड़ेपन की जंजीरों में जकड़े हुए हैं?**

**जयदेव राठी**

नीतीश कुमार का मूल्यांकन कितना ही विवादास्पद हो, एक तथ्य निर्विवाद है – उन्होंने बिहार को लालू-राबड़ी के जंगलराज से निकालकर सुशासन की एक आधारभूमि दी। सड़कें बनीं, बिजली पहुँची, महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम चले। किंतु उनके दो दशक के शासन का सबसे बड़ा अधूरापन यह रहा कि बिहार आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में उस गति से नहीं दौड़ सका, जिसकी उसे दरकार थी। शिक्षा, रोजगार और औद्योगिक विकास – इन तीन मोर्चों पर बिहार आज भी राष्ट्रीय औसत से बहुत पीछे है। सम्राट चौधरी को यह विरासत संभालनी है – और इसमें न केवल पुराने घाव भरने हैं, बल्कि नए संकल्पों का बीजारोपण भी करना है।



बिहार की राजनीति में शराबबंदी एक ऐसा प्रश्न है जो हर दल को असहज करता है। यह फैसला सामाजिक दृष्टि से साहसिक तो है, किंतु राजस्व की दृष्टि से जोखिम भरा है – राज्य सरकार को इससे हर साल 5,000 से 6,000 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होता है। कुछ अर्थशास्त्री तो इससे भी बड़ी क्षति का आकलन करते है। आकडों के अनुसार 9 वर्षों में राज्य को एक लाख करोड़ का नुकसान हुआ है और औसतन हर साल 12,000 करोड़ की राजस्व क्षति होती रही है। दूसरी ओर, लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित एक शोध यह दर्शाता है कि 2016 में लागू शराबबंदी से 24 लाख से अधिक मामलों में शराब-सेवन और 21 लाख से अधिक मामलों में घरेलू हिंसा पर नियंत्रण हुआ। यह आँकड़े यह भी सिद्ध करते हैं कि शराबबंदी के सामाजिक लाभ नगण्य नहीं हैं। किंतु समस्या यह है कि शराबबंदी कागज़ों पर तो लागू है, व्यवहार में नहीं। अवैध शराब का कारोबार फला-फूला, ज़हरीली शराब से मौतें हुईं, और भ्रष्टाचार का एक नया पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो गया। सम्राट चौधरी के सामने यह कठिन विकल्प है – या तो शराबबंदी को वास्तव में क्रियान्वित करें, या इसकी नीतिगत समीक्षा का साहस दिखाएँ। भाजपा के लिए यह विषय और भी संवेदनशील है क्योंकि महिला वोट बैंक इससे सीधे जुड़ा है। राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने भी बिहार में शराबबंदी के जल्द समाप्त होने और आर्थिक संकट की आशंका जताई है। निर्णय जो भी हो – उसके दूरगामी परिणाम होंगे

बिहार की सबसे मर्मांतक पीड़ा उसके श्रमिकों का पलायन है। दिल्ली की निर्माण-स्थलों पर, मुंबई के कारखानों में, पंजाब और हरियाणा के खेतों में – बिहार का युवा दिहाड़ी मज़दूर बनकर काम करता है। यह पलायन केवल आर्थिक नहीं, सांस्कृतिक और सामाजिक क्षय का भी प्रतीक है। प्रत्येक वर्ष लाखों बिहारी अपना घर-परिवार छोड़कर रोज़ी-रोटी की खोज में निकलते हैं। इस पलायन को रोकने का एकमात्र उपाय है – बिहार में उद्योग, और उद्योग के लिए चाहिए बुनियादी ढाँचा, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, कानून-व्यवस्था, और निवेशकों का विश्वास। नीतीश शासन में कुछ प्रयास हुए – इन्वेस्टर्स समिट आयोजित हुए, घोषणाएँ हुईं – किंतु धरातल पर बड़े उद्योग नहीं आए। बिहार में न बंदरगाह है, न समतल भूमि का बड़ा विस्तार उद्योग के लिए उपयुक्त। बाढ़ की वार्षिक विभीषिका अलग है। सम्राट चौधरी को यह समझना होगा कि केवल घोषणाओं से पलायन नहीं रुकता – एक विश्वसनीय औद्योगिक नीति, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन, और कृषि-आधारित उद्योगों का विकास ही इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान है।

बिहार का भविष्य उसकी शिक्षा व्यवस्था की नींव पर टिका है – और यह नींव अभी भी खोखली है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी, भवनों का जर्जर होना, मध्याह्न भोजन में अनियमितता, और उच्च शिक्षा के गुणवत्ताहीन संस्थान – ये सब मिलकर बिहारी युवा को पहले दिन से पिछड़ेपन की ओर धकेलते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में बिहार के युवाओं की उपस्थिति उनकी जिजीविषा का प्रमाण है – किंतु यही युवा जब उचित शिक्षा-सुविधाओं से वंचित रहते हैं, तो यह राज्य की नहीं, पूरे देश की क्षति है। सम्राट चौधरी के लिए यह आवश्यक होगा कि वे शिक्षा को केवल योजनाओं में नहीं, प्राथमिकता के धरातल पर रखें। नालंदा और विक्रमशिला की धरती पर जहाँ कभी विश्व का सर्वश्रेष्ठ ज्ञानकेंद्र था, वहाँ आज की पीढ़ी को उस गौरव की पुनः प्राप्ति करानी है। इसके लिए चाहिए शिक्षकों की नियुक्ति में पारदर्शिता, तकनीकी शिक्षा का विस्तार, और निजी क्षेत्र की भागीदारी। बिहार को आज भी देश के सर्वाधिक पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के आधे से भी कम है। स्वास्थ्य सुविधाएँ दयनीय हैं। बाढ़ और सूखे का चक्र कृषि को तबाह करता रहता है। इस पिछड़ेपन का कलंक मिटाना केवल संख्याओं का खेल नहीं – यह जन-मानस में आत्मविश्वास की पुर्नस्थापना का प्रश्न है। बिहार की राजनीति, जो अपनी अनिश्चितता और अप्रत्याशित मोड़ों के लिए जानी जाती है, ने इस ऐतिहासिक परिवर्तन के साथ एक नया अध्याय खोला है। भाजपा के लिए बिहार अब केवल गठबंधन-धर्म का मैदान नहीं – यह उसकी शासन-क्षमता की वास्तविक परीक्षा है। सम्राट चौधरी को यह सिद्ध करना होगा कि भाजपा केवल सत्ता पाना जानती है, शासन चलाना भी जानती है। 1999 में राबड़ी देवी की सरकार में सबसे कम उम्र के कृषि मंत्री बने सम्राट की राजनीतिक परिपक्वता और विभिन्न दलों में काम करने का अनुभव उन्हें एक व्यापक दृष्टिकोण देता है। यह अनुभव उनकी सबसे बड़ी पूँजी है। किंतु बिहार की समस्याएँ व्यक्तिगत अनुभव से नहीं, नीतिगत साहस से हल होती हैं।

बिहार को एक ऐसे नेतृत्व की प्रतीक्षा है जो न केवल जंगलराज की स्मृति मिटाए, बल्कि विकास-राज की ऐसी इबारत लिखे जिसे आने वाली पीढ़ियाँ याद रखें। सम्राट चौधरी के सामने यह सुनहरा अवसर है, और यही सबसे कठिन परीक्षा भी। बिहार की जनता ने भाजपा को पहली बार सीधे सत्ता सौंपी है। यह विश्वास का मत है। इस विश्वास को यदि नीतियों में नहीं बदला गया, तो बिहार का मतदाता, जो राजनीतिक रूप से भारत का सर्वाधिक जागरूक मतदाता माना जाता है, अगली बार अपना हिसाब अवश्य माँगेगा।

अध्यात्म

## सच्ची खुशी और शांति बाहरी चीजों में नहीं

पुराने समय में एक राजा दान-पुण्य करने के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। रोज सुबह उसके महल के बाहर जरूरतमंदों की लंबी कतार लगती थी और राजा खुले मन से सबकी मदद करता था, लेकिन समय के साथ उसके मन में अपने अच्छे कार्यों का अहंकार भी आने लगा। उसे लगने लगा कि उससे बड़ा दानी इस दुनिया में कोई नहीं। एक दिन एक संत उसके दरबार में आए। राजा ने बड़े गर्व से कहा, 'गुरुदेव, आप जो चाहें मुझसे मांग सकते हैं। मैं आपकी हर इच्छा पूरी कर सकता हूं।'

संत समझ गए कि राजा को अपने दान का घमंड हो गया है। उन्होंने मुस्कुराते हुए अपना छोटा सा कमंडल आगे बढ़ाया और कहा, 'राजन्, बस इस कमंडल को स्वर्ण मुद्राओं से भर दीजिए।' राजा ने कमंडल को देखा और हंसते हुए कहा, 'इतना छोटा सा काम? यह तो अभी पूरा कर देता हूं।' उसने तुरंत अपनी थैली से स्वर्ण मुद्राएं निकालकर कमंडल में डाल दीं, लेकिन जैसे ही मुद्राएं अंदर गईं, वे गायब हो गईं।

राजा को आश्चर्य हुआ। उसने कोषाध्यक्ष को बुलाकर और मुद्राएं मंगवाईं, लेकिन हर बार वही हुआ, जितनी भी मुद्राएं डाली गईं, सब गायब हो जातीं और कमंडल खाली का खाली रहता।

अब राजा परेशान हो गया। उसने अपना पूरा खजाना मंगवा लिया और लगातार मुद्राएं डालता रहा, लेकिन कमंडल नहीं भरा। अंततः थककर उसने संत के सामने हाथ जोड़ दिए और कहा, 'गुरुदेव, कृपया इस रहस्य को बताइए। इतना धन डालने के बाद भी यह कमंडल क्यों नहीं भरता?'

संत ने शांत स्वर में कहा, 'राजन्, यह कमंडल मन का प्रतीक है। जैसे यह कभी नहीं भरता, वैसे ही मन भी कभी संतुष्ट नहीं होता। धन, सुख-सुविधाएं, पद और ज्ञान, कुछ भी मन को पूरी तरह नहीं भर सकता। इच्छाएं हमेशा बढ़ती रहती हैं।' राजा को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने समझ लिया कि सच्ची शांति दान से नहीं, बल्कि अहंकार और इच्छाओं के त्याग से मिलती है।

**सीखः** मनुष्य की इच्छाएं कभी खत्म नहीं होतीं। जितना हम पाते हैं, उतना ही और पाने की चाह बढ़ती जाती है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करें। संतुष्टि का अभ्यास करें, तभी मन शांत रहेगा। अहंकार हमारे अच्छे कार्यों की भी कीमत कम कर देता है। जब हम खुद को दूसरों से श्रेष्ठ समझने लगते हैं, तब हमारा मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। विनम्रता जीवन को सरल और सुखद बनाती है।

# वैश्विक तनाव के बीच भारत की सधी हुई चाल

**भारत और ऑस्ट्रिया के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के तहत ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है। लगभग चार दशकों के बाद किसी ऑस्ट्रियाई चांसलर का भारत आगमन न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का संकेत है, बल्कि यह वैश्विक परिदृश्य में बदलती प्राथमिकताओं के बीच नई साझेदारी के निर्माण का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं।**

**नीरज कुमार दुबे**


भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं, रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रियाई कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही है।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल पंद्रह महत्वपूर्ण समझौते और पहलें सामने आई, जो रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रस्ताव, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति देने के लिए सैन्य मामलों में सहयोग पर एक आशय पत्र पर सहमति बनी है। इसके तहत रक्षा उद्योग, नीति संवाद, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पहल भारत और यूरोप के बीच हाल ही में हुए सुरक्षा सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेगी।

आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक फास्ट ट्रैक तंत्र स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे दोनों देशों की कंपनियों और निवेशकों को आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सकेगा। इससे व्यापार को सुगम बनाने और निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए ऑडियो विजुअल सह उत्पादन समझौता किया गया है, जिससे दोनों देशों के फिल्म उद्योग के बीच संयुक्त निर्माण और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत वैज्ञानिक सहयोग, मानकों के आदान प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जाएगा। इससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को भी मजबूती मिलेगी।

इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें प्रशिक्षुता प्रणाली, ज्ञान साझा करने और योग्यता की पारस्परिक मान्यता पर जोर दिया गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए संरचित संवाद शुरू करने और तकनीकी विश्वविद्यालयों के माध्यम से भारतीय छात्रों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है।

इस यात्रा के दौरान स्टार्टअप सहयोग को बढ़ाने, साइबर सुरक्षा संवाद शुरू करने, अंतरिक्ष उद्योग में संयुक्त सेमिनार आयोजित करने और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम को लागू करने जैसी घोषणाएं भी की गई। उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्वांटम तकनीक, मशीन लर्निंग, जल शोधन और सामग्री विज्ञान में संयुक्त अनुसंधान को साझेदारी का मुख्य आधार बनाया गया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि भारत की प्रतिभा और ऑस्ट्रिया की नवाचार क्षमता मिलकर वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर सकती है। उन्होंने रक्षा, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और क्वांटम क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। इसके अलावा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाया है। वर्ष 2023 में हुए प्रवासन और गतिशीलता समझौते के तहत अब नर्सिंग क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। युवा आदान प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

साथ ही वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि सैन्य संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चाहे यूक्रेन का संकट हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, दोनों देशों ने स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया। साथ ही वैश्विक संस्थाओं में सुधार और आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

हम आपको एक बार फिर बता दें कि ऑस्ट्रिया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण यूरोपीय साझेदार है। यह मध्य और पूर्वी यूरोप में प्रवेश का एक प्रमुख द्वार है और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उन्नत इंजीनियरिंग में इसकी विशेषज्ञता भारत के विकास कार्यक्रमों के लिए उपयोगी है। दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और यह लगभग तीन अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच चुका है। देखा जाये तो भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रभाव वैश्विक भू-राजनीति पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूरोप के मध्य में स्थित ऑस्ट्रिया, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सेतु का काम करता है, जिससे भारत को यूरोप के बाजारों, तकनीक और निवेश तक बेहतर पहुंच मिलती है। इस सहयोग से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका और अधिक मजबूत होगी, विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इसके साथ ही, ऑस्ट्रिया का भारत के प्रति समर्थन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करेगा, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता जैसे मुद्दों पर। दक्षिण एशिया के संदर्भ में यह साझेदारी भारत की रणनीतिक बढ़त को और मजबूत करेगी, क्योंकि उन्नत तकनीक, रक्षा सहयोग और आर्थिक निवेश के माध्यम से भारत क्षेत्रीय नेतृत्व को और प्रभावी ढंग से स्थापित कर सकेगा। इससे न केवल भारत की सुरक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि वह क्षेत्र में स्थिरता, विकास और संतुलन बनाए रखने में भी अधिक सक्षम भूमिका निभा सकेगा।

बहरहाल, ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर नवाचार केंद्रित और भविष्य उन्मुख साझेदारी की ओर अग्रसर हैं। दोनों देशों ने मिलकर एक ऐसे सहयोग मॉडल की नींव रखी है जो न केवल द्विपक्षीय हितों को साधेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी स्थिरता और प्रगति में योगदान देगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप बच्चों के भविष्य को लेकर चिन्तित रहेंगे। पुरानी उलझनों में आप दोबारा उलझ सकते हैं। विवादों से आपको दूर रहना चाहिये।

**वृषभ**
व्यावसायिक क्षेत्र में आपको शानदार सफलता मिल सकती है। अपना काम आपको स्वयं ही करना चाहिये। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर कुछ दबाव हो सकता है।

**कर्क**
आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। किसी जरूरी काम में भागीदारी करनी पड़ सकती है। नयी नौकरी में हैं तो कुछ समस्या आ सकती है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आपको अपने खर्चों को कम करना पड़ेगा। व्यापार में नवप्रयोग करने से आपको बचना चाहिये।

**कन्या**
आप अत्यधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे। आपको उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आप लोगों को शुभ कार्यों के लिये प्रोत्साहित करेंगे।

**तुला**
मांगलिक कार्यों की योजना बना सकते हैं। संचित धन किसी गलत काम में खर्च हो सकता है। छोटे बच्चों के व्यवहार को लेकर चिन्ता होगी।

**वृश्चिक**
नौकरीपेशा लोगों को नयी नौकरी के अवसर मिल सकते है। आय की स्थिति बेहतर रहने वाली है। पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध मधुर रहने वाले हैं।

**धनु**
आर्थिक मामलों के लिये समय अच्छा नहीं है। मित्रों के साथ टकराव हो सकता है। कार्यक्षेत्र के माहौल पर नजर बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में नयी तकनीकों का प्रयोग उचित नहीं होगा।

**मकर**
परिजनों के साथ सार्थक समय बितायेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको लाभ मिलेगा। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। बेरोजगार लोगों को अच्छी कम्पनी से जॉब मिल सकती है।

**कुंभ**
आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जिसके लिये शायद आप तैयार न हों। नयी सम्पत्ति खरीदना चाह रहे हैं तो दिन बहुत शुभ है। रुका हुआ काम बनेंगे।

**मीन**
यदि आप किसी जिम्मेदार पद पर हैं तो आपके पास आज दोहरी जिम्मेदारी रहेगी। आपको अपनी उत्तेजना पर नियन्त्रण रखना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### बारा पैक्स का चुनाव अगले आदेश तक स्थगित, मतदाता विवाद की बताया कारण

**मसौढी (नबिटासं)।** मसौढी प्रखंड के तीन पैक्स में आगामी 20 अप्रैल को मतदान होनी थी, लेकिन मतदाता विवाद में एक-एक करके दो पैक्स का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। सबसे पहले नदौल पैक्स को अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश निर्गत किया गया था, वहीं अब बारा पैक्स को भी बीते शुक्रवार की देर शाम को पत्र जारी करते हुए अगले आदेश तक चुनाव को स्थगित करने का पत्र जारी कर दिया गया है। ऐसे में बारा पैक्स में अब चुनाव नहीं होगा अब सिर्फ चरमा पैक्स में ही मतदान होनी है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जहां तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। बहरहाल यह पूरी घटना की पटकथा नॉमिनेशन रद्द होने के दौरान ही हो गई थी। दरअसल सबसे पहले नदौल पैक्स में नॉमिनेशन के स्क्रुटनी के दौरान बैंक शेयर मनी की कमी बताकर धर्मेंद्र कुमार का नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया था, जिसको लेकर प्राधिकार के पास शिकायत पहुंचने के बाद जांच के दौरान उसका चुनाव अगले आदेश तक स्थगित कर गई थी, उसके बाद बारा पैक्स में भी चुनाव लड़ रहे दो उम्मीदवारों में कौशल कुमार और सहजानंद शर्मा के बीच थी जहां कौशल कुमार का भी नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया था, जिसको लेकर विभाग में शिकायत के बाद बारा पैक्स को भी अगले आदेश तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया है अब बस एक ही पंचायत चरमा पैक्स का चुनाव रह गया है जिसकी तैयारियां चल रही है।

### बाल मजदूरी मामले में पांच प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज, छह बाल मजदूर कराए गए थे मुक्त

**मसौढी (नबिटासं)।** बाल श्रम पर रोक लगाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गठित धावादल के द्वारा लगातार चल रही छापेमारी के दौरान बीते 16 अप्रैल को मसौढी बाजार के विभिन्न इलाकों में हुई छापेमारी के दौरान कुल पांच प्रतिष्ठानों में छह बाल मजदूर को मुक्त कराए गए थे, ऐसे में बाल मित्र के जिला समन्वयक मनीष कुमार एवं कार्यक्रम प्रबंधक जितेंद्र कुमार और उप निरीक्षक इंद्रा कुमारी के संयुक्त छापेमारी के दौरान पांच प्रतिष्ठानों पर मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। दर्ज किए गए प्राथमिकी में मेंन रोड के श्री राम विआईपी स्टोर से एक बाल मजदूर मुक्त कराए गए थे, वहीं गणेश किराना ब्लॉक रोड से एक बाल मजदूर, हिंद ऑटो सर्विस सेंटर ब्लॉक रोड से एक, सागर मोटरसाइकिल दुकान से दो और ऋषभ मिष्ठान भंडार से एक बाल मजदूर को मुक्त कराया गया था। ऐसे में बाल श्रम अधिनियम के सुसंगत धाराओं में मसौढी थाने में बाल मित्र के जिला समन्वयक मनीष कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई हैं। इसके अलावा मसौढी बाजार के सभी दुकानदारों से अपील की है कि अपने-अपने दुकानों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी नहीं करवाई अन्यथा उन पर सख्त रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बैरिया के मच्छरगांवा में चाकू मारकर हत्या

**बैरिया (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलियाखांड़ मच्छरगांवा के बैरा टोला में शुक्रवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान छबिला यादव के पुत्र राधेश्याम यादव (25 वर्ष)के रुप में की गयी। पुलिस के अनुसार, राधेश्याम शाम को घर के पास मच्छरगांवां चौक पर कुछ युवकों से हाथापाई में उलझ गया था, जिसे स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर शांत कराया और उसे घर जाने की सलाह दी। जैसे ही राधेश्याम अपने घर के दरवाजे पर पहुंचा, अचानक चार-पांच बाइकों पर सवार 15 से 20 युवक वहां पहुंच गए। उन्होंने राधेश्याम पर हमला बोल दिया और चाकू से गोदकर बुरी तरह जख्मी कर दिया।ग्रामीणों के पहुंचने तक हमलावर बाइक स्टार्ट कर फरार हो गए। परिजन ने घायल राधेश्याम को इलाज के लिए अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।एसडीपीओ रजनीश कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि उन्होंने स्वंय और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में महिला की छेड़खानी को लेकर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन अभियुक्तों संतपुर निवासी रोहित कुमार खैरा टोला निवासी बबलू कुमार समेत तीन को हिरासत में लिया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इधर हत्याकांड के विरोध में आक्रोशितों ने शव को मच्छरगांवा चौक पर रखकर आरोपी युवकों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि आरोपी इतने बेखौफ हो गए हैं कि घर के दरवाजे पर घुसकर हत्या कर रहे हैं। सदर एसडीपीओ रजनीश कांत प्रियदर्शी ने परिजनों को सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा जांच जारी है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर बाकी गिरफ्तारियां की जाएंगी।

### बिजली की आंखमिचौली से उपभोक्ता बेहाल, दिन-रात कटौती से बढ़ी परेशानी

**मझौलिया (नबिटासं)।** बढ़ती गर्मी के साथ क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले चार से पांच दिनों से लगातार हो रही बिजली की आँखमिचौली से लोग खासे परेशान हैं। उपभोक्ता धीरज चौरसिया, मुन्ना सिंह, योगेंद्र महतो, अमित पांडेय, गोल्डेन पांडेय, रामदेव शर्मा, नगीना शर्मा और सुरेंद्र मुखिया समेत कई लोगों ने बताया कि दिन हो या रात, मुश्किल से एक घंटा बिजली मिलती है, उसके बाद फिर कटौती शुरू हो जाती है।लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली की यह स्थिति उनके लिए भारी संकट बन गई है। खासकर रात के समय बार-बार बिजली कटने से नींद पूरी नहीं हो पाती, वहीं बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं, साथ ही पानी की समस्या भी गहराने लगी है, क्योंकि अधिकांश घरों में मोटर से पानी की आपूर्ति होती है।कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार में बदलाव के बाद से बिजली की स्थिति और खराब हो गई है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।इधर, विद्युत विभाग के एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि रात के समय सप्लाई में थोड़ी समस्या जरूर आ रही है, क्योंकि ऊपर से ही बिजली की आपूर्ति कम मिल रही है। उन्होंने कहा कि जितनी सप्लाई मिलती है, उसी के अनुसार वितरण किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि दिन के समय बिजली आपूर्ति अपेक्षाकृत नियमित बनी हुई है।फिलहाल, उपभोक्ताओं ने बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार की मांग की है, ताकि इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।

### नरकटियागंज में पुलिस ने आधा दर्जन होटलों में चलाया संघन अभियान

**नरकटियागंज (नबिटासं)।** नगर में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार की रात शिकारपुर पुलिस ने शहर के आधा दर्जन से अधिक नामचीन होटलों में जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके और होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। शिकारपूर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर के द बोधि ट्री, चाणक्या, श्री राम, महादेव, राजमहल और गेस्ट हाउस समेत कई आवासीय होटलों में एक साथ जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस ने होटल के हर कमरे की बारीकी से तलाशी ली। ठहरे हुए मेहमानों के पहचान पत्रों का भौतिक सत्यापन किया। एंट्री और एग्जिट रजिस्टर की गहन जांच की।व्यक्तियों के सामान और बैगों की तलाशी ली गई।होटल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया ताकि संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया जा सके। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने होटल संचालकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यह रूटीन चेकिंग अभियान चलाया गया है। सभी होटल मालिकों को निर्देशित किया गया है कि यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुरक्षा के मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।वही पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की उद्देश्य से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे। देर रात तक चली इस छापेमारी के बाद शहर के अन्य व्यवसायियों में भी पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा बनी रही।

# मसौढ़ी जेल में औचक छापेमारी, कैदी वार्डों में सघन तलाशी, मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी जेल में शनिवार कि सुबह जेल प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मसौढ़ी उपकारा में औचक छापेमारी की। सभी कैदी वार्डों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुबह करीब 7 बजे एसडीएम अभिषेक कुमार एएसपी कोमल मीणा,डीएसपी-2 कन्हैया कुमार जेल सुपरीटेंडेंट विपीन कुमार और सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जेल परिसर में दाखिल हुए। टीम ने जय प्रसार के अंतर्गत गौतम खंड गंगा खंड और महावीर खंड के एक-एक वार्ड, बैरक और रसोई की बारीकी से जांच की।




कैदियों के सामान, बिस्तर और शौचालय तक की तलाशी ली गई। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया, "यह रूटीन चेकिंग का हिस्सा है। जेल में किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर औचक छापेमारी की जाती है। आज सभी वार्डों की सघन तलाशी ली गई है।"छापेमारी के दौरान सुरक्षा मानकों की जांच की गई। फिलहाल कोई बड़ी आपत्तिजनक वस्तु बरामद होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। वहीं एसपी कोमल मीणा ने बताया की जेल की सुरक्षा सर्वोपरि है। कैदियों और बंदियों के बीच अनुशासन बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बहरहाल छापेमारी के दौरान पूरे जेल परिसर को सील कर दिया गया था और बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहा। करीब दो घंटे तक चले इस अभियान में सघनता से तलाशी ली गई,प्रशासन का कहना है कि ऐसी छापेमारी से जेल में अवैध गतिविधियों पर रोक लगती है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है। फिलहाल मसौढ़ी जेल में स्थिति सामान्य है। आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए गार्डासिल वैक्सीनेशन अभियान

## 14-15 साल की 134 किशोरियों को लगा टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए गार्डासिल वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा चुके हैं।लक्ष्य सभी पात्र किशोरियों को कवर करना है।टीकाकरण के बाद सभी किशोरियों को 30 मिनट तक निगरानी में रखा गया। एएनएम



रहा है। अब तक 14 से 15 साल की उम्र की कुल 134 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है।

स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान में स्कूलों और आंगनबाड़ी के माध्यम से किशोरियों को जागरूक कर टीकाकरण केंद्र लाया जा रहा है। टीका पूरी तरह मुफ्त दिया जा रहा है। लृढश वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से 90% तक सुरक्षा देती है। 14 से 15 साल की उम्र टीके के लिए सबसे उपयुक्त है। अब तक 134 बच्चियों को पहला डोज दे और आशा कार्यकताओं द्वारा टीके के फायदे और दूसरे डोज की तारीख भी बताई गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रामानुज ने बताया कि लृढश गार्डासिल वैक्सीन के 2 डोज 6 महीने के अंतराल पर लगाए जाते हैं। पहला डोज लगने के बाद दूसरा डोज समय पर लगवाना जरूरी है। अपील है कि 9 से 14 साल की सभी किशोरियां नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर यह टीका जरूर लगवाएं। मौके पर रमेश पटेल, भूषण प्रसाद अन्य शामिल रहे हैं।

# पुलिस ने जुआ खेलते छह को पकड़ा, ताश की पत्ती एवं 9030 रुपए किए जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन पुलिस नगर मुख्यालय स्थित जाहिदपुर से शुक्रवार की शाम जुआ खेलते छह जुआरियों को पकड़ा और उन्हे थाने लेकर चली आयी, मौके पर खेल रहे ताश के पत्ते और 9030 भी जप्त किया गया है।.इधर पकड़े गये जुआरियों में कई मानिन्दे लोगों के होने की बजह से पुनपुन थाना में भीड़ इकठ्ठा हो गयी जो देर शाम तक जमीन हुयी थी. बताया जाता है कि एक महिला के शिकायत के बाद पुलिस वहां छापामारी की थी गिरफ्तार जुआरियों मे सुभाष मांझी पिता-फागुनी मांझी सा०-मनोरा, त्रषिकेश कुमार पिता-रविन्द्र सिंह सा०-रसलचक, विक्की



कुमार पिता-सतीश सिंह सा०-पुनपुन. अशोक कुमार पिता-वासुदेव साहु सा०-मनोरा गुमटी, संजीत कुमार पिता-लालु प्रसाद सा०-पकड़ी ओला 6. विनोद कुमार पिता-विजेन्द्र सिंह सा०-केला बगान आदी है।.बताया जाता है कि जाहिदपुर की एक महिला जिसका पति पकडे गये जुआरियों मे शामिल है, ने शुक्रवार की शाम पुलिस से शिकायत की थी कि उसका पति घर का पैसा हार जाने के बाद बैंक से पैसा निकालकर जुआ खेल रहा है.पुलिस महिला के शिकायत पर जाहिदपुर मे छापामारी करते हुये छह से उपर जुआरियो को पकड़ लिया. इधर इस संबंध मे थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि जुआ खेलने वाले आधा दर्जन लोग पुलिस को देख भाग निकले थे. पकडे गये लोग जो भी है वहां खड़ा होकर देख रहे थे वही पकडे गये है.पुलिस सत्यापन कर रही है।

### एईडीओ परीक्षा : 2753 परीक्षार्थी हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा जिले के 17 निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई गई है। परीक्षा के चौथे दिन प्रथम पाली में कुल 2753 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 3703 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल आयोजन में सभी केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी -सह-प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी -सह- गश्ती दल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, सहायक परीक्षा संयोजक, नोडल पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# ऑटो से शराब तस्करी, 500 लीटर देसी शराब के साथ चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** अवैध देशी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुनपुन पुलिस ने एक ऑटो में पॉलिथीन से भरा हुआ देसी शराब को जप्त किया है। जप्त किए गए देसी शराब में तकरीबन 500 लीटर देसी शराब जप्त की गई है। मौके पर एक सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की अलाउद्दीन चक से एक शराब से लदा हुआ टेम्पो मनोरा गुमटी से होकर गुजरने वाला है। जिसकेआधार पर सघन वाहन चेकिंग लगाकर एक ऑटो से करीब 500 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया है,एवं



ऑटो चालक मुन्ना राम पे स्व रविंद्र राय ग्राम अलाउद्दीन चक को गिरफ्तार किया गया है। शराब की खेत किसको पहुंचानी थी कहां से लाने थी इन तमाम बिंदुओ पर पूछताछ की जा रही है।

# करजान ताजपुर पुल निर्माण कंपनी पर मनमानी का आरोप

## बीडीओ ने किसानों से की बात , कई किसानों ने अपनी समस्या से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना जिला अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड अंतर्गत निमार्णाधीन करजान ताजपुर पुल निर्माण कंपनी के मनमाने क्रियाकलापों से नाराज कई किसानों ने शनिवार को मोर्चा खोल दिया। कल्याणपुर के निमार्णाधीन अंडरपास के निकट किसानों के जुटने की खबर मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, मार्केटिंग ऑफिसर, निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि सहित एसआई बंटी कुमार के नेतृत्व में अथमलगोला थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। और किसानों से बातचीत की। किसान योगेंद्र राय ने बताया कि मेरी खाता



संख्या 353 की 17.5 डीसेमिल जमीन पर निर्माण कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से कब्जा किया जा रहा है। जिसका हम सभी किसान विरोध करते हैं। जितनी जमीन अधिगृहीत की गई है। उसका मुआवजा मिल चुका है। लेकिन पुनः मेरी रैयती भूमि पर बिना किसी सूचना के कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। किसान चंद्रिका राय ने बताया कि मेरी भी खाता संख्या 248 की पांच धुर जमीन पर जबरन बिना किसी नोटिस के अख्तियार का प्रयास किया जा रहा है। किसान राजाराम चौधरी ने भी तीन डेसिमल जमीन पर कब्जे की बात कही। किसानों ने कहा कि बिना समस्या निष्पादन के अपनी जमीन पर कार्य नहीं होने देंगे। मौके पर मौजूद बीडीओ ने कहा कि विधि व्यवस्था सामान्य है।और निर्माण कार्य निर्बाध जारी है। किसानों की मांग से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। किसानों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कंपनी अगर अधिगृहित भूमि से ज्यादा जमीन ले रही है तो इसके लिए जिला प्राधिकार में आवेदन दें।

# बालू माफिया के हौसले बुलंद, तेज रफ्तार में गाड़ी निकालने के दौरान निमाणाधीन ओभरब्रीज पिलर को किया क्षतिग्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** ओवरलोडेड और भारी माल वाहक वाहनों पर रोक लगाने को लेकर प्रशासन ने भले ही रेलवे घगुमटी के पास एंगल लगा दिया है। बावजूद बालू माफिया मेंन रोड से अपने हाइवा का आवागमन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह घटना बिते देर रात की है, जहां पर एक बालू लदे हाईवे जो आनन फानन में मेंन रोड से निकालने की कोशिश कर रहे थे जहां पर निमार्णाधीन ओवर ब्रिज के पोल को क्षतिग्रस्त करते हुए बिजली के



पोल को भी टक्कर मार दी है जिससे शॉर्ट सर्किट लगने से आसपास से 4 मीटर जल गए हैं, इसके अलावा बिजली मीटर के ऊपर लगे हुए भी कैप्लींग भी टूट गई है। बहरहाल बालू माफिया के हौसले इतने बुलंद दिख रहे हैं कि अपने गाड़ी को पास करवाने के लिए चार थार गाड़ियों से एस्कॉर्ट करते हैं इसके अलावा जो भी सामने आते हैं उसे हाथ-पाई करने से बाज नहीं आता है यहां तक की पुलिस से भीड जाते हैं।

### नूरा गांव में सियार के आतंक से मछली पालक परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी मसौढ़ी प्रखंड के नूरा गांव में इन दोनों सियार के आतंक से मछली पालक परेशान हैं, दरअसल पिछले कई दिनों से मछली फार्म हाउस में रात को सियार घुस आते हैं और उसमें हंस को काट दे रहा है बीते रात को भी नुरा गांव के किसान चितरंजन सिंह की मछली फार्म में घुसकर 10 हंस को काट डाला है, जिसकी मौत हो गई है। दरअसल सभी मछली पालक अपने-अपने फार्म हाउस में पानी को साफ करने के लिए हंस भी पाल रखे होते हैं इस हंस के जरिए गंदे मछली तालाब को साफ सुथरा रखने में मदद मिलती है ऐसे में इन दोनों सियार के आतंक से सभी मछली पालक परेशान है ।

# हाई-वैल्यू फसलों से बदलेगी किस्मत छोटे खेत से बड़ी कमाई का रास्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मझौलिया।** बदलते समय में खेती अब केवल पारंपरिक फसलों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि नए विकल्प किसानों के लिए खुशहाली के दरवाजे खोल रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि यदि किसानों को अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करनी है, तो उन्हें धान-गेहूं के पुराने ढर्रे से बाहर निकलकर फल, सब्जी और मसालों जैसी हाई-वैल्यू फसलों की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने बताया कि आज के दौर में बाजार की मांग के अनुसार फसल चयन ही सफलता की कुंजी बन चुका है। यही कारण है कि कम जमीन होने के बावजूद केरल और मेघालय जैसे राज्यों के किसान देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक समृद्ध हैं।

आंकड़ों के अनुसार, मेघालय में किसानों की आय राष्ट्रीय औसत से 187.2 प्रतिशत अधिक है, जबकि केरल में यह 75.3 प्रतिशत ज्यादा दर्ज की गई है।डॉ. सिंह के अनुसार इन राज्यों की सफलता का सबसे बड़ा राज बागवानी और हाई-वैल्यू फसलों को अपनाना है। इन फसलों में कम जमीन पर भी अधिक उत्पादन और बेहतर दाम मिलने की संभावना रहती है।

# विवाह समारोहों के लिए समय पर एलपीजी आपूर्ति प्रशासन की प्राथमिकता एडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने कहा है कि विवाह समारोह वाले जरूरतमंद परिवारों को समय पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि उत्सव के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री सिन्हा ने बताया कि जिन परिवारों में शादी का कार्यक्रम निर्धारित है, उन्हें संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ विवाह का निमंत्रण पत्र संलग्न करना अनिवार्य किया गया है।

साथ ही, आवेदकों को समारोह में आने वाले अतिथियों की संभावित संख्या तथा आवश्यक गैस सिलेंडरों की मांग का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।उन्होंने कहा कि शादी समारोहों में गैस के बढ़ते उपयोग को सुव्यवस्थित करने के लिए रसोइयों और कैटरर्स को भी दायरे में लाया गया है। सभी कैटरर्स के लिए वाणिज्यिक गैस उपयोग हेतु अनिवार्य रूप से निबंधन कराना जरूरी होगा। संबंधित तेल कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि आवेदन प्राप्त होने के 5 से 7 दिनों के भीतर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। विवाह कार्य हेतु आवंटित गैस के दुरुपयोग पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।श्री सिन्हा ने बताया कि गैस वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है।

# पुनपुन में 'सूर्य घर' योजना का विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** पुनपुन प्रखंड परिसर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना था। शिविर की अध्यक्षता विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने की, इस दौरान विद्युत सहायक अभियंता सीएमके निराला, कनीय अभियंता दीपू कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जोड़कर बढ़ते बिजली बिलों से राहत दिलाना था।




कैंप में उपभोक्ताओं को घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी, योजना की लागत, आवेदन प्रक्रिया और इसके विभिन्न लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। दो उपभोक्ताओं ने मौके पर आवेदन करके योजना में अपनी रुचि दिखाई। बिजली एसडीओ ने बताया कि बढ़ती बिजली खपत और महंगे बिलों के बीच यह योजना आम लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में लगातार ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जा सके और हर घर तक स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा पहुंचाई जा सके।

वहीं विधुत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि इसके तहत ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। आवेदन के बाद, संबंधित वेंडर उपभोक्ता से संपर्क कर उनके घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अलग-अलग लोड के अनुसार सब्सिडी का प्रावधान है और इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए ईएमआई (किस्तों में भुगतान) की सुविधा भी उपलब्ध है। यह योजना न केवल बिजली के खर्च को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# पूर्व विधायक के परिजनों के साथ मारपीट

## ओवरब्रिज पर कार रोककर किया हमला ☐ तीन आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** आरा में रोडरेज का मामला हिंसक रूप लेता नजर आया। सरोज यादव के परिजनों के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी ओवरब्रिज पर हुई।

हमले में पूर्व विधायक के भाई, पुत्र और भतीजे घायल हुए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।



प्राथमिकी के अनुसार पीड़ित परिवार कार से कार्यक्रम में जा रहा था। इसी दौरान बुलेट सवार आरोपितों ने वाहन को रोका। इसके बाद सभी को कार से खींचकर मारपीट की गई। आरोप है कि सोने की चेन और अंगूठी भी छीन ली गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पिस्तौल दिखाकर डराया। ओवरब्रिज से नीचे फेंकने का भी प्रयास किया गया। जान से मारने की धमकी भी दी गई।

घटना को लेकर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है।

पुलिस ने अंकित कुमार, नीतीश कुमार और सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी श्रीटोला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। मामले में अन्य आरोपितों की भी तलाश जारी है। जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

सूत्रों ने बताया कि घटना रोडरेज के कारण हुई। साइड देने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। बात बढ़ने पर मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** अकबरपुर बाजार के समीप शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 36 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकबरपुर निवासी रेशमा खातून अपने मायके नवादा जाने के लिए गया स्टेशन जाने हेतु सड़क किनारे खड़ी बच्चे के साथ बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान डोभी से गया की ओर जा रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार महिला को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गई, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने सुबह 11 बजे बताया इस हादसे में उनके साथ मौजूद तीन बच्चे–अशद खान (12 वर्ष), अयान खान (12 वर्ष) और निदा परवीन (10 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डोभी-गया सड़क मार्ग को जाम कर दिया।

# नये आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला के 15वें उपायुक्त के रूप में सौरभ कुमार भुवानिया ने किया पदभार ग्रहण, सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को बताया प्राथमिकता।




भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी श्री भुवानिया ने खूंटी जिला के 15वें उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त आर रॉनिटा से कार्यभार संभाला।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया से बात करते हुए नवनियुक्त उपायुक्त श्री भुवानिया ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति देते हुए उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि जिले की समग्र प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी, मीडिया प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त उपायुक्त का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# जैन धर्म में अक्षय तृतीया का महत्व

**एम पी जैन**



जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) ने दीक्षा कल्याणक होने के बाद छः माह तक घोर तपस्या की। छः माह के बाद आहार लेने के लिए ऋषभदेव भगवान ने अनेक ग्राम नगर शहर में विहार किया, किन्तु जनता व राजा लोगों को जैन मुनि के आहार की विधि( जैन धर्म में मुनियों के आहार लेने की एक अलग विधि होती है ) मालूम न होने के कारण ऋषभदेव भगवान को धन, कन्या, पैसा, सवारी आदि अनेक वस्तु दी। भगवान ने यह सब नहीं लिया क्योंकि किसी ने भी भगवान्‌को विधि पूर्वाक आहार नहीं दिया। तब ऋषभदेव पुनः वन में पहुंच कर छःमाह की तपस्या और की. इस प्रकार कुल एक वर्ष तक भूखे रहकर तपस्या करने के पश्चात ऋषभदेव भगवान पुनः आहार चर्या के लिए घूमने लगे। उस समय हस्तिनापुर में महाराज सोमप्रभ राजा राज करते थे. उनके श्रेयांस नाम के भाई थे।

एक दिन रात्रि के समय सोते हुए श्रेयांस को कुछ स्वप्न आये। उन स्वप्नों में मंदिर, कल्पवृक्ष, सिंह, वृषभ, चंद्र, सूर्य, समुद्र, आग, मंगल द्रव्य यह अपने राजमहल के समक्ष स्थित हैं ऐसा उस स्वप्न में देखा तब सुबह में उठकर उक्त स्वप्न के बारे में अपने जेष्ठ भ्राता राजा सोमप्रभ से कहे, तब ज्येष्ठ भ्राता सोमप्रभ ने अपने विद्वान पुरोहित को बुलाकर स्वप्नों का फल पूछा। पुरोहित ने जबाव दिया- राजन ! आपके घर श्री ऋषभदेव भगवान पारणा (उपवास के बाद प्रथम आहार लेना) के लिए पधारेंगे, यह सुनकर सबको आनंद हुआ।

इधर भगवान ऋषभदेव आहार (भोजन) हेतु भ्रमण करते हुए हस्तिनापुर नगर के राजमहल के सामने पधारे। राजा श्रेयांस को भगवान ऋषभदेव का श्रीमुख देखते ही उसी क्षण अपने पूर्व जन्म में एक सरोवर के किनारे दो चारण मुनियों को आहार दिया था-उसका स्मरण हो गया। अतः आहारदान की समस्त विधि जानकर श्री ऋषभदेव भगवान को तीन प्रदक्षिणा देकर पड़गाहन किया व भोजन गृह में ले गये। तब श्रेयांस राजा और उनकी धर्मपत्नी सुमतीदेवी व ज्येष्ठ बंधु सोमप्रभ राजा अपनी लक्ष्मीपती आदि ने मिलकर श्री भगवान ऋषभदेव को सुवर्ण कलशों द्वारा इक्षुरस (गन्ना का रस) पिलाया. भगवान्‌ने दो खंडी इक्षु रस पीया तो दो खण्डी रस से पेट भर गया। आहारचर्या करके वापस जाते हुए ऋषभदेव भगवान ने सब दाताओं को ह्यअक्षय दानस्तुह्ल अर्थात दान इसी प्रकार कायम रहे, इस आशय का आशीर्वाद दिया। जिस दिन तीर्थंकर ऋषभदेव का आहार हुआ था, उस दिन वैशाख शुक्ला तृतीया थी। उस दिन राजा श्रेयांस के यहां भोजन, अक्षीण (कभी खत्म न होने वाला ) हो गया था। अतः आज भी लोग इसे अक्षय तृतीया कहते हैं। जैनधर्म के अनुसार भरत क्षेत्र में इसी दिन से आहार दान की परम्परा शुरू हुई। ऐसी मान्यता है कि मुनि का आहार देने वाला इसी पर्याय से या तीसरी पर्याय से मोक्ष प्राप्त करता है। राजा श्रेयांस ने भगवान आदिनाथ को आहारदान देकर अक्षय पुण्य प्राप्त किया था, अतः यह तिथि अक्षय तृतीया के रूप में मानी जाती है। यह दिन बहुत ही शुभ होता है, इस दिन बिना मुर्हूत निकाले शुभ कार्य संपन्न होते हैं। जब ऋषभदेव निरंतराय आहार करके वापस विहार कर गए उसी समय से अक्षय तीज नाम का पुण्य दिवस (जैनधर्म के अनुसार) का शुभारंभ हुआ। इसको आखा तीज भी कहते हैं। यह दिन हिन्दू धर्म में भी बहुत पवित्र माना जाता है। इस दिन अनबूझा मुर्हूत मानकर शादी, विवाह एवं मंगलकार्य प्रचुर मात्रा में होते हैं।।जैनधर्म में दान का प्रवर्तन इसी तिथि से माना जाता है, क्योंकि इससे पूर्व दान की विधि किसी को मालूम नहीं थी। अतः अक्षय तृतीया के इस पावन पर्व को देश भर के जैन श्रद्धालु हर्षोल्लास व अपूर्व श्रद्धा भक्ति से मनाते हैं। इस दिन हस्तिनापुर में भी विशाल आयोजन किया जाता है।इस दिन व्रत, उपवास रखकर इस पर्व के प्रति अपनी प्रगाढ आस्था दिखाते हैं तथा व्रत का पारण इक्षु रस से करते हैं।

## फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज के साथ जैन यूनिवर्सिटी का करियर काउंसलिंग सत्र

**रांची।** जैन यूनिवर्सिटी अब युवाओं के लिए आधुनिक और फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज लेकर आ रही है, जो उन्हें बदलती इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार तैयार करेंगे। विश्वविद्यालय डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और आधुनिक प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में 19 अप्रैल 2026 को रांची में एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया जाएगा, जहां छात्र विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपने करियर की दिशा तय कर सकेंगे। यह सत्र होटल लैंडमार्क में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय का दावा है कि उसका पाठ्यक्रम इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है, जो छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के साथ पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार करता है। साथ ही, नैक ए प्लस प्लस मान्यता और बेहतर प्लेसमेंट रिकॉर्ड इसे खास बनाते हैं। यह पहल छात्रों को पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर नए युग के कौशल अपनाने और अपने करियर को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करेगी।

# एसएसपी ने बेलागंज थाना का किया निरीक्षण

## बालू एवं भू-माफियों पर कार्रवाई के आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** एसएसपी सुशील कुमार ने शनिवार को बेलागंज थाने का औचक निरीक्षण किए।एसएसपी ने क्षेत्र में भू माफिया, बालू माफिया हत्या, लूट, छिनतई, डकैती समेत अन्य लंबित कांडों की क्रमवार समीक्षा की और पर्यवेक्षण में सत्य पाये गये कांडों के आरोपितों व वांछित फरार अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया. एसएसपी ने कोर्ट से जारी वारंट व कुर्की जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसएसपी ने सभी लंबित कांडों समेत अन्य सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया।



निरीक्षण के क्रम में एसएसपी ने थाने के सभी अनुसंधान पदाधिकारियों में लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक समुचित विभागीय कार्रवाई करने और बेहतर प्रदर्शन करने वाले अनुसंधानकर्ताओं को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया। जब बेलागंज के पत्रकारों ने एसएसपी के समक्ष सवाल रखा कि बेलागंज में भू माफियाओं और बालू माफियाओं को कैसे रोका जा सकता हैं ? इस सवाल के जबाव में एसएसपी कहा कि सभी भू माफिया और बालू माफियाओं का इतिहास खंगाला जा रहा हैं। बहुत जल्द सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# फिजिक्सवाला के छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में रिकॉर्ड सफलता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** फिजिक्सवाला के कई छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। इनमें ऐसे छात्र भी शामिल रहे जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंड्या और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान मोहापात्रा शामिल रहे, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इसके अलावा, पीडब्ल्यू विद्यापीठ - जो फिजिक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं ने पटना में सम्मान समारोह आयोजित किया। शहर के उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मितुल मृगांक (97.20 प्रतिशत), कुशाग्र किरण (98.40 प्रतिशत) और निमय लोहानी (97.40 प्रतिशत) शामिल रहे। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा, नियमित तैयारी, निरंतर अभ्यास और स्कूल व फिजिक्सवाला के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की। अमोलिक पंड्या ने बताया, नियमित पुनरावृत्ति और नमूना प्रश्न पत्र हल करना 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रहा। आयुष्मान मोहापात्रा ने जोड़ा, अनुशासन बनाए रखना और सुनियोजित अध्ययन योजना का पालन करना मुझे पूर्ण अंक दिलाने में सहायक रहा।

# नए पुलिस अधीक्षक के रूप में कपिल चौधरी ने पदभार किया ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में कपिल चौधरी ने शनिवार की शाम पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन से पदभार लिया। इस अवसर पर रिष्मा रमेशन ने नए पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता देकर बधाई दी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए नए पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने कहा कि पलामू में क्राइम व क्रिमिनल पर कंट्रोल करना प्राथमिकता होगी। अगर कहीं क्राईम होता है तो पुलिस के लिए सबसे बड़ा सिर दर्द होता है। इसे हर हाल में समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था चाक- चौबंद करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग एवं कम्युनिटी पुलिसिंग उनकी प्राथमिकता रहेगी। बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता का सहयोग अपेक्षित रहेगा। उन्होंने पलामू जिले के




नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पलामू पुलिस पर निश्चित रूप से भरोसा रखें व सहयोग करें। उन्होंने कहा कि टीम वर्क करते हुए अपराध पर लगाम लगाया जाएगा। साथ ही जिले को सुरक्षित रखा जाएगा।

मौके पर पूर्व एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू में पौने तीन साल का लंबा सफर बेहतर रहा। पलामू की जनता ने उन्हें अपार प्यार व आशीर्वाद दिया है। साथ ही उनके सहयोग से क्राइम कंट्रोल किया गया है।

बेहतर पुलिसिंग व सोशल एक्टिविटी में पलामू जिलेवासियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, पॉलिटिकल जनप्रतिनिधियों व मीडिया का बेहतर मिला है। मौके पर हुसैनाबाद के नए सीडीपीओ दिव्यांशु शुक्ला मौजूद थे।

## फंस सकती है जिप अध्यक्ष की कुर्सी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिला परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव एक बार फिर न्यायिक उलझनों में घिरता नजर आ रहा है। मत विभाजन के बाद पद गंवाने वाली निवर्तमान अध्यक्ष रानी कुमारी ने पुनः न्यायालय की शरण ली है, जिससे चुनाव प्रक्रिया पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। इस मामले में न्यायालय का फैसला 21 अप्रैल को आने की संभावना है, जिस पर दोनों पक्षों की निगाहें टिकी हुई हैं। रानी कुमारी का कहना है कि उनके खिलाफ अपनाई गई प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने पत्र के आधार पर ही कार्रवाई कर दी गई, जबकि नियमानुसार पूरी प्रक्रिया नए सिरे से शुरू की जानी चाहिए थी और इसकी विधिवत सूचना उन्हें दी जानी चाहिए थी। जानकारी नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूर होकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उनका दावा है कि यदि प्रक्रिया पारदर्शी और नियम सम्मत होती तो यह विवाद उत्पन्न नहीं होता। इधर, विरोधी गुट चुनाव को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहा है।

# विष्णु धाम के दर्शन मात्र से पूरी होती हैं मनोकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के जम्होर थानांतर्गत मोक्ष दायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के पावन संगम तट पर स्थापित गयाजी तीर्थ के प्रथम द्वार के नाम से प्रचलित विष्णु धाम की स्थापना भारत के महान संत परमहंस खाकी बाबा द्वारा किया गया था।

जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष,राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने विष्णु धाम के बारे में शीघ्र प्रकाशित होने वाली पत्रिका विष्णुपुण्या के आधार पर बताया गया है कि सैकड़ो वर्ष पूर्व इस स्थल पर जब खाकी बाबा आए तो उन्हें रात्रि में स्वप्न आया। अनादि ब्रह्म परमपिता परमेश्वर ने उन्हें स्वप्न में बताया कि मैं इस स्थल पर युगों-युगों से विराजमान हूं। स्वप्न में ईश्वर से आत्म साक्षात्कार होते ही उन्होंने दूसरे ही दिन से प्रण लिया कि मैं इस स्थल पर भगवान विष्णु की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा का स्थापना कराऊंगा और उन्होंने कुछ ही वर्षो बाद इस स्थल पर भगवान विष्णु की अति दुर्लभ प्रतिमा अक्षय तृतीया को स्थापित कराई। भगवान विष्णु के मनमोहक प्रतिमा पर जब किसी श्रद्धालु की नजरे पड़ती है तो उसके मन में भक्ति की धारा हिलोरे लेने लगती है।

इसके बाद इस स्थल पर शिव परिवार,भगवान भास्कर एवं संकट मोचन हनुमान जी की भी प्रतिमा स्थापित कराई गई।खाकी बाबा दिव्य एवं चमत्कारी संत के रूप में जाने जाते थे। उनके कुटिया से आज तक कोई भी भक्त निराश नहीं लौटा।चाहे वे पावर गंज स्टेशन के तत्कालीन प्रथम स्टेशन मास्टर पाल्मर साहब हो या फिर कारा नवाब के दरबार से आए दरबारी । सभी लोगों को उन्होंने दिल खोलकर आशीर्वाद दिया और उनके आशीर्वाद से लोग काफी पले बढ़े। वर्तमान महंत बालकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन विष्णु धाम में सुबह सवेरे से ही विशेष पूजा अर्चना की जाती है एवं आटा गुड़ के घोल से बना हुआ पुआ का प्रसाद वितरित किया जाता है।विष्णु धाम परिसर में खाकी बाबा की समाधि एवं उनके नाम पर परिसर में ही संस्कृत विद्यालय स्थापित की गई है।

# आदिवासी समन्वय समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** आज एक बैठक खूंटी के कचहरी परिसर में आदिवासी समन्वय समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष मार्शल बारला के अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से झारखण्ड आंदोलनकारी, उलगुलान संघ के अध्यक्ष अलेस्टर बोदरा,भोला पहान । चाईबासा जिला से, नो इंट्री आंदोलन के संयोजक रमेश बालमुचू, महेंद्र जामुदा,रेयांस सामड,साधु हो, उषा रानी सवैया,सुमी लागूरी,रवि बिरुली आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।और विशेष रूप से आदिवासी के वर्तमान हालात, जल जंगल जमीन,पेश कानून, केन्द्र सरकार के परिसीमांकन के विषय में मंथन एवं आगे कि रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

## दोस्ती की आड़ में दुष्कर्म

**शेखपुरा।** दोस्ती की आड़ में पटना ले जाकर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपित युवक सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक नालंदा जिले के पावापुरी का रहने वाला है।

शेखपुरा के महिला थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार मिशन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी इंटर की छात्रा है।

थानाध्यक्ष ने रिशु कुमारी ने बताया कि लड़की के घर के पास ही सोनू किराये के मकान में रहता था। आए दिन दोनों आमने-सामने होते थे।

इसी क्रम में दोनों का परिचय हुआ। इसके बाद दोनों में अक्सर बातचीत होने लगी। युवक ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया।इसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। दोस्ती की आड़ में युवक उसे बहलाने-फुसलाने लगा।

इसी क्रम में 13 अप्रैल को वह उसे पटना घुमाने के नाम पर घर से ले गया। वहां किसी अंजान स्थान पर 13 एवं 14 अप्रैल को उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया।

# बाल विवाह की रोकथाम को चला जागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला प्रशासन, बाल संरक्षण इकाई तथा सहयोगिनी द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के आह्वान पर बोकारो जिले में विभिन्न स्टेकहोल्डर, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, थाना, स्कूल ,कॉलेज ,पंचायत, आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ अक्षय तृतीया के दौरान होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए सघन रूप से जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि भारत सरकार ,झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन इस वर्ष अक्षय तृतीया के दौरान बाल विवाह की ज्यादा संभावना को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पेटरवार, चन्दनकियारी, गोमिया , चास तथा चन्दनकियारी प्रखंड कार्यालय, जिला बाल संरक्षण कार्यालय, मंदिर, धर्मगुरु के साथ बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर शपथ ग्रहण किया गया।

दौरान चास प्रखंड पदाधिकारी प्रदीप कुमार तथा चास अंचलाअधिकारी सेवा राम साव ने कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है इसलिए रोकने के लिए समाज के सभी वर्गों को एक साथ आना होगा तथा इसके लिए सभी क्षेत्र में जन जागरूकता तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की जरूरत है।

कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा की वार्डन लक्ष्मी कुमारी, चंदा कुमारी, चंदनकियारी अंचल अधिकारी का नाम रवि कुमार आनंद सहयोगिनी के रवि कुमार, सोनी कुमारी, अनिल हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस व झामुमो का महिला विरोधी चेहरा हुआ उजागर : देवेश तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय झारखंड राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा का महिला विरोधी चेहरा हुआ उजागर हो गया है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए प्रस्तुत 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर हुई कार्यवाही भारतीय लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर था। यह विधेयक देश की महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में एक-तिहाई 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उनके राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध हो सकता था। लेकिन दुर्भाग्यवश विपक्षी दलों यथा कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, झामुमो व उनके सहयोगियों ने विधेयक का



समर्थन न किए जाने से यह महत्वपूर्ण प्रयास अपेक्षित परिणाम तक नहीं पहुंच सका।

यह निर्णय न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बाधा के रूप में देखा जा रहा है बल्कि देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं और अधिकारों के प्रति उदासीनता को भी दशार्ता है। उन्होंने कहा कि विधेयक केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं बल्कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व, सम्मान व समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त माध्यम था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐतिहासिक पहल का समर्थन करने की अपील की थी। किंतु विपक्ष ने इसे स्वीकार न कर राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी।

झारखंड राज्य में महिला सम्मान के नाम पर मईया योजना चलाने वाली हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस बिल का विरोध कर महिलाओं की विधानसभा व लोकसभा में प्रतिनिधित्व को रोककर अपने दोहरे चरित्र को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस महिला विरोधी निर्णय से उनकी कथनी व करनी का भेद उजागर हो गया है। अब देश की जनता उनसे स्वयं जवाब मांगेगी। लोकसभा में बिल पारित न होने के बावजूद हमारा संकल्प और अधिक मजबूत हुआ है। एनडीए सरकार नारी सम्मान व महिला सशक्तिकरण की लड़ाई आगे भी जारी रखेगी।

# एनपीजीसीएल 22 प्रभावित गांवों में प्रदान कर रही नियमित चिकित्सा सेवाएं

**प्रतिदिन औसतन 80 मरीज हो रहे लाभान्वित**

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**औरंगाबाद**। नवीनगर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, नवीनगर द्वारा संचालित कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व एवं सामुदायिक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी, अभिलाषा शर्मा द्वारा की गई।
बैठक में एनपीजीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत संरचना, कौशल विकास एवं ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 4.19 करोड़ रुपये के सीएसआर बजट के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं पर कार्य किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति वितरण, विद्यालयों में फर्नीचर एवं कंप्यूटर उपलब्ध कराना, खेल सामग्री वितरण तथा "गर्ल एम्पावरमेंट मिशन" जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 22 प्रभावित गांवों में नियमित चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे प्रतिदिन औसतन 80 मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। इसी प्रकार, आधारभूत संरचना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण, सामुदायिक भवन, श्मशान घाट, विद्यालय भवन, स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य जनोपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण किया गया है। कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत महिलाओं एवं किसानों को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद ने सभी योजनाओं के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने जिला प्रशासन एवं एनपीजीसीएल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक जनहितकारी कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा एनपीजीसीएल के सीएसआर कार्यों पर आधारित एक लघु वीडियो का अनावरण भी किया गया, जिसमें क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों एवं उनके सकारात्मक प्रभावों को प्रदर्शित किया गया है। बैठक में अनुमण्डलं पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश एवं एनपीजीसीएल के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



## सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**मदनपुर**। आल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ के तत्वावधान में ताराडीह में दांगी प्रतिभा प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें सफल छात्रों को सम्मानित कर हौसला अफजाई किया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बांके बाजार के अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद दांगी, आमस प्रखंड के अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद दांगी, रामबरण प्रसाद दांगी, परीक्षा नियंत्रक विजय प्रसाद दांगी, चुनाव समिति अध्यक्ष डॉ विजय प्रसाद दांगी, जिलाध्यक्ष दयानन्द प्रसाद दांगी, केन्द्राधीक्षक कामेश्वर प्रसाद दांगी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणविजय कुमार सिंह ने की। संचालन जिला संगठन महामंत्री राजीव रंजन भारती ने किया। इस अवसर पर कामेश्वर सिंह दांगी ने कहा कि पारितोषिक वितरण से समाज के बच्चों का उत्साह और मनोबल बढ़ता है।

## एक नजर

### कार सवार तस्कर ने ऑटो में मारी ठोकर, पांच जख्मी, कार से शराब बरामद

**ओबरा**। ओबरा थाना क्षेत्र के राधे बिगहा मोड़ से पुलिस ने उजला रंग के एक स्विफ्ट कार के साथ 275 लीटर शराब बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामनगर अबिला देवी स्थान निवासी रॉकी कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि स्विफ्ट कार से शराब ले जा रहे तस्कर को जैसे ही पुलिस की भनक लगी वह कार का स्पीड तेज कर दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर एक ऑटो से टकरा गया जिसमें 4-5 व्यक्ति जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तलाशी में कार से 275.2 लिटर शराब बरामद किया गया। बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया। वहीं घटना में जख्मियों का इलाज करवाया गया।

### बच्चों में बांटी गई लेखन सामग्री, जल्द बनेगी लाइब्रेरी

**औरंगाबाद**। कुटुम्बा प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कंचनपुर में वरीय अधिवक्ता एवं शिक्षाविद स्वर्गीय किरण प्रसाद की पंचम पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त कर्मी विश्वनाथ प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों और ग्रामीणों ने स्वर्गीय किरण प्रसाद के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री का वितरण रहा, जिससे बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने स्व. किरण प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण, सरल, शालीन और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनकी जीवनशैली और सेवा भावना आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं, उनके छोटे पुत्र एवं "स्टडी विथ रमण" के निदेशक रमण किरण ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि वे शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम मानते थे। उन्होंने जीवनभर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की, जिसके परिणामस्वरूप कई छात्र आज देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस मौके पर परिवार के सदस्य रौशन किरण, संतोष सिन्हा, उज्ज्वल, प्रांजल, मिथलेश सिंह, वरुण सिंहा, विपुल सिंहा, रामजी सिन्हा, शिक्षक रामपुकार मेहता, रामबचन तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बाल संसद का हुआ गठन, सुहानी कुमारी बनी प्रधानमंत्री




**औरंगाबाद**। ओबरा प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय करसांव के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के निमित बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किया गया जिसमें कक्षा 6,7, 8 के विद्यार्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया किया। तत्पश्चात मतदान को तकनीकी रूप से सशक्त एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से मोबाइल के वोटिंग मशीन नामक मोबाइल ऐप का उपयोग किया गया। मतदान में सभी विद्यार्थियों ने विशेष सहभागिता निभाते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यवेक्षक के देखरेख में मतगणना की शुरुआत की गई। मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री आठवीं क्लास की छात्रा सुहानी कुमारी, शिक्षा मंत्री वर्ग सात के छात्र प्रिंस कुमार, स्वच्छता मंत्री वर्ग सात की छात्रा तान्या कुमारी, पर्यावरण एवं विज्ञान मंत्री वर्ग 6 की छात्रा अमृता कुमारी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री वर्ग 6 की छात्रा संध्या कुमारी, जल एवं पर्यावरण मंत्री वर्ग सात के छात्र रोहित निर्वाचित हुए। सभी शिक्षकों ने बाल संसद में निर्वाचित होने वाले सदस्यों को बधाई दी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसके माध्यम से बच्चे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में जानते हैं। साथी ही साथ उन्हें विद्यार्थी जीवन से ही मतदान को किस प्रकार से करना है इसके बारे में जानकारी मिल जाती है। मौके पर सतीश कुमार, नारायण कुमार, अमित कुमार, सुशांत पांडेय, भोला कुमार, विशाल कुमार, अनिल कुमार, रजनीश कुमार, मोहम्मद कलीमुद्दीन, मोहम्मद अरशद अली, मोहन ठाकुर, आशा किरण, सिंधु यादव, प्रियंका कुमारी, शंकर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर संबंधित एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से करें संपर्क

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**औरंगाबाद**। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6979 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 18 अप्रैल तक जिला में कुल नए 173 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में छह व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या ०6186-295०27 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से छह संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## ब्रिटिश एकेडमी के छात्रों ने लहराया परचम

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**रफीगंज (औरंगबाद)**। ब्रिटिश एकेडमी के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा सत्र 2025–26 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हुए सफलता की नई मिसाल कायम की और क्षेत्र में विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में ऋचा कुमारी ने 95% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रोहित कुमार ने 94% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। तंजिला नाज़ और तमीम इसरार ने 93-93% अंक लाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तरन्नुम और रीत कुमारी ने 90% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जबकि आलिया शब्बीर ने 89% अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल राशिद खान ने छात्रों की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। चेयरमैन जुलकर नैन और डायरेक्ट्रेस तस्सरुन नाज़रीन ने भी सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास करना भी है। इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सही दिशा में किए गए प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाते हैं।
विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस परिणाम से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है और अभिभावकों में भी गर्व की भावना देखी जा रही है।



## जमुई पुलिस ने मुख्यालय स्तर पर चलाया जांच अभियान

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**जमुई**। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बरहट प्रखंड अंतर्गत मलयपुर थाना क्षेत्र के पतनेश्वर धाम एनएच पर शुक्रवार रात्रि को व्यापक जांच अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान जिला मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल के नेतृत्व में संचालित किया गया,जिसमें जिलेभर के लॉज,होटलों,संदिग्ध स्थलों दुकानों एवं वाहनों की सघन जांच की गई।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एनएच पर गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली। साथ ही आसपास स्थित लॉज एवं ठहरने के स्थानों पर भी विशेष नजर रखी गई।ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस द्वारा शराब,अवैध सामग्री एवं अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं की जांच को लेकर भी सख्ती बरती गई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से इस तरह के विशेष जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### युवा कवयित्री ने की डीएम से मुलाकात

**खैरा**। स्थानीय प्रखंड की कहरडीह निवासी युवा कवयित्री श्रेशी श्री ने शनिवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें अपनी लिखित किताब "दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" भेंट की। जिलाधिकारी ने युवा कवयित्री को किताब प्रकाशन की ढेर सारी शुभकामनायें देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंजनी कुमार सिन्हा व पूनम बाला प्रसाद की मँझली पुत्री श्रेशी श्री का रुझान बचपन से ही कविता लेखन में है। उनकी अब तक दो पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें "जा कबूतर जा" और "दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" शामिल है। दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" पुस्तक में जमुई के इतिहास-भूगोल का काव्यात्मक परिचय है और यह पुस्तक शोधर्थियों के लिये बेहद उपयोगी है।



## मेरी कॉलेज में अंतरिक्ष तकनीक और पर्यावरण पर सम्मेलन

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**नई दिल्ली**। जनकपुरी स्थित मेरी कॉलेज में "स्पेस एज में पृथ्वी ग्रह" विषय पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लेकर पृथ्वी विज्ञान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के बदलते संबंधों पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में प्रो शरद कुमार यादव, कुलपति, आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय संतुलन और आपदा प्रबंधन में अंतरिक्ष विज्ञान की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि उपग्रह तकनीक के विकास से पृथ्वी की निगरानी अब अधिक सटीक और प्रभावी हो गई है। सम्मेलन के दौरान कई तकनीकी सत्र, पैनल चर्चाएं और छात्र प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। इन सत्रों में रिमोट सेंसिंग, अंतरिक्ष आधारित संचार प्रणाली और ग्रहों के अध्ययन के भविष्य जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने यह भी बताया कि नई तकनीकें किस तरह सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर एक अहम घोषणा भी की गई, जिसमें मेरी कॉलेज और आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग स्थापित करने की बात कही गई। इस सहयोग के तहत संयुक्त शोध परियोजनाएं, फैकल्टी एक्सचेंज, छात्र इंटर्नशिप और नवाचार कार्यक्रम चलाए जाएंगे।




## भ्रम और डर के चलते एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रभावित

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**अंबा (औरंगाबाद)**। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को गंगहर हाई स्कूल में कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित टीकाकरण सत्र के दौरान छात्राओं ने टीका लगवाने से स्पष्ट इनकार कर दिया। सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक जानकारियों और साइड इफेक्ट्स के डर का असर बच्चों पर साफ दिखाई दिया। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम जब स्कूलों में पहुंची, तो कई छात्राओं ने यह कहते हुए मना कर दिया कि उन्हें घर से अनुमति नहीं मिली है। वहीं कुछ छात्राओं ने टीके के बाद होने वाले सामान्य बुखार और दर्द को लेकर डर जताया। इस स्थिति पर कुटुंबा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने दुख जताते हुए कहा कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित है और सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। बच्चों और अभिभावकों के मन में जो डर है, वह केवल अफवाहों के कारण है। हम फिर से काउंसलिंग सत्र आयोजित करेंगे ताकि भ्रांतियों को दूर किया जा सके। प्रिंसिपल और शिक्षकों ने भी छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को स्कूल से बिना टीकाकरण किए ही वापस लौटना पड़ा। डॉक्टरों के अनुसार 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह टीका अत्यंत आवश्यक है। दुनिया के कई देशों में यह दशकों से उपयोग किया जा रहा है और सुरक्षित पाया गया है।



## प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान में नामांकित सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान, शांति नगर परसावां ने इस वर्ष की दसवीं की बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। विधालय में नामांकित शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी और प्रधानाचार्या कुमारी शशि द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह के दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर अभिनव कुमार ने 82.79%, सत्यम तिवारी ने 81%, अभिषेक कुमार ने 78%, गोलू सिंह ने 74%, सूरज उपाध्याय एवं पीयूष कुमार ने 67%, सना फातिमा ने 63%, जोया प्रवीण ने 63%, तथा आर्यन दुबे व कशिश कुमार सिंह ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। प्रधानाचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम का परिणाम है। बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की सराहना की। प्रबंधन समिति ने बताया कि भविष्य में भी बच्चों को इसी तरह की उच्च स्तरीय सुविधाएं और कोचिंग प्रदान की जाएगी ताकि वे आगे की परीक्षाओं में भी अव्वल आ सकें। मौके पर वाइस प्रिंसिपल जय मंगल सिंह, अकाउंटेंट शिवम कुमार, राजेंद्र सोनी, शंभू साहू, प्ले ग्रुप इंचार्ज रीता सिंह, कोऑर्डिनेटर कंचन सिन्हा, नेहा शर्मा, शिक्षक अशोक कुमार सिंह, राहुल कुमार, आदित्य रंजन, रंजन कुमार, पियूष प्रसून, गायत्री कुमारी, अंजली कुमारी, रीना सिंह, रानी कुमारी आदि उपस्थित थे।



### हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा हेतु सात दिवसीय महायज्ञ

ओबरा प्रखंड के खरांटी गांव में शनिवार को श्री लक्ष्मी नारायण महाज्ञान व श्रीमद् भागवत कथा तथा श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जलभरी यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जलभरी यात्रा में महिला तथा पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में माथे पर कलश लिए यज्ञ स्थल से निकालकर पैदल मार्च होते हुए जयकारों के साथ पुनपुन दुमुहान संगम पहुंचे और जल भरी किया। उक्त यज्ञ पटना जिले के बराह आश्रम के मठाधीश श्री पुरुषोत्तम आचार्य महाराज के तत्वाधान में यज्ञ यानी जलपरी यात्रा मंत्र उच्चारण के साथ लिया गया । इस मौके पर जलभरी यात्रा में हाथी घोड़े के साथ श्रद्धालु मौजूद रहे। ग्रामीणों के सहयोग से भव्य रूप से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन भव्य रूप से किया जाना है। 18 अप्रैल से यज्ञ का कार्य प्रारंभ किया गया है, जो 24 अप्रैल को भव्य रूप से भंडारा के साथ समापन होगा। यज्ञ में रामलीला तथा रासलीला एवं संस्कृति कार्यक्रम तथा बाहर से आए विद्वानों के द्वारा प्रवचन का कार्य किया जाना है। इस दौरान समग्र तिलक परिषद के सचिव एवं ओबरा श्री कृष्णा सिंह स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय कुमार ने जलभरी यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गांव में पहली बार समिति के सदस्यों के तत्परता से तथा ग्रामीणों के सहयोग से श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यज्ञ से पूरी वातावरण गुंजामन हो गया है।

## निशांत फ्रांस के टूलूज़ इंडियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल में चयनित

<u>नबिटा संवाददाता</u>

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर निवासी युवा सिनेमैटोग्राफर निशांत कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सत्यजीत रे फ़िल्म एंड टेलीविज़न इंस्टिट्यूट के छात्र निशांत की शॉर्ट फ़िल्म "एक दिन का मेहमान" का चयन फ्रांस के प्रतिष्ठित टूलूज़ इंडियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल के एशिया कनेक्शन सेक्शन में हुआ है। इस फ़िल्म की स्क्रीनिंग 23 अप्रैल को होगी, जो इसकी पहली अंतरराष्ट्रीय स्क्रीनिंग होगी। यह फ़िल्म संस्थान के शॉर्ट फ़िल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसमें निर्देशन रोहित पाटीदार ने किया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी निशांत कुमार ने की है। फ़िल्म का साउंड देबाशीष ने दिया है, एडिटिंग हितेश पंवार ने की है और निर्माता प्रणय सिंह सोलंकी हैं। निशांत ने बताया कि फ्रांस के टूलूज़ शहर में आयोजित होने वाला यह फ़िल्म महोत्सव भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए जाना जाता है। इसमें भारत, नेपाल और बांग्लादेश की फीचर, शॉर्ट, डॉक्यूमेंट्री और एनीमेशन फ़िल्मों का प्रदर्शन किया जाता है। यह मंच विशेष रूप से स्वतंत्र और उभरते फिल्मकारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। निशांत कुमार ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे भविष्य में अपनी मातृभाषा में फिल्में बनाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और दोस्तों को दिया है, जिनके सहयोग और समर्थन से वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। निशांत कुमार की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके संस्थान, बल्कि बिहार और औरंगाबाद जिले का भी नाम रोशन हुआ है। आखिरकार किसी भी फ़िल्म में सिनेमेटोग्राफी का अपना महत्व होता है।






## बाप की हत्या मामले में बेटा गिरफ्तार

<u>नबिटा संवाददाता</u>

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना क्षेत्र के सोनहथु गांव में मामूली पैसों के लेन-देन को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया, जहां बेटे के हाथों पिता की जान चली गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व सोनहथु गांव निवासी 55 वर्षीय किसान रामेश्वर सिंह का अपने छोटे बेटे अमन कुमार उर्फ मान सिंह के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर अमन ने अपने पिता को पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल रामेश्वर सिंह को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद मृतक के बड़े बेटे शक्ति कुमार ने हसपुरा थाना में आवेदन देकर अपने छोटे भाई अमन कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हसपुरा बाजार में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ दूरी तक पीछा कर उसे पकड़ लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामूली पैसों के विवाद को ही घटना का कारण बताया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

# कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचे : डीएम

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 99.55 फीसदी किसानों का ईकेवाईसी कार्य हुआ पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में शनिवार को कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। जिसमे जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के कार्यान्वयन और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कृषि विकास की विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। गरमा वर्ष 2025-26 के तहत फसलवार बीज वितरण की समीक्षा की गई। साथ ही रबी मौसम 2025-26 में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी और एसएसपी उर्वरकों की उपलब्धता एवं खपत का आकलन किया गया, जिसमें कुल 1,11,287.610 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में 99.58 प्रतिशत किसानों का ईकेवाईसी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त आधार प्रमाणीकरण एवं बैंक खातों को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। ब्लॉकवार किसान रजिस्ट्री एवं ईकेवाईसी की प्रगति संतोषजनक पाई गई।मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड वितरण एवं नमूना विश्लेषण के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पौधा संरक्षण योजना के अंतर्गत फेरोमोन ट्रैप, स्टिकी ट्रैप एवं जैव कीटनाशकों के वितरण तथा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक छिड़काव की उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसमें मखाना खेती का आकलन, मशरूम अवसंरचना का मूल्यांकन, बहुवर्षीय फसलों का विस्तार एवं मधुमक्खी पालकों का डिजिटल डेटाबेस तैयार करना शामिल है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसई 3.0) के अंतर्गत छौड़ाही, गढ़पुरा एवं खोदावन्दपुर प्रखंडों में नई परियोजनाओं के प्रस्ताव पर विचार किया गया।जिला पदाधिकारी श्री शास्त्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी .षि योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक पहुँचे। उन्होंने .षि समन्वयकों एवं उद्यान पदाधिकारियों को पंचायत स्तर पर मखाना, मशरूम एवं अन्य बागवानी फसलों के सर्वेक्षण कार्य को गंभीरता से संचालित करने का निर्देश दिया।



## कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में विभिन्न तकनीकी विभागों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, शहरी विकास एजेंसियों सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान ग्रामीण सड़कों एवं पुलों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि बड़ी संख्या में योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि कई योजनाएं प्रगति पर हैं। कुछ योजनाओं में भूमि विवाद, निविदा प्रक्रिया में विलंब, तकनीकी कारणों एवं एजेंसी स्तर की समस्याओं के कारण कार्य प्रभावित पाया गया। जिला पदाधिकारी ने इन बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पथ निर्माण विभाग अंतर्गत विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। शहरी क्षेत्र में चल रही योजनाओं की समीक्षा के दौरान पेयजल आपूर्ति, सीवरेज नेटवर्क एवं नमामि गंगे परियोजना की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। सीवरेज एवं एसटीपी कार्यों में पूर्व में आई बाधाओं के समाधान के पश्चात कार्य पुनः प्रारंभ होने की जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाने एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, नगर क्षेत्र में सड़क एवं नाला निर्माण, जल निकासी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई परियोजनाओं के पूर्ण होने तथा कुछ के प्रगति पर रहने की जानकारी दी गई। लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अंतर्गत वर्ष 2026 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए कटाव निरोधक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। लघु सिंचाई योजनाओं की समीक्षा के दौरान नलकूपों की कार्यशीलता, मरम्मत एवं पुनर्संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। बंद पड़े नलकूपों को शीघ्र चालू कराने तथा किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन बेगूसराय ड अशोक कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## वाइलेग एवं सफियासराय हॉल को लेकर राजद नेता ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के जमालपुर आगमन के दौरान राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश रमन उर्फ राजू यादव 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन डीआरएम को सौपा है। डीआरएम को दिए गए ज्ञापन में श्री यादव ने वाईलेग एवं सफियासराय पर हॉल बनाने की मांग की। इसके अलावे ईस्ट कॉलोनी से स्टेशन जाने के लिए एक रास्ता बनाने के साथ जमालपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाने एवं बरियारपुर मननपुर खरगपुर तारापुर संग्रामपुर में रेल लाइन बिछाने की भी बात दिए गए ज्ञापन के माध्यम से रखा है। इधर श्री यादव के दिए गए ज्ञापन को गंभीरता से देख कर डीआरएम ने इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिए।



## ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर डीआरएम उतरे ट्रैक पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे में परिचालन व्यवस्था को व्यवस्थित करते हुए यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मालदीव मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता अपने टीम के साथ रेलवे ट्रैक पर उतर कर पटरी का निरीक्षण किया। जमालपुर से कियूल रेलखंड पर विंडो निरीक्षण करने के बाद महत्वपूर्ण स्टेशनों पर उतारकर उनके व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित पदाधिकारी के अलावा यात्रियों से पूछताछ भी किया। डीआरएम अपनी टीम के साथ धनौरी कजरा, अभयपुर, धरहरा, दशरथपुर स्टेशन पर उतरकर ट्रैक पर पैदल चलकर पटरियों की बारीकी से जांच करते हैं, जिसमें पटरियों के चटकने, फिटिंग ढीली होने, और गिट्टी की स्थिति देखी जाती है। गर्मी के दिनों में पटरियों के फैलने या मानसून में ट्रैक धंसने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाती है। पटरियों के साथ-साथ सिगनलिंग और इंटरलॉकिंग सिस्टम की भी जांच की जाती है। जांच के दौरान, ट्रैक मेंटेनेंस पटरी के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं ताकि सुरक्षा में कोई समझौता न हो। इसके अलावे प्रमुख स्टेशनों और पटरियों के पास अवैध रूप से ट्रैक पार करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर उतरकर पटरियों की जांच करना एक सामान्य सुरक्षा प्रोटोकॉल है, जिसे विशेष रूप से मानसून, गर्मियों के मौसम या किसी तकनीकी खराबी के बाद ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। मौके पर सीनियर डीईएन निलेश कुमार गौरव, सीनियर डीओएम राहुल कुमार, सीनियर डीसीएम कार्तिक सिंह, डीएमई रोहित सिंह, डीएसओ ताराचंद, डीएससी असीम कुमार कुल्लू, स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, सीआईटी जावेद, आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



## राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह पर फायर सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** केंद्रीय विद्यालय एचयूआरएल में शनिवार को राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, एनटीपीसी प्रबंधन की ओर से एसी (फायर) भास्कर दास तथा प्राचार्य महोदय द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सहायक कमांडेंट एवं अग्निशमन शाखा प्रभारी द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा द्वारा विभिन्न प्रकार की अग्नि दुर्घटनाओं जैसे विद्युत,तेल, गैस एवं सामान्य आग से उत्पन्न खतरों से अवगत कराया गया तथा अग्निशमन सुरक्षा नियमों के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक अग्निशमन सुरक्षा उपकरण तथा फिक्स्ड फायर फाइटिंग उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अग्निशामक यंत्र यानी एक्सटिंग्विशर को चलाकर दिखाया गया एवं छात्रों को स्वयं अभ्यास भी कराया गया। सीआईएसएफ टीम द्वारा सीपीआर यानी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन की उपयोगिता एवं प्रक्रिया के बारे में बताया गया तथा ग्राउंड रेस्क्यू मेथड्स के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने हेतु इवैकुएशन ड्रिल के उद्देश्य एवं महत्व का वर्णन किया गया। विद्यालय में जागरूकता बढ़ाने हेतु ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन, फायर ड्रिल प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा फायर सेफ्टी पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

## विद्यालय में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में सुरक्षित शनिवार के तहत आपदा से संबंधित बच्चों को इस गर्मी में लू से बचने से संबंधित जानकारी दी गई। मध्य विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक सह पूर्व डीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि गर्मी में लू का खतरा रहता है। वह भी खासकर दोपहर से चार बजे के बीच जब सूर्यातप अधिक रहता है। इसलिए भीषण गर्मी में लू से बचने के लिए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर नहीं निकलें। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर का तापमान 104 डिग्री सेल्सियस फारेनहाइट तक हो जाता है। इस अवस्था में बेहोशी के साथ-साथ चक्कर एवं उसके बाद उल्टी हो सकती है। उसके बाद व्यक्ति कोमा में चला जाता है। मांस पेशियों में ऐंठन और शरीर में कमजोरी आ जाती है। यदि समय पर इलाज नहीं हो तो किडनी, लीवर या हृदय गति काम करना बंद कर देता है। इस अवस्था में मौत भी हो सकती है। इससे बचाव के लिए पर्याप्त पानी, ओआरएस या छाछ पीने की सलाह दी जाती है। गर्मी में हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने, सिर ढककर रखने, प्याज का सेवन करने और खाली पेट बाहर न जाने की भी बात कही गई। चाय, कॉफी या शराब का सेवन भूलकर भी न करें, इससे डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का, सैदपुर विष्णुपुर, चकमुजफ्फर, हसनपुर बागर, अकहा ररिऔना, डुमरिया, रजाकपुर, बगरस विष्णुपुर, डफरपुर पूर्वी एवं पश्चिमी, मध्य विद्यालय कन्या नावकोठी, पहसारा, महेशवाड़ा, छतौना सहित अन्य विद्यालयों में नोडल शिक्षकों ने बच्चों को आपदा से निपटने की सलाह दी। मौके पर सरोज कुमार महतो, अशोक कुमार, योगेंद्र चौधरी, कुन्दन कुमार, संजीत महतो, हर्षवर्धन कुमार, विभाकर कुमार, अनिल कुमार महतो, मो सरफराज, आलोक कुमार, शुभम कुमार, हरिहर सहनी, रूपेश भारती, नीशू, रीता, सुषमा, खुशबू, पंकज सहित अन्यशिक्षक मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा बरकरार रखने में ग्रामीण चिकित्सकों का है योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** ग्रामीण चिकित्सक संघ की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता अर्जुन पासवान तथा संचालन राजेन्द्र शर्मा ने किया। संजीव भारती ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा बरकरार रखने में ग्रामीण चिकित्सकों की अमूल्य योगदान रहता है। दिन, रात कभी भी लोगों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने के तत्पर रहते हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने ग्रामीण चिकित्सकों को झोला छाप कहकर अपमानित करने का काम किया है। जिससे तमाम ग्रामीण चिकित्सक काफी मर्माहत है। पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने इन चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान कर इन्हें चिकित्सा करने की छूट देने की घोषणा भी छलावा सिद्ध हुआ। फिर इन चिकित्सकों को एम्बुलेंस सहायक पद पर तैनाती करने की बात भी डपोरशंखी सिद्ध हुआ। राज्य सरकार नियोजन ही नहीं की तो समायोजन करने का सवाल कहाँ से आ गया। 25 अप्रैल को बेगूसराय में होने वाले जिला सम्मेलन में ग्रामीण चिकित्सकों का महाजुटान होगा, जिसमें आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। रंजीत कुमार ने ग्रामीण चिकित्सकों की चिकित्सा क्षेत्र में किए जाने कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि ये सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर बीमार लोगों की जीवन रक्षा में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हैं। राज्य सरकार के मंत्री इनके संबंध में अपमानजनक टिप्पणी कर इन्हें दिग्भ्रमित करते हुए भटकाव के रास्ते पर खड़ा कर दिया है। इनके द्वारा सेवा बंद किये जाने के बाद राज्य सरकार के इतने संसाधन नहीं है जो सभी व्यक्तियों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचा सके। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि मैं आपके हित की रक्षा हेतु आंदोलन में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने के लिए तैयार हूँ। एकताबद्ध संगठित आंदोलन के बलबूते पर विजय श्रीआपके पक्ष में होगी। मौके पर मदनमोहन पाठक, रंधीर शर्मा, रणवीर कुमार, जयजय राम महतो, रीतेश कुमार, रणवीर सिंह, इसमाइल, रेहान चांद, जाकिर हुसैन, राम नंदन गोस्वामी सहित कई अन्य ग्रामीण चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

## आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस ने जांचे होटल व रेस्टोरेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भीड़ भाड़ वाले इलाके मेंजांच अभियान चलाया। थाना प्रभारी पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में शहर के जुबली बेल चौक, स्टेशन रोड स्थित होटल, रेस्टोरेंट, कैफ़े धर्मशाला, गेस्ट हाउस, मॉल स्टेशन इत्यादि पर सुबह शाम चेकिग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना प्रभारी ने अपने इलाके में चेकिग कर वहां रह रहे लोगों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देश दिए कि उनके पास आने वाले लोगों को बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें। उन्होंने बताया कि अगर उनके पास कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रूकें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि किसी आपराधिक वारदात की पुनरावृति न हो पाए। चेकिग अभियान के दौरान होटल संचालकों से यह भी कहा गया कि होटल में काम करने वाले कर्मचारियों की भी वेरिफिकेशन करवाएं तथा रुकने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर में पूर्ण रिकार्ड रखें। इसके अलावा आमजन से आग्रह किया गया है कि अपना मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरतें तथा किराएदार की भी पुलिस वेरिफिकेशन करवाएं। थाना प्रभारी ने बताया कि आज दिन भर चले इस चेकिग अभियान के दौरान होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, धर्मशाला का रिकार्ड को चेक किया। मौके पर एसआई कंचन, एएसआई सतों पासवान सहित कई मौजूद थे।

## नदी हादसे के पीड़ित परिवार से मिले डा. मदन मोहन झा

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के बोरज गांव में हाल ही में हुए हृदयविदारक हादसे के बाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान विधान परिषद सदस्य डॉ. मदन मोहन झा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने सुदर्शन झा एवं उनकी पत्नी आशा देवी के घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व सुदर्शन झा के तीनों पुत्र नदी में नहाने के दौरान डूब गए थे, जिससे उनकी असामयिक मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। घटना के लगभग 15 दिन बीत जाने के बावजूद पीड़ित परिवार को अब तक सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता नहीं मिलने पर डॉ. झा ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके से ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से मोबाइल के माध्यम से बातचीत की और सहायता राशि में हो रही देरी पर सवाल उठाया। संबंधित अधिकारी द्वारा दो दिनों के भीतर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। डॉ. झा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कंग्रेस पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग करेगी। वहीं प्रखंड कंग्रेस अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## प्रखंड कांग्रेस प्रभारी का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड स्तर पर कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं संगठन सृजन अभियान को सफल हेतू जिला कांग्रेस कमिटी के सचिव युवा नेता सुमन जीत सुमन को नावकोठी प्रखंड कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने अपने संगठन को बधाई दी है। प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पासवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे सोनिया गांधी न्याय योद्धा राहुल गांधी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और जिला अध्यक्ष शिवप्रकाश गरीबदास जी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक संघर्षशील युवा नेता को प्रखण्ड का प्रभार देना निश्चित तौर से अपने दायित्वों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और उत्कृष्टता के साथ प्रखंड कांग्रेस कमिटी को मजबूती प्रदान करेंगे। वहीं पूर्व अध्यक्ष श्रीराम सिंह, मो. अहमद शिव शंकर सिंह, चन्द्रशेखर तांती, निशा शर्मा, नवल किशोर सिंह, सन्तोष यादव, रघुपति रजक, जनार्दन महंतों, कृष्ण नंदन सिंह, श्याम कुमार शर्मा, मुकेश महतों, रामदेव पासवान, नवल सिंह, कलेशर तांती, संजय सिंह व अन्य समर्पित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।

## केन्द्र महिला आरक्षण बिल पर कर रहा राजनीति : जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने महिला आरक्षण बिल के मुद्दे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर महिलाओं के साथ सुनियोजित राजनीतिक धोखा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस महिला आरक्षण विधेयक को पूरे देश ने समर्थन देकर ऐतिहासिक कदम माना, उसी विधेयक को लागू करने में जानबूझकर देरी कर मोदी सरकार केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। यह सरकार महिलाओं को अधिकार देने में नहीं, बल्कि उनके नाम पर वोट बटोरने में ज्यादा रूचि रखती है। श्री गरीब दास ने तीखे शब्दों में कहा कि आज देश की महिलाएं यह भली-भांति समझ चुकी हैं कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। एक ओर मंचों से महिला सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं। वहीं दूसरी ओर नीतिगत स्तर पर महिलाओं को वास्तविक भागीदारी देने से लगातार बचा जा रहा है। गरीब दास ने इंडिया गठबंधन द्वारा इस भ्रामक और राजनीति से प्रेरित बिल को रोककर लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण जैसे गंभीर और ऐतिहासिक विषय को भी मोदी सरकार ने अपने राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बना दिया है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि खुद प्रधानमंत्री मोदी अपने घरों में अपने पत्नी के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं और पूरे देश की नारीशक्ति का न्याय करने चले हैं। कांग्रेस ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, प्रथम महिला लोकसभा स्पीकर, प्रथम महिला जज, प्रथम महिला राष्ट्रपति, प्रथम महिला मुख्यमंत्री सहित कई अन्य बड़े-बड़े पदों पर महिलाओं को बैठाते हुए हमेशा महिलाओं को सम्मानजनक स्थान देने का काम किया है।

## जनगणना को लेकर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में जनगणना कार्य की तैयारी को लेकर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली पीडीएस विक्रेताओं का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जनगणना कार्य को सुचारू और सफल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुधीर कुमार ने कहा कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें हर व्यक्ति की सही जानकारी दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी डीलरों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाएं और जनगणना कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करें वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी डीलर अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करें और सरकार के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष पवन सिंह, प्रदीप सिंह, सुनील चौधरी, राम विनोद प्रसाद, गौरीकांत मंडल, ब्रह्मदेव मंडल, शिवचंद यादव, शिवकुमारी देवी, बैजनाथ पूर्व, रामटहल मंडल एवं रामचरित्र मंडल सहित प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित डीलरों ने जनगणना कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की बात कही।



# तिलक समारोह से लौट रहे चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला

## नगदी व जेवरात लूटे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चांदन (बांका)।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात तिलक समारोह से लौट रहे दो लोगों पर जानलेवा हमला कर लूटपाट करने की घटना सामने आयी है। घटना में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना को लेकर पीड़ित संतोष कुमार यादव एवं उनके चाचा गुड्डू यादव ने आनंदपुर थाना में आवेदन देकर चांदन थाना क्षेत्र के डोमावजान गांव निवासी नीतीश कुमार पिता कैलाश यादव और निरंजन कुमार पिता कमलाकांत यादव समेत आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार दोनों चाचा-भतीजा सिमरामोड़ स्थित विनोद यादव के घर तिलक समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव से सटे नदी पुल के समीप आरोपियों ने उनकी गाड़ी रोक ली और बिना किसी कारण मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि शराब की बोतल से वार कर संतोष यादव का सिर फोड़ कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि गुड्डू यादव को जबरन जंगल की ओर ले जाकर पिटाई की और बाद में कुसुमजोरी पैक्स गोदाम के पास लेजाकर छोड़ दिया। इस दौरान उनके पास से करीब 3000 नगद, ड्राइविंग लाइसेंस, चांदी का ब्रेसलेट और सोने की अंगूठी छीन ली गई। वहीं संतोष यादव से 8000 नगद और ब्रेसलेट लूटने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है। संतोष यादव ने बताया कि आरोपित पक्ष के लोग पहले उनके गांव में सुखा महुआ का कारोबार करते थे, जिसे लेकर उन्होंने आपत्ति जताई थी और इसकी सूचना पूर्व में पुलिस को भी दी गई थी। इधर मारपीट कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। थानाध्यक्ष विनोद कुमार के निर्देश पर एएसआई रवि शंकर कुमार सिंह आदि पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए कटोरिया अस्पताल ले गया और दोनों घायल युवक को सकुशल घर भेज दिया। इस संबंध में आनंदपुर थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ितों का आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा (भोजपुर)।** महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आरसीडब्ल्यूए 114 वाहिनी आरएएफ, कोईलवर द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हेड आरसीडब्ल्यूए रितु झा ने किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के भीतर कौशल विकास को बढ़ावा देना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में महिलाओं को बेकार पड़ी वस्तुओं को उपयोगी उत्पादों में बदलने की तकनीक सिखाई गई। पुराने कपड़े, प्लास्टिक और कागज जैसी सामग्रियों से घरेलू उपयोग की चीजें एवं सजावटी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, बल्कि कम लागत में आय के साधन विकसित करने पर भी जोर रहा। इस अवसर पर महिला कला केंद्र, भोजपुर की प्रमुख अनीता गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक गीता देवी और अन्य ट्रेनरों ने प्रतिभागियों को ऑर्गेनिक उत्पाद एवं हस्तशिल्प निर्माण की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के तरीके बताए, जिससे महिलाएं घर बैठे आय अर्जित कर सकें। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में नई राह मिली है। उन्होंने इस तरह की पहल के लिए आयोजकों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की मांग की। इस अवसर पर कावा की हेड रितु झा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत होना समाज के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और खुद के पैरों पर खड़ा होने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के उत्साह और सहभागिता की सराहना की गई। यह कार्यशाला महिलाओं के लिए सीखने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुई।

# संत जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल में विस्फोट, छात्र एवं अभिभावक भयभीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के संत जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल के बाथरुम में हुए भयंकर विस्फोट की आवाज से आसपास के मुहल्ले में हड़कंप मच गया। घटना शुक्रवार की सुबह उस समय हुयी जब स्कूल में तीसरी घंटी की पढ़ाई चल रही थी। जोरदार आवाज से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी दहशत में आ गये। एसडीपीओ वन विवेक दीप ने बताया कि डायल 112 पर फोन कर किसी व्यक्ति ने विस्फोट की सूचना दी थी। सूचना के आधार पर पुलिस व विधि विज्ञान प्रयोग शाला की टीम विद्यालय में जांच करने गयी थी। एसडीपीओ ने कहा कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम में शामिल विशेषज्ञ के अनुसार यह पटाखा का विस्फोट नही था। एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह विस्फोट आठवीं कक्षा के एक छात्र ने किया है। उसे भी मामूली जख्म होने की सूचना मिली है। विद्यालय प्रशासन द्वारा विस्फोट की सूचना पुलिस को नही दी गयी थी। अभिभावकों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल में तीसरी घंटी की पढ़ाई चल रही थी। इसी दौरान शौचालय से तेज विस्फोट की आवाज सुनायी दी। जिससे बच्चे दहशतजदा हो गये। विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों को कोई जानकारी नही दी गयी। बच्चे छुट्टी के वक्त विद्यालय से निकले तब उन्होंने अपने परिजनों को इस घटना की सूचना दी।

# आउटरीच कार्यक्रम से वित्तीय समावेशन को मिलता है बढ़ावा : अपर समाहर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा (भोजपुर)।** पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा एक भव्य रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के ग्राहकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला समाहर्ता डॉ. शशि शेखर उपस्थित रहें। जबकि प्रधान कार्यालय से पधारे उप महाप्रबंधक आलोक कपूर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्षता मंडल प्रमुख उत्पल कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों को पौधा एवं शॉल देकर स्वागत किया गया। मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने कहा कि यह आउटरीच कार्यक्रम बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक चन्द्र के दूरदर्शी विजन का परिणाम है, जिसे प्रत्येक तिमाही आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि रिटेल के साथ-साथ यह कार्यक्रम एमएसएमई एवं कृषि क्षेत्र में भी संचालित किया जाता है, जिससे बैंकिंग सेवाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह इस वित्तीय वर्ष का पहला आउटरीच कार्यक्रम है। उप महाप्रबंधक अलोक कपूर ने अपने उद्बोधन में ग्राहकों को आश्वस्त किया कि बैंक उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में और बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्य अतिथि अपर जिला समाहर्ता डॉ. शशि शेखर ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा आमजन को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने में सहायक होते हैं। चयनित ग्राहकों को विभिन्न रिटेल ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, ग्राहकों के साथ संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जाना गया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# डीडीसी ने की पीएचइडी विभाग की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भोजपुर की समीक्षा बैठक आयोजित उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भोजपुर की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंडों के लिए आवंटित चापाकल दल के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि चापाकलों के कार्यों का सतत पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा प्राप्त शिकायतों के आलोक में शत-प्रतिशत चापाकलों की मरम्मती शीघ्र कराई जाए, ताकि आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त, नल-जल योजना से अनाच्छादित वार्डों में निविदा प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने तथा क्रियानवित योजनाओं का सतत पर्यवेक्षण करते हुए कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया।

# वृहद आश्रय गृह में 55 बालकों का स्थानांतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना के तहत नरौली स्थित वृहद आश्रय गृह में बाल गृह का स्थानांतरण शनिवार को संपन्न हुआ। समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के निदेशानुसार जिला प्रशासन की देखरेख में यह प्रक्रिया 18 अप्रैल को पूरी की गई। विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बाल गृह के कुल 55 बालकों को विधिवत वृहद आश्रय गृह में स्थानांतरित किया गया। स्थानांतरण के दौरान सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। नए वृहद आश्रय गृह में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए भोजन, आवासन और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, कौशल विकास और खेलकूद गतिविधियों की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इससे बच्चों को एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को न सिर्फ संरक्षण देना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है।

## महिलाओं के अधिकारों को दबाने की कोशिश होगी नाकाम : रीमा सिंह

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता रीमा सिंह ने महिलाओं के अधिकारों को लेकर अपनी मजबूत प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सदन में सिर्फ एक प्रस्ताव नहीं रोका गया, बल्कि महिलाओं के अधिकारों को टालने की कोशिश की गई है। रीमा सिंह ने कहा कि आज की नारी अब कमजोर नहीं है और न ही खामोश रहने वाली है। महिलाएं हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ी रहती हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ समाज और देश के भविष्य निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आवाज को दबाने की हर कोशिश अब नाकाम होगी। यदि आज महिलाओं के अधिकारों को रोका गया है तो कल यही संघर्ष इतिहास रचेगा। समय बदल चुका है और अब हर अन्याय का जवाब मिलेगा।

रीमा सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकार लेकर रहेंगी। जब नारी संकल्प लेती है तो बदलाव निश्चित होता है। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर अपने हक और सम्मान के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# आरआईटीएम के द्वारा आयोजित किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**फारबिसगंज (अररिया)।** शनिवार को रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑफ मैनेजमेंट फारबिसगंज के द्वारा 10वीं और 12वी के मेधावी छात्र छात्राओं के लिए एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर 10वीं और 12वीं के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सीनियर आईपीएस ऑफिसर लेट्स इंस्पायर के बिहार संयोजक विकास वैभव ने अपने ओजस्वी संबोधन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने सपनों को जुनून के साथ साकार करने का साहस रखते हैं। समारोह के दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन एम पी रूंगटा ने कहा कि जीवन में चुनौतियां आएगी लेकिन आपका आत्मविश्वास और आपकी शिक्षा ही आपका सबसे बड़ा हथियार होगी। असफलता से घबराए नहीं बल्कि, उन्हें सीखने का अवसर माने। मार्गदर्शन और विजन की सराहना की गई जिनके नेतृत्व में संस्थान नए आयाम स्थापित कर रहा है। निर्देशक एमडीएमएस संजय प्रधान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षा के साथ साथ अपने मूल्यों और संस्कारों को कभी नहीं भूले। आपकी सफलता तभी सार्थक है जब वह आपके माता पिता आपके गुरुजनों और आपके संस्थान आरआईटीएम का नाम रौशन करे। प्रधानाचार्य डॉक्टर राशिद हुसैन ने अपने संस्थान की शैक्षणिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल आपको साक्षर बनाना नहीं है बल्कि आपको उन पंखों से लैस करना है जिससे आप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके। आप अपने रूचि में जुनून के साथ आगे बढ़े। वहीं प्रशासनिक अधिकारी एस बी कुमार ने छात्रों की परिश्रम और अनुशासन की प्रशंसा करते उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उक्त समारोह में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक और अतिथिगण मौजूद रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिससे विद्यार्थियों में नए उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मोहम्मद शहबाज, नटवर कल, संजय मेहता, वरुण कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितेश झा, मोना झा, स्नेहलता चौरसिया, प्रतीक प्रज्ञा, अभिषेक शर्मा, पंकज झा, नियाज़ अहमद, गौरव कुमार, इंदु कुमारी, अंजली कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। संस्थान के प्रबंधन ने आयोजन के सफलता के लिए सभी अभिवावकों और अतिथियों का आभार जताया।

# रास्ते पर पानी गिराने को लेकर मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमरपुर।** अमरपुर थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव में सार्वजनिक रास्ते पर पानी गिराने को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि छोटे भाई की पुत्री के स्नान के दौरान कुछ पानी रास्ते पर बह गया, इसी बात को लेकर बड़े भाई राजू पोद्दार उनके पुत्र छोटू एवं रंजन ने मारपीट की घटना कौ अंजाम दिया। जब बीज बचाव के लिए उनके माता-पिता पहुंचे तो उन पर भी हमला कर दिया। घटना में अमरेंद्र पोद्दार एवं गीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार की दोपहर करीब 1:00 बजे रेफरल अस्पताल में दोनों का प्राथमिक उपचार हुआ। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया पुलिस जांच में जुट गई है।

# युवक ने खाया कीटनाशक, गंभीर स्थिति में भागलपुर रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमरपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सहुआ गांव निवासी नरेश दास के पुत्र गौतम हरिजन ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

परिजनों ने आनन-फानन में उसे अमरपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने युवक के प्राथमिक उपचार के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया। जहां युवक की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार युवक की अपनी पत्नी से कुछ वाद विवाद हुआ इसी गुस्से में घर में रखा अनाज में देने वाला कीटनाशक खा लिया। हालांकि इस विषय में परिजन कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे थे। फिलहाल युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नारी शक्ति वंदन संशोधन...

संशोधन का विरोध करवाकर अनेक क्षेत्रीय दलों के भविष्य को अंधकार में धकेलने का षड़यंत्र किया है। कांग्रेस महिला शक्ति के नारे से ही नफरत करती है। वह हमेशा से ही महिला सशक्तीकरण को रोकने के षड़यंत्र करती रही है। हर बार कांग्रेस ने इसमें रोड़े अटकाएं हैं। इस बार भी कांग्रेस और उसके साथियों ने महिला आरक्षण को रोकने के लिए एक के बाद एक नए झूठ का सहारा लिया। कभी संख्या को लेकर, कभी किसी और तरीके से। कांग्रेस और उसके साथियों ने देश को गुमराह करने की कोशिश की। ऐसा कर के इन दलों ने भारत की नारी शक्ति के सामने अपना असली चेहरा सामने ला दिया है। अपना मुखौटा उतार दिया है। यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम सभी राज्यों की हर राज्य की शक्ति में समान वृद्धि का प्रयास था। यह संसद में सभी राज्यों की आवाज को अधिक शक्ति देने का प्रयास था। राज्य छोटा हो, बड़ा हो, राज्य की आबादी कम हो, ज्यादा हो। सबकी समान अनुपात में शक्ति बढ़ाने की कोशिश थी, लेकिन इस ईमानदार प्रयास की, कांग्रेस और उसके साथियों ने सदन में पूरे देश के सामने भ्रूण हत्या कर दी है। ये कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके जैसे दल इस भ्रूण हत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। ये देश की नारी शक्ति के अपराधी हैं। पीएम मोदी ने कहा सदन में नारी शक्ति वंदन संशोधन किसी से भी कुछ छीनने का नहीं था। यह हर किसी को कुछ न कुछ देने का था। देने के लिए यह संशोधन था। 40 साल से लटकी हुई नारी के हक को 2029 के अगले लोकसभा चुनाव से उसका हक देने का संशोधन था। नारी शक्ति वंदन संशोधन 21वीं सदी के भारत की नारी को नया अवसर देने, नई उड़ान देने, उसके सामने से बाधाएं हटाने का महायज्ञ था। देश की 50 फीसदी यानी आधी आबादी को उसका अधिकार देने का साफ नीयत के साथ, ईमानदारी के साथ किया गया, एक पवित्र प्रयास था। नारियों को भारत की विकास यात्रा में सहयात्री बनाने और सबकुछ जोड़ने का प्रयास था। नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग है। पीएम मोदी ने हा कि कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फॉर ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है। महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर के विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। इन दलों ने संविधान निर्माता की भावनाओं का भी अपमान किया है। और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वे बच नहीं पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्मसम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं। जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। इस बार भी यही हुआ है। कंाग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

### राज्य के बाहर मजबूत...

तथा आपदा प्रबंधन एवं वीआईपी उड़ान सेवाओं के संचालन जैसे प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा बिहार में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्त्वाकांक्षी नीति लागू की गई है जिसके तहत पटना एवं गया से विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं प्रारंभ करने हेतु समुचित कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एरोसिटी के विकास की दिशा में भी ठोस पहल की जा रही है जिसके अंतर्गत प्रमुख हवाई अड्डों के आसपास वाणिज्यिक, आतिथ्य, लॉजिस्टिक्स एवं पर्यटन आधारित अवसंरचना विकसित करने की योजना है। साथ ही, राज्य के छोटे एवं क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में हवाई अड्डों के विकास को लेकर एक प्लान तैयार करें। सेफ्टी और क्वालिटी को लेकर विशेष ध्यान दें। उड़ान योजना के तहत हवाई अड्डों के उन्नयन, रन-वे विस्तार, टर्मिनल निर्माण एवं संचालन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर हवाई संपर्कता प्राप्त होगी तथा क्षेत्रीय संतुलित विकास को गति मिलेगी। बिहार सरकार राज्य में हवाई संपर्कता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन एवं निवेश को भी प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न हवाई अड्डों के विकास, एरोसिटी परियोजनाओं एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत से राज्य की आर्थिक एवं पर्यटन क्षमता को नई गति मिलने की उम्मीद है। समीक्षा के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 11 सैटेलाइट/ग्रीनफील्ड टाऊनशिप के विकास के रोडमैप के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सैटेलाइट टाऊनशिप क्षेत्र के विस्तार के लिये पर्याप्त जगह रखी जा रही है। लोक संरचनाओं- रोड, ड्रेनेज आदि के लिये सरकार निवेश करेगी। शहर का विकास मास्टर प्लान के ग्रिड के अनुसार निजी निवेश के द्वारा किया जायेगा, जिसके तहत न्यूनतम 55 प्रतिशत जमीन भूमि मालिकों को वापस कर दी जायेगी। देश में अन्य जगहों पर इस प्रणाली से शहरों का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए तेजी से काम करना होगा। शहरों के विस्तारीकरण के लिए लॉन्ग टर्म प्लानिंग के लिए काम करें। साफ-सफाई, यातायात, शहरों के विस्तार को लेकर जो अर्बन नक्शा बनाएं उसको डिजिटलाइज कर लोगों को जानकारी में दें। राज्य में विकास के कई कार्य किए गए हैं। गांव में सारी सुविधायें विकसित की गई हैं। लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, नगर एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, सिविल विमानन विभाग के सचिव निलेश रामचंद्र देवरे, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बीआरबीसीएल के नवीनगर...

में भी कंपनी को पीआरसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स में चार सम्मान प्राप्त हुए हैं। सामाजिक दायित्वों के तहत बीआरबीसीएल द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए श्री देहुरी ने बताया कि परियोजना प्रभावित गांवों में सड़क निर्माण, सोलर हाई मास्ट लाइट की स्थापना, पांच डायग्नोस्टिक सेंटर निर्माण एवं आईटीआई की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही टीबी मरीजों के लिए न्यूट्रिशन किट वितरण एवं बालिकाओं के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान जैसे कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जनजातीय समुदाय के 51 परिवारों को सोलर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ये परिवार विद्युत सुविधा से वंचित थे। प्रेस वार्ता में महाप्रबंधक (ओ एंड एम) एसके सुधाकर, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष उपाध्याय भी उपस्थित थे।

# सूबे में प्रशासनिक तंत्र को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ मुख्यमंत्री के सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्रवार जन-संवाद को सुदृढ़ करना तथा प्रखण्ड, अंचल एवं थाना स्तर पर प्रशासनिक एवं विधि-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सचिव द्वारा जन-संवाद कार्यक्रमों के नियमित एवं प्रभावी संचालन पर विशेष बल दिया गया ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, प्रखंड, अंचल एवं थाना स्तर पर कार्यप्रणाली को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील एवं परिणामोन्मुख बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सचिव ने सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रीय पदाधिकारियों के माध्यम से आम जनता के साथ नियमित संवाद स्थापित करें, प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें तथा प्रशासनिक तंत्र को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएं। इसके अतिरिक्त, विधि-व्यवस्था के बेहतर संधारण हेतु समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर भी विशेष बल दिया गया। उक्त बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल उपस्थित रहे। बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है ताकि जन-सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाया जा सके।

### एनटीपीसी ने 120 ग्रामीण छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण,

# लड़कियों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण : डीएम

## बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है नबीनगर एनटीपीसी : एलके बेहेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत 120 ग्रामीण बालिकाओं के बीच साइकिलों का वितरण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने तथा उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है जिससे वे नियमित रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में भाग ले सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि यह पहल आप सभी बालिकाओं के लिए एक नई शुरुआत है। आप सभी को आगे भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखनी है। उन्होंने कहा कि जब एक लड़की पढ़ती है तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है। एक शिक्षित बेटी अपने परिवार को संभालती है और उसे आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए लड़कियों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कई तरह की कठिनाइयां और बाधाएं आएंगी, लेकिन उनसे घबराने या हार मानने की आवश्यकता नहीं है। अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता की कुंजी है। दृढ़ निश्चय और मेहनत के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने एनटीपीसी से अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उक्त योजना से लाभान्वित सभी बालिकाएं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हैं, जिन्होंने वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के दौरान एनटीपीसी नबीनगर द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान में भाग लिया था। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर द्वारा प्रत्येक वर्ष सीएसआर के अंतर्गत 'बालिका सशक्तिकरण मिशन' कार्यशाला का आयोजन किया जाता है, जिसमें चयनित मेधावी बालिकाओं को एनटीपीसी टाउनशिप में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कराटे, योग, अंग्रेज़ी, विज्ञान एवं कंप्यूटर जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उनके समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एलके बेहेरा ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है तथा इस प्रकार की पहले ग्रामीण समुदाय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा। एनटीपीसी नबीनगर, राज्य की एक प्रमुख विद्युत उत्पादन इकाई होने के साथ-साथ ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर आयोजित वितरण समारोह में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, एनटीपीसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रक का टायर फटने से वृद्ध की मौत, दो जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के जनकोप मोड़ के पास ट्रक का टायर फटने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो ऑटो सवार घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया। मृतक की पहचान रिसियप के सनथुआ निवासी 60 वर्षीय देव सुंदर यादव के रूप में हुई है। घायलों में कुटुंबा के महाराजगंज निवासी मुमताज आलम एवं आलमगीर शामिल है। इसके बाद स्थानीय पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी गई। टीम के पहुंचने के बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक एनएच-19 पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष एवं बीडीओ मौके पर पहुंचे। परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। करीब एक घंटे के बाद यातायात सामान्य हो सका। इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद सनथुआ गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। एक बेटा और एक बेटी की शादी हो चुकी है। थानाध्यक्ष के अनुसार सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय अंतर्गत संचालित श्री सीमेंट फैक्ट्री में अग्निशमन सेवा एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में औद्योगिक क्षेत्रों में संभावित अग्निकांड से बचाव एवं त्वरित नियंत्रण हेतु एक व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल के दौरान अग्निकांड की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों, त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही फैक्ट्री कर्मियों एवं उपस्थित श्रमिकों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकासी, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा आपदा के समय संयम बनाए रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक, लालकेश्वर प्रसाद, रामाकांत सिंह, भृगुशंकर रजक, सुजीत कुमार, मंजीत कुमार पाण्डेय, अमिषा कुमारी सहित श्री सीमेंट फैक्ट्री के पदाधिकारी एवं मजदूर उपस्थित रहे।

# इंडी गठबंधन का महिला विरोधी चरित्र उजागर : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं परिसीमन संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण संविधान संशोधन प्रस्तावों को पारित नहीं होने देने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस दिन को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। सुशील कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने मिलकर इस विधेयक को रोकने का काम किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस प्रस्ताव का न केवल विरोध किया गया, बल्कि सदन में इसका मजाक उड़ाया गया और कुछ सदस्यों द्वारा जश्न भी मनाया गया, जो नारी शक्ति का घोर अपमान है। उन्होंने बताया कि संसद के विशेष सत्र के दौरान एनडीए सरकार द्वारा लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण प्रदान करना था। उनके अनुसार, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने इस विधेयक के विरोध में मतदान कर अपने महिला विरोधी चरित्र को उजागर कर दिया है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह विधेयक केवल एक कानूनी प्रस्ताव नहीं था बल्कि नारी शक्ति को अधिकार देने और उन्हें सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अंतरात्मा की आवाज सुनने की अपील की थी, लेकिन विपक्ष ने संकीर्ण राजनीतिक सोच का परिचय देते हुए महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास को विफल कर दिया। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि विपक्ष के इस निर्णय से उनकी कथनी और करनी के बीच का अंतर स्पष्ट हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए सरकार नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी लड़ाई आगे भी जारी रखेगी। उन्होंने आगामी 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि ही नहीं बल्कि हर चुनाव और हर स्तर पर विपक्ष को इस निर्णय की कीमत चुकानी पड़ेगी।

# दहेज हत्या मामले में आरोपित पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दहेज हत्याकांड में फरार एक अभियुक्त को गोह पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के चमनपुरा गांव निवासी लालू यादव है। इस संबध में देवकुंड थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव निवासी मृतका के भाई प्रमोद कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया था। उसने आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उसकी बहन संजू देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। सामाजिक और परिवारिक स्तर पर समझौते से कोई फायदा नहीं हुआ और अंततः 17 जनवरी को उसकी हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना के बाद से अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने अभियुक्त को घर से गिरफ्तार कर लिया।

# शौच के दौरान नदी में डूबने से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना पौथू थाना क्षेत्र के मंझौली गांव के समीप मंझौली नदी की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी संतोष कुमार रविदास के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार रविदास शुक्रवार की रात शौच के लिए नदी की तरफ गया था जहां अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी परिजनों को तब हुई जब खोजबीन के दौरान शनिवार की अहले सुबह नदी की ओर पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। बताया जाता है कि मृतक के दो-तीन बच्चे हैं। इस हादसे के बाद वे अनाथ हो गए। मृतक अत्यंत गरीब है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के पचरुखिया-देवहरा मुख्य मार्ग पर महमदपुर गांव में शुक्रवार की मध्य रात्रि में रोड में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान महमदपुर गांव के ही 44 वर्षीय धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई। जानकारी अनुसार धर्मेंद्र यादव दो भाइयों में बड़े थे। वे अपने परिवार संग हसपुरा के मिल्लत कॉलोनी में किराये के मकान में रहते थे तथा दाउदनगर में ताईदी का काम कर परिवार का जीवकोपार्जन करते थे। मिली जानकारी के अनुसार घटना की रात वे नशे की हालत में गांव के मुख्य सड़क पर स्थित मंदिर के पास अपनी बाइक को खड़ी कर मंदिर प्रांगण में सोए हुए थे। मध्य रात्रि में उनके साथ क्या हादसा हुआ, यह किसी ने नहीं देखा। कयास लगाया जा रहा है कि मुख्य सड़क होने की वजह से कोई अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया होगा। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मध्य रात्रि में गश्ती गाड़ी द्वारा सूचना मिली कि एक घायल व्यक्ति सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। सूचना के बाद उसे उठाकर हसपुरा अस्पताल लाया गया जहां सुबह में उनकी मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण
हमारी जनगणना हमारा विकास
गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते
(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)
स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं
स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है
स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें
अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है
क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा
क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है
यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है
क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं
CBC 19108/13/0041/2627
टोल फ्री - 1855
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MIN STRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT
Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy, DY Yoga, DAYS Acupressure Yoga, DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine, DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet, BTMS Traditional Medicine, BAYS Acupressure Yoga, BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine, MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।